* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 228

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को भेजे मीठे आम

नीतीश की एकता मीटिंग 23 जून को

पटना (आजाद सिपाही)। विपक्षी एकता पर भाजपा विरोधी दलों की बैठक अब 23 जून को बिहार की राजधानी पटना में होगी। इसमें शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे और राहुल गांधी सहित सभी विपक्षी दलों के प्रमुख ने सहमति दे दी है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने 5, देशरत्न मार्ग स्थित सरकारी आवास में यह जानकारी दी। जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने बताया कि सभी विपक्षी दलों के नेताओं की सहमति प्राप्त हो गई है। पहले यह बैठक 12 जून को होनी थी। इस तिथि में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और विपक्षी नेताओं को असुविधा हो रही थी। इसलिए तय हुआ है कि 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक होगी।

सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन और राज्य सरकार के टकराव पर रखी बेबाक राय

राज्य सरकारों के रहमो-करम पर नहीं चलेगा संविधान : राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा

- नीतिगत मामलों में नहीं होता है हस्तक्षेप
- किसी को भी लक्ष्मण रेखा नहीं लांघनी चाहिए
- झारखंड का विकास मेरी पहली प्राथमिकता
- सीएम मामले में चुनाव आयोग का पत्र अभी नहीं देखा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि देश का संविधान राज्य सरकारों के रहमो-करम पर नहीं चल सकता। राज्य सरकारों और राज्यपाल के बीच टकराव के सवाल पर राज्यपाल ने कहा कि शक्तियों की एक लक्ष्मण रेखा होती है और उसे किसी को पार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा : मैं मानता हूं कि राज्य सरकारें राज्यपाल की दया पर नहीं चलेंगी, लेकिन यह भी जोड़ना चाहूंगा कि फिर देश का संविधान भी राज्य सरकारों के रहमो-करम पर नहीं चलेगा। यदि राज्य सरकार लक्ष्मण रेखा लांघती है, तो फिर राज्यपाल को कदम उठाना होगा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अंग्रेजी समाचार पत्र 'हिन्दुस्तान टाइम्स' की वेबसाइट के साथ खास बातचीत में यह बात कही। इसके अलावा उन्होंने आरक्षण बिल को वापस करने, मुख्यमंत्री से जुड़े खनन पट्टा लीज मामले में चुनाव आयोग की राय और राज्य सरकार और राजभवन के बीच संभावित टकरावों पर बेबाकी से अपनी राय रखी।

तीन महीने के कार्यकाल में केंद्र से नहीं मिला निर्देश : केंद्र के निर्देश पर राज्य सरकारों को राज्यपाल द्वारा परेशान करने के आरोपों पर सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड के 11वें गर्वनर के रूप में मैंने तीन महीने का कार्यकाल पूरा किया है। एक भी ऐसा उदाहरण नहीं है, जब मुझे केंद्र से कोई निर्देश प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जहां तक बात राजभवन और राज्य सरकार के बीच कार्यों के समीकरण की बात है, तो किसी को भी लक्ष्मण रेखा नहीं लांघनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि संविधान में राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का स्पष्ट बंटवारा है। किसी को भी इसका अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। हाल ही में दिल्ली में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि राज्य सरकारों को राज्यपाल की दया पर नहीं होना चाहिए। इस पर टिप्पणी करते हुए राज्यपाल ने कहा कि संविधान भी राज्य सरकारों की दया पर नहीं चलेगा।

सरकार के नीतिगत मामलों में दखल नहीं देते राज्यपाल : झारखंड की गठबंधन सरकार द्वारा नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप के आरोपों पर राज्यपाल ने कहा कि यह बिलकुल झूठ है। आरक्षण बिल लौटाने के फैसले को सही ठहराते हुए सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमें देखना होगा कि जो भी कानून बन रहा है, वह संविधान की कसौटी पर खरा उतरता है या नहीं। उन्होंने कहा कि आरक्षण विधेयक में राज्य में कुल आरक्षण 77 फीसदी किया गया, जबकि इसकी सीमा 50 फीसदी तक ही है। इस मुद्दे पर राजभवन द्वारा अटॉर्नी जनरल की राय ली गयी है। उनके सुझाव पर ही बिल लौटाया गया है। यदि राज्य सरकार को हमारा फैसला सही नहीं लगता, तो वह खुद अटॉर्नी जनरल से दूसरी राय लें और उनके अनुसार ही बिल में संसोधन करें। हालांकि, अभी तक राज्य सरकार का पक्ष नहीं सुना गया है।

सीएम हेमंत के खनन पट्टा लीज पर लेंगे फैसला

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े खनन पट्टा लीज मामले में चुनाव आयोग के लिफाफे पर राजभवन द्वारा कोई निर्णय नहीं लिये जाने पर सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राज्य का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। जहां तक बात चुनाव आयोग के पत्र की बात है, तो अभी मैंने उस मुद्दे पर गौर नहीं किया है। उचित समय आने पर फैसला लूंगा। पूर्ववर्ती राज्यपाल द्वारा कानूनी राय लेने की वजह से देरी को लेकर राज्यपाल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कोई असामान्य देरी हुई है। उन्होंने कहा कि मैंने अभी नहीं देखा कि इस विषय में क्या कानूनी राय ली गयी है। सही समय पर फैसला लूंगा। उन्होंने कहा कि शासन में राजभवन की अहम भूमिका है। राज्य सरकार को जहां जरूरत होगी, मैं फीडबैक दूंगा।

अमित अग्रवाल पूछताछ के लिए हिरासत में

- जमीन मामले में अमित अग्रवाल से इडी करेगी पूछताछ
- पहले भी इस मामले में हो चुकी है पूछताछ
- अधिवक्ता राजीव कुमार मामले में जमानत पर हैं अमित अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली 4.83 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को कारोबारी अमित अग्रवाल से पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक उन्हें सिलिगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे से इडी ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। उन्हें रांची लाया जायेगा। इसके बाद पूछताछ होगी।

गौरतलब है कि अमित अग्रवाल को इडी ने एक अन्य मामले (अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख घूस देने) में बीते साल गिरफ्तार किया था। वह इस मामले में जमानत पर हैं। इस बीच उनके खिलाफ एक नया ममाला सेना भूमि घोटाला आ गया। इसमें नये सिरे से उनकी भूमिका की जांच करते हुए इडी की दबिश एक बार फिर बढ़ गयी है। गौरतलब है कि रांची में भारी पैमाने पर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में भी अमित अग्रवाल की भूमिका की इडी जांच कर रही है।

इडी को शक है कि संथाल क्षेत्र में एक हजार करोड़ के अवैध खनन में मिले काले धन को अमित अग्रवाल ने जमीन की खरीद-बिक्री में खपाया है। इसी कालेधन का प्रयोग रांची में सेना की जमीन समेत अन्य जमीनों के घोटाले में उपयोग किया गया है। इस मामले में इडी अनुसंधान कर रही है। इडी को शक है कि अमित अग्रवाल ने बड़े नेताओं-नौकरशाहों के काले धन को सफेद बनाने के लिए जमीन की खरीद-बिक्री में भी निवेश किया है। इसी मामले को लेकर इडी उनसे पूछताछ कर रही है। जिस तरह से उन्हें हवाई अड्डे से पूछताछ के लिए लाया गया, उसे देखते हुए उनकी गिरफ्तारी कभी भी होने की संभावना जातायी जा रही है।

प्रिंसिपल की तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने आठ को रौंदा, चार की मौत

घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

बस पलटने से दो दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल

गढ़वा/कांडी (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला के घोड़दाग मोड़ के समीप बुधवार की सुबह कांडी से गढ़वा जा रही सिंगारा नामक बस अनियंत्रित होकर 10 फिट गहरी खाई में जा गिरी। इससे लगभग दो दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों और बस मे सवार यात्रियों के अनुसार चालक की लापरवाही की वजह से बस खाई में गिरी। घायलों ने आरोप लगाया कि चालक नशे में धुत था। स्थानीय लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

गुमला/बसिया। गुमला जिला के कामडारा थाना मुख्यालय में बुधवार को सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गयी। चार लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी अनुसार संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा रांची के प्रिंसिपल इनोवा क्रिस्टा गाड़ी से सिमडेगा से रांची की ओर जा रहे थे। तेज गति के कारण कामडारा बैंक ऑफ इंडिया के पास चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। गाड़ी विपरीत दिशा में किनारे की गुमटी से टकरायी और वहां आठ लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इनमें चार लोगों की मौत गयी और चार लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है।

मृतकों में तीन महिलाएं शामिल : प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी की चपेट में आने से कामडारा सुरहु निवासी 55 वर्षीय कृपा सुरीन और 30 वर्षीय बेरतिला बारला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं इलाज के क्रम में कामडारा निवासी गुमटी संचालक 40 वर्षीय ज्योति इंदवार और कामडारा बरटोली निवासी रिटायर्ड आर्मीमैन 65 वर्षीय बसंत नाग की मौत हो गयी। गाड़ी की टक्कर से ज्योडेन नाग, उनकी पत्नी लुसिया टोपनो, सुरहु निवासी एरिना सुरीन और कामडारा बरटोली निवासी जिरामनी केरकेट्टा घायल हो गये। सभी घायलों को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स भेज दिया गया।

चालक के संबंध में पुलिस को जानकारी नहीं : घटना की सूचना पाकर प्रमुख सुनील सुरीन, कामडारा बीडीओ रविंद्र कुमार गुप्ता, सीओ दीप्ति प्रियंका कुजूर, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, निकोलस मुंडा समेत अनेक लोग जुट गये। दुर्घटना के बाद इनोवा क्रिस्टा में सवार सभी यात्री अपने गंतव्य को चले गये। इस संबंध में कामडारा थाना प्रभारी कौशलेंद्र ने कहा कि चालक का नाम पता भी उन्हें नहीं मालूम है। जानकारी अनुसार कार सवार रांची हवाईअड्डा के लिए निकले थे, जिसको देखते हुए प्रशासन द्वारा सभी को जाने दिया गया।

लव-जिहाद मामले में मॉडल का सदर अस्पताल में मेडिकल टेस्ट

- यश मॉडलिंग एजेंसी के संचालक तनवीर अख्तर पर है आरोप
- तनवीर के नेपाल फरार होने का अंदेशा, पुलिस कर रही तलाश
- मॉडल ने पुलिस को सौंपे सबूत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बिहार के भागलपुर की युवती से मॉडलिंग के नाम पर रेप करने और लव-जिहाद मामले में नया मोड़ आया है। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को मॉडल का बयान दर्ज किया और सदर अस्पताल में मेडिकल टेस्ट कराया। मॉडल ने तनवीर के खिलाफ कई सबूत पुलिस को सौंपे हैं। उधर, आरोपी तनवीर नेपाल फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

यश बन कर दिया धोखा: गौरतलब है कि मॉडल मानवी राज सिंह ने रांची की यश मॉडलिंग कंपनी के संचालक तनवीर अख्तर खान उर्फ यश के खिलाफ दुष्कर्म, अश्लील तस्वीरों से ब्लैकमेलिंग, धर्मांतरण कर जबरन शादी का दबाव बनाने और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पहले मुंबई के वर्सोवा थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी। इसे बाद में रांची के गोंदा थाना पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया। गोंदा पुलिस मॉडल से पूछताछ करने मुंबई गयी थी। इसी क्रम में मानवी बुधवार को गोंदा थाना पहुंची।

पुलिस ने बयान किया दर्ज: प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने मानवी का बयान दर्ज कर लिया है। उसने आरोपी के खिलाफ ठोस सबूत सौंपे। मॉडल ने पुलिस को कई जानकारियां दी। इसके बाद पुलिस मॉडल को अपने साथ लेकर सदर अस्पताल पहुंची। वहां मेडिकल टेस्ट कराया गया।

आरोपित तनवीर अख्तर नेपाल फरार

सूत्रों के मुताबिक इस बीच आरोपित तनवीर अख्तर नेपाल भाग गया है। उसने रांची से बिहार के गया और पूर्णिया-अररिया के रास्ते बॉर्डर पार किया है। उसका कोई परिचित भी उसके साथ है। उसने मोबाइल फोन भी बंद कर लिया है। वहीं पुलिस की टीम आरोपी के बिहार के शेरघाटी स्थित पैतृक गांव में दबिश दे रही है। उसके परिजनों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

मणिपुर में मां-बेटे समेत तीन को जिंदा जलाया

- हिंसा में गोली लगने के बाद एंबुलेंस से अस्पताल जा रहे थे

आजाद सिपाही संवाददाता

इंफाल। मणिपुर की राजधानी इंफाल में तीन मई से मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हिंसक झड़प हो रही है। इस बीच बुधवार को भीड़ ने मां-बेटे समेत दो महिलाओं को जिंदा जला दिया है। तीनों को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में करीब दो हजार लोगों की भीड़ ने उन पर हमला कर दिया और गाड़ी में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, बाद में राख से सिर्फ हड्डियां मिलीं। मृतकों की पहचान सात साल के टांसिंग हैंगिंग, उनकी मां मीना हैंगिंग और उनकी रिश्तेदार लिडिया लौरेंबम के रूप में की गयी है। मारे गये तीनों लोग तीन मई से असम राइफल्स कैंप में रह रहे थे। यह जगह इंफाल से लगभग 15 किमी दूर पश्चिम कांगचुप में है। एक अधिकारी के मुताबिक इस कैंप में कई कुकी परिवारों ने शरण ली है। यहां कभी-कभार बाहर से फायरिंग होती है। आरोप है कि मैतेई समुदाय के लोग कैंप को निशाना बनाते हैं। रविवार को ऐसे ही एक हमले में ये तीनों घायल हो गये थे। इसके बाद कैंप के अधिकारियों ने इंफाल पश्चिम के एसपी इबोंचा सिंह से संपर्क किया और उनसे पीड़ितों को अस्पताल ले जाने की अपील की। एसपी की निगरानी में मरीजों और एक नर्स को लेकर एंबुलेंस कैंप से रवाना हुई, लेकिन एंबुलेंस के साथ सिक्योरिटी नहीं थी। एंबुलेंस आधे रास्ते ही पहुंची थी कि हिंसक भीड़ ने हमला किया और गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। इस अग्निकांड में बेटे के साथ मारी गयी महिला मैतेई समुदाय से थी, जिसने शादी एक कुकी के साथ की थी।

खरीफ फसलों पर एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी

- केंद्रीय कैबिनेट ने लिया फैसला
- गुरुग्राम मेट्रो नेटवर्क को लेकर बड़ा ऐलान

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2023-24 के लिए खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। यह कदम उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दी।

सरकार के इस फैसले से सूरजमुखी, धान और कपास, मूंगफली और सोयाबीन उगाने वाले किसानों को भी फायदा पहुंचेगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार मूंग दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक 10.4 प्रतिशत, मूंगफली पर नौ प्रतिशत, सेसम पर 10.3 प्रतिशत, धान पर सात प्रतिशत, ज्वार, बाजरा, रागी, मेज, अरहर दाल, उड़द दाल, सोयाबीन, सूरजमुखी बीज पर वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए लगभग छह-सात प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। कैबिनेट ने धान का एमएसपी 143 रुपये बढ़ाकर वर्ष 2023-24 के लिए 2183 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुग्राम के हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक मेट्रो कनेक्टिविटी को मंजूरी दे दी है। इस पूरी तरह से एलिवेटेड परियोजना पर 5452 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी के बीच मेट्रो 28.50 किलोमीटर की दूरी कवर करेगी। इस बीच में 27 स्टेशन होंगे। यह पूरी परियोजना एलिवेटेड होगी, जिसमें डिपो से कनेक्टिविटी के लिए बसई गांव से एक साइड लाइन भी होगी। परियोजना को मंजूरी की तारीख से चार साल में पूरा करने का प्रस्ताव है और इसे हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) द्वारा लागू किया जायेगा। मंजूरी आदेश जारी होने के बाद एचएमआरटीसी को केंद्र और हरियाणा सरकारों के 50:50 स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) के रूप में स्थापित किया जायेगा।

सर्राफा

सोना (बिक्री)	56,800 रु./10 ग्राम
चांदी	76,000 रु./प्रति किलो

चुनावी मोड में आयी भाजपा, दिया बदलाव का संकेत

■ शीर्ष नेतृत्व के 'महामंथन' से पार्टी के भीतर पैदा हुई नयी हलचल

■ विभिन्न राज्यों में आंतरिक गुटबाजी खत्म करने पर होगा पहला जोर

■ मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की रणनीति का खाका हुआ तैयार

अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा में शीर्ष स्तर पर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने पिछले दो दिन में दो बार मैराथन बैठक कर चुनावी तैयारियों से जुड़े संगठनात्मक पहलुओं को लेकर विस्तार से चर्चा की है। इन तीनों की पहली बैठक सोमवार देर रात भाजपा मुख्यालय के केंद्रीय कार्यालय में हुई। कई घंटे चली इस मैराथन बैठक के बाद तीनों नेता मंगलवार को फिर से बैठे। चूंकि कर्नाटक चुनाव में बीएल संतोष मुख्य रणनीतिकार थे, लिहाजा इस पर भी गौर फरमाया गया कि वहां पार्टी की तरफ से किस तरह की कमी रह गयी थी। इस 'महामंथन' ने पार्टी के भीतर नये किस्म की हलचल मचा दी है। इस बैठक को लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर पार्टी को नया रूप-रंग और कलेवर देने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर कई प्रदेशों में संगठन में बदलाव का खाका तैयार किया गया है, जिसकी घोषणा पार्टी आनेवाले दिनों में कर सकती है। इसके अलावा बैठक में महसूस किया गया कि यूपी और गुजरात को छोड़ लगभग सभी राज्यों में पार्टी के भीतर गुटबाजी व्याप्त है, जो हाल के दिनों में हिमाचल और कर्नाटक में पार्टी की पराजय का प्रमुख कारण बनी थी। बैठक में इस गुजबाजी को दूर करने के उपायों पर भी गौर किया गया। इसके लिए सबसे पहले मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर भाजपा को ध्यान देना है, जहां इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा के 'मिशन 2024' के तहत शीर्ष नेतृत्व का यह 'महामंथन' आनेवाले दिनों में अपना असर जरूर दिखायेगा। इस बैठक और राज्यों में भाजपा की अंदरूनी स्थिति का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

देश में 17वें आम चुनाव में अब एक साल से भी कम का वक्त बच गया है। इसलिए पार्टियों की चुनाव मशीनरी भी सक्रिय हो गयी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सत्ता लगातार तीसरी बार हासिल करने के लिए दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ गयी है। चुनाव जीतने के लिए इस बार भाजपा कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहती। इसके मद्देनजर पिछले दो दिन में पार्टी के तीन शीर्ष नेताओं ने दो दौर में 15 घंटे तक दिल्ली में बैठक की। इस 'महामंथन' का उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी की संगठनात्मक कमजोरियों को पहचान कर उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार करना था। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष शामिल हुए। बैठक में कई प्रदेशों में संगठनात्मक बदलाव के अलावा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की टीम में खाली पदों को भरने के साथ ही दायित्वों में भी बदलाव करने की रूपरेखा तैयार की गयी है। इसके तहत विभिन्न राज्यों में व्याप्त आंतरिक गुटबाजी को दूर करने के उपाय करने पर विचार किया गया। इसके अलावा देशभर से कुछ नये चेहरों को राष्ट्रीय टीम में शामिल किये जाने के संकेत दिये गये। बैठक के बाद जो संकेत मिले हैं, उनके अनुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने और साथ ही ज्यादा सक्रिय बनाने के लिए कई प्रदेशों के प्रभारी भी बदले जा सकते हैं।

सबसे पहले तीन चुनावी प्रदेशों में होगा बदलाव

भाजपा के लिए पहली चुनौती मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ है, जो अगले चुनावी राज्य हैं, जहां इसी वर्ष विधानसभा का चुनाव होना है। मध्यप्रदेश में अभी भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करना है, क्योंकि भाजपा ने मार्च 2020 में कमलनाथ की कांग्रेस सरकार गिरने से एक महीने पहले 15 फरवरी 2020 को लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया था, जिनका तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। बताया जा रहा है कि पार्टी आलाकमान जल्द ही मध्यप्रदेश के नये प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही कई अन्य प्रदेशों में भी नये प्रदेश अध्यक्षों के नाम का एलान कर सकती है। भाजपा के लिए ये तीनों राज्य लोकसभा चुनाव के हिसाब से भी काफी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि तीनों राज्यों की कुल 65 लोकसभा सीट में से 62 पर अभी भाजपा का कब्जा है। लेकिन तीनों ही राज्यों में भाजपा नेताओं के बीच गुटबाजी चरम पर है। इनमें सबसे ज्यादा गुटबाजी राजस्थान में है। वहां भाजपा की सबसे मजबूत नेता वसुंधरा राजे सिंधिया हैं। वह अपनी मर्जी से राजनीति करती हैं। 2014 के बाद से वह अपने तौर पर लगातार आलाकमान से टक्कर लेती रही हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने राजस्थान में गुटबाजी खत्म करने के लिए कई नेताओं को आगे किया और कई नेताओं को केंद्रीय मंत्री बना कर वसुंधरा राजे को संदेश देने की कोशिश की। इन नेताओं में पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौर और वर्तमान केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हैं। वहीं वसुंधरा राजे के खिलाफ खुल कर बोलनेवाले नेता सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया। उनका कार्यकाल दिसंबर 2022 में पूरा हो गया था, फिर भी उन्हें चुनाव तक रखने की बात चल रही थी। वसुंधरा राजे गुट के कड़े विरोध के बाद मार्च में उन्हें हटाया गया। वसुंधरा राजे सिंधिया का राजस्थान में दबदबा तो है, लेकिन पार्टी का एक बड़ा खेमा अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा है। इस खेमा का मानना है कि वसुंधरा राजे की कार्यशैली के कारण ही राजस्थान में भाजपा को सत्ता गंवानी पड़ी। उनके अड़ियल रवैये के कारण पार्टी कार्यकर्ता नाराज हो गये थे।

मध्यप्रदेश में भी भाजपा की ऐसी ही हालत है। केंद्रीय नेतृत्व काफी लंबे समय से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को हटा कर अपने किसी पसंदीदा नेता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रहा है। केंद्रीय नेतृत्व के पसंदीदा नेताओं में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर शामिल हैं। कांग्रेस से सिंधिया के बगावत के बाद जब मार्च 2020 में दोबारा भाजपा की सरकार बननेवाली थी, उस समय शिवराज चौहान को बदलने की चर्चाएं चल रही थीं, लेकिन भारी संख्या में विधायक शिवराज के साथ खड़े हो गये। ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में आने के बाद गुटबाजी और तल्खी और बढ़ गयी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को नया वर्ग पसंद कर रहा है, लेकिन शिवराज सिंह चौहान उन्हें किसी भी हाल में आगे बढ़ने देना नहीं चाहते। उधर छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को केंद्रीय नेतृत्व अब पहले जैसा भाव नहीं दे रहा है। आलाकमान का मानना है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की हार का एक बड़ा कारण डॉ रमन सिंह थे, जो कांग्रेस की आक्रामक राजनीति के सामने ठहर नहीं सके। हालांकि रमन सिंह पर भ्रष्टाचार के छींटे नहीं हैं, लेकिन मौजूदा राजनीति में उनकी उम्र आड़े आ रही है।

भाजपा नेतृत्व को पता है कि वर्तमान में उत्तरप्रदेश और गुजरात को छोड़ कर करीब सभी बड़े राज्यों में पार्टी के भीतर गुटबाजी शुरू हो गयी है। उत्तरप्रदेश में भी गुटबाजी है, लेकिन वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्पष्ट निर्णय लेने की क्षमता और अपनी आक्रामक कार्यशैली से अब निर्विवाद रूप से भाजपा के सबसे बड़े नेता बन चुके हैं। गुजरात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का गृह राज्य है, इसलिए फिलहाल यहां राज्यस्तरीय नेताओं के बीच गुटबाजी की कोई गुंजाइश नहीं है। पार्टी को इस बात का एहसास है कि गुटबाजी भाजपा के घर में भी प्रवेश कर गयी है। हिमाचल और कर्नाटक में भाजपा के हारने की वजह सत्ता विरोधी लहर के अलावा आंतरिक गुटबाजी भी रही।

भाजपा का चुनावी मोड में आना और इतनी गंभीरता से संगठनात्मक पहलुओं पर विचार करना साबित करता है कि पार्टी अगले चुनाव में कोई भी रिस्क लेने के मूड में नहीं है। पार्टी उन राज्यों पर विशेष फोकस कर रही है, जहां उसकी सरकार नहीं है, लेकिन संगठन तुलनात्मक रूप से अच्छा काम कर रहा है। बिहार और झारखंड में हालांकि संगठन अच्छा काम कर रहा है, लेकिन इन राज्यों में भी पार्टी के अंदर की गुटबाजी पर भाजपा आलाकमान की नजर है।

महाराष्ट्र से बरामद लड़कियों को परिजनों को सौंपने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) ने महाराष्ट्र से बरामद लड़की को उसके परिजनों को सौंपने का निर्देश दिया है। बाल अधिकार कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार ने सीआइडी से अनुरोध किया था कि दोनों लड़कियों को उसके परिजनों को सौंपा जाये।

इसे लेकर सीआइडी के एसपी ने धनबाद और सरायकेला एसपी को पत्र लिखा है। दोनों जिलों के एसपी को लिखे पत्र में सीआइडी की ओर से कहा गया है कि धनबाद के कतरास की और सरायकेला के खरसावां की रहने वाली लड़की को महाराष्ट्र से

धनबाद के कतरास की और सरायकेला के खरसावां की रहने वाली हैं लड़कियां

बरामद कर गवर्नमेंट स्टेट वूमेन होम महाराष्ट्र में रखा गया है। दोनों लड़कियों के माता-पिता का पता कर उनको सूचित करते हुए, दोनों बच्चियों को उन्हें सुपुर्द किया जाये।

इस संबंध में बुधवार को बाल अधिकार कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार ने बताया कि दोनों लड़कियों के परिजन से उनका संपर्क हो चुका है। परिजन उन्हें लाने के लिए रवाना भी हो चुके हैं।

गिरिडीह में सीपीआर तकनीक से चलने लगी बच्चे की सांस

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। बिच्छू के डंक से 13 वर्षीय अचेत बच्चे अमन टुडू को एक डॉक्टर ने मृत बता दिया, लेकिन किसी परिजन के कहने पर सदर अस्पताल लाया गया, जहां एक अन्य डॉक्टर ने भी बालक अमन को मृत बता दिया। वहीं अस्पताल में मौजूद एक अन्य डॉक्टर फजल को सूचना मिली तो उन्होंने अमन का इलाज शुरू किया। डॉक्टर फजल ने बच्चे को तुरंत सीपीआर तकनीक देना शुरू किया, जिससे बच्चे की सांस चलने लगी। इसके बाद बच्चे को डॉ फजल ने आइसीयू में एडमिट कर दिया। इसके बाद बच्चे की हालत में सुधार होना शुरू हो गया। बुधवार को डॉ फजल ने बताया कि अमन टुडू का इलाज चल रहा है और लगातार सुधार हो रहा है।

लखनऊ कोर्ट में हुई गोलीबारी, एक बच्ची को भी लगी गोली

मुख्तार के करीबी गैंगस्टर जीवा की गोली मार कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कोर्ट में बुधवार दोपहर अज्ञात बदमाशों ने गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा की गोली मार कर हत्या कर दी। फायरिंग के दौरान एक बच्ची को भी गोली लगी है। हत्यारा वकील की ड्रेस में था। उसकी पहचान विजय यादव (पुत्र श्यामा यादव निवासी केराकत जिला जौनपुर) के रूप में हुई है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। हमले में एक सिपाही लाल मोहम्मद भी घायल हुआ है। हमले में घायल डेढ़ साल की बच्ची को बलरामपुर अस्पताल भेज दिया गया है। हमलावर वकील की ड्रेस में थे और कोर्ट परिसर के बाहर वारदात को अंजाम दिया है। गैंगस्टर संजीव पूर्वांचल के भाजपा विधायक ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या के मामले में आरोपी था। वह मुख्तार अंसारी का करीबी माना जाता था।

1997 में ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या कर सुर्खियों में आया था जीवा

उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में 10 फरवरी 1997 को पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या कर संजीव जीवा जरायम की दुनिया में सुर्खियों में आया था।

यहीं से उसकी कुख्यात मुन्ना बजरंगी से नजदीकियां बढ़ीं। 2005 में गाजीपुर के भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित छह लोगों की हत्या में बजरंगी और जीवा को पुलिस ने आरोपी बनाया था। बता दें कि भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने ही यूपी के चर्चित गेस्टहाउस कांड में मायावती की सहायता की थी।

भाजपा के कद्दावर नेता थे ब्रह्मदत्त द्विवेदी

फर्रुखाबाद के अमृतपुर गांव के रहने वाले और पेशे से वकील ब्रह्मदत्त द्विवेदी भाजपा के कद्दावर नेताओं में थे। कल्याण सिंह सरकार में वह ऊर्जा और राजस्व विभाग के कैबिनेट मंत्री रहे। जून 1995 को स्टेट गेस्ट हाउस कांड में उन्होंने बसपा नेता मायावती को बचाया था। साथ ही मायावती और

जीवा की हत्या करने वाला आरोपी।

कांशीराम पर हमला बोलने आये सपा के लोगों से मोर्चा लिया था। इसके चलते द्विवेदी और भी चर्चित हो गये थे। साथ ही उनका राजनीतिक कद भी काफी बढ़ गया था।

प्रदेश की माफिया सूची में भी था जीवा का नाम

प्रदेश के माफिया की सूची में माफिया मुख्तार अंसारी के साथ मुजफ्फरनगर निवासी संजीव जीवा उर्फ संजीव माहेश्वरी का नाम भी शामिल था। जीवा को मुख्तार अंसारी का करीबी बताया जाता था। जीवा के खिलाफ मुजफ्फरनगर में एक दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज हैं। उस पर भाजपा विधायक ब्रह्मदत्त द्विवेदी के अलावा कृष्णानंद राय की हत्या का भी आरोप था।

एके-47 बेचने में भी आया था गैंगस्टर जीवा का नाम

वर्ष 2022 में भौराकलां के गांव हड़ौली माजरा निवासी अनिल उर्फ पिंटू को पकड़ा गया था। उसके पास से एके-47 बरामद हुई थी। यह हथियार जीवा की ओर से बेचने की बात सामने आयी थी।

मुजफ्फरनगर में जीवा की संपत्ति की गयी थी जब्त

मुजफ्फरनगर के महावीर चौक पर जीवा की पत्नी पायल माहेश्वरी का चार करोड़ का कांप्लेक्स था। यह संपत्ति जीवा के खिलाफ मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली में दर्ज गिरोहबंद अधिनियम के तहत मई 2022 में जब्त की गयी थी।

राज्यपाल से मिले आजसू के विधायक लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिल कर अपने विधानसभा क्षेत्र के ज्वलंत विषयों और राज्य हित से जुड़े गंभीर मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उनसे इन सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में शीघ्र पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्यपाल को मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा।

उन्होंने राजभवन जाकर राज्यपाल से गोमिया में बन कर तैयार डिग्री महाविद्यालय का उद्घाटन करने और शैक्षणिक सत्र चालू सत्र से प्रारंभ करने का आग्रह किया।

उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया कि गोमिया प्रखंड के गोमिया और गुरुडीह पलीहारी पंचायत के सभी गांव को कोनार नदी से नये सिरे से इंटेक वेल, डब्ल्यूटीपी और पाइपलाइन बिछाते हुए नयी ग्रामीण जलापूर्ति योजना स्वीकृति का प्रस्ताव 1 अप्रैल 22 को डीएमएफटी बोकारो जिला के शासी निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति अतिशीघ्र डीएमएफटी मद या जल जीवन मिशन योजना के तहत कराने का आग्रह किया।

उन्होंने राज्यपाल को राज्य के खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पश्चिम सिंहभूम, दुमका और लातेहार जिला में जिला स्तरीय नौकरी में पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को शून्य कर दिया गया है, की जानकारी देते हुए उनसे राज्य सरकार के इस आदेश को निरस्त करते हुए उन जिलों में पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को सुनिश्चित करने और 23 नवंबर, 2004 को झारखंड सरकार की मंत्री परिषद द्वारा कुड़मी, तेली और घटवार को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने करने के निर्णय को जमीन पर उतारने के साथ ही 11 नवंबर, 2022 को विधानसभा द्वारा पारित पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने और सरकार की वर्तमान 60-40 की नीति को रद्द करते हुए 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति से संबंधित विधेयक को राज्य में अविलंब लागू करने का मांग की।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No.1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	39.8 ℃	27.0 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	18.33 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.03 बजे

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 जून, 2023
www.azadsipahi.in

विधानसभा की नवगठित समितियों के सभापतियों की हुई बैठक

सदस्यों ने स्पीकर से की शिकायत, कहा अफसर समितियों को करते हैं नजरअंदाज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा की नवगठित समितियों के सभापतियों के साथ बैठक हुई। बुधवार को आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों ने विधानसभाध्यक्ष से सूबे में चरम पर पहुंची अफसरशाही कि शिकायत की। सदस्यों ने कहा कि सरकारी अधिकारी समितियों को इग्नोर करते हैं। बैठकों में नहीं आते हैं या फिर ऐसे अधिकारी को भेज देते हैं, जो उस विषय के जानकार नहीं होते। ये सब समिति के काम में बाधा उत्पन्न करते हैं।

विधानसभाध्यक्ष ने कहा, समितियां विधानसभा में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं और यह एक मिनी कैबिनेट की तरह है

समितियों के गठन के बाद यह पहली बैठक थी। विधानसभाध्यक्ष ने 23 मई को विधानसभा की 24 समितियों का गठन किया था। बैठक के बाद विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि समितियां विधानसभा में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं और यह एक मिनी कैबिनेट की तरह है। इस विधानसभा में कई वरिष्ठ विधायक हैं, जो एकीकृत बिहार में भी समितियों के सभापति और सदस्य रह चुके हैं। बैठक में सभी सभापतियों ने समितियों के सफल संचालन की बात कही। इस बात पर भी चर्चा हुई कि विभागीय बैठक में सचिव स्तर के पदाधिकारी को आना चाहिए। अगर व्यस्तता के कारण वे नहीं आ पाते तो कम से कम संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी आयें और विषय वस्तु का अध्ययन कर के आयें। बैठक में प्राक्कलन समिति के सभापति निरल पूर्ति, सामान्य प्रयोजन समिति के भूषण तिर्की, सरकारी उपक्रम समिति के सरयू राय, सरकारी आश्वासन समिति के दीपक बिरुवा, प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के डॉ सरफराज अहमद, प्रत्यायुक्त समिति के विनोद कुमार सिंह, पंचायती राज समिति के रामदास सोरेन, केंद्रीय सहायता समिति के इरफान अंसारी, निवेदन समिति के उमाशंकर अकेला, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण समिति के लोबिन हेंब्रम, सदाचार समिति के रामचंद्र सिंह, पुस्तकालय विकास समिति की अपर्णा सेनगुप्ता, महिला एवं बाल विकास की सीता मुर्मू , विधायक निधि अनुश्रवण समिति के सीपी सिंह, गैर सरकारी संकल्प समिति के केदार हाजरा, अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के रामचंद्र चंद्रवंशी और आवास समिति के ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन मौजूद थे।

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक 30 सितंबर से

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के सेंट्रल हॉल में बुधवार को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की वार्षिक आम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने की। इस मौके पर महतो ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 66 वां सम्मेलन 30 सितंबर से 06 अक्टूबर 2023 तक का अकरा, घाना में निर्धारित है। इस बारे में सूचना कार्यालय को प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जैसे बड़े संगठन में हम अपने आपको उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित न रहकर ऐसे सम्मेलन से राष्ट्र की तरक्की में हम अपनी भागीदारी किस तरह निभा पायें इस पर भी हमें सोचना चाहिए। मैं व्यक्तिगत तौर पर यह महसूस कर रहा हूं कि हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ क्षेत्रों में बहुत आगे हैं, किंतु कई ऐसे विषय भी हैं जिस पर हम सभी को परस्पर मिलकर कार्य करने होंगे। ताकि हम राष्ट्र को श्रेष्ठ बनाने में अपनी भी भागीदारी निभा सकें। गौरतलब है कि वर्ष 2022 के 65 वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन हेलीफैक्स कनाडा में आयोजित हुई थी। जिसमें प्रतिनिधि के तौर पर सदस्य लंबोदर महतो ने भाग लिया था। आम सभा की बैठक में अध्यक्ष के आग्रह पर लंबोदर महतो ने सम्मेलन में शामिल होने के अपने अनुभव को सभी सदस्यों के साथ साझा किया। बैठक में सीपीए झारखंड शाखा के सचिव प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा सैयद जावेद हैदर ने वर्ष 2022-2023 का सीपीए झारखंड शाखा की लेखा-जोखा के संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने दी जानकारी

हत्या का मामला दर्ज होने के 48 घंटे बाद जिंदा लौटी महिला

देवघर। देवघर के मधुपुर थाना क्षेत्र की जयंतीग्राम निवासी जिस महिला की हत्या की प्राथमिकी तीन दिन पहले उसके पिता ने दर्ज करायी, वह मंगलवार की रात खुद नगर थाना पहुंची। नगर थाना की ओडी ड्यूटी कर रहे एसआइ रमेश मुंडा ने महिला से नाम पूछा, तो उसने अपना नाम शोभा देवी, ससुराल मधुपुर थाना क्षेत्र के जयंतीग्राम और मायका देवीपुर थाना क्षेत्र के तिलौना गांव बताया। इसके बाद एसआइ रमेश मुंडा ने इसकी सूचना मधुपुर थाने को दी, तो उन्हें जानकारी मिली कि 3 जून को शोभा देवी की हत्या की प्राथमिकी उसके पिता देवीपुर थाना क्षेत्र के तिलौना गांव निवासी बहादुर दास ने दर्ज करायी है।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha, India

विज्ञापन संख्या 08/एसआरएफ/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "प्रजातीकरण अध्यन के माध्यम से चावल के दानों में कम आर्सेनिक सांद्रता वाले किस्मों की पहचान आर्सेनिकसंदूषण को कम करने के लिए प्रबंधन प्रथाओं को विकसित करना" शीर्षक परियोजना ईएपी-351 के तहत एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ) के चयन के लिए दिनांक 22.06.2023 को प्रत्यक्ष साक्षातकार आयोजित किया जाएगा । आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट www.icar-nrri.in पर उपलब्ध है ।

Walk-in-Interview is to be held on 22.06.2023 for selection of one (01) Senior Research Fellow (SRF) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "Identification of rice cultivars with low as concentration in gain through Arsenic speciation study and developing management practices to mitigate Arsenic contamination" (EAP-351). The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website https://icar-nrri.in.

प्रधान अन्वेषक/Principal Investigation

स्वास्थ्य मंत्री से मिले रिम्स के नये प्रभारी निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवासीय कार्यालय में बुधवार को रिम्स के नये प्रभारी निदेशक डॉ आरके गुप्ता ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान रिम्स में बेहतर स्वास्थ्य सेवा बहाल करने पर विचार-विमर्श किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने उम्मीद जतायी है कि नये निदेशक के आने से रिम्स में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। नये तकनीक और टीम भावना के साथ रिम्स में अच्छा वातावरण मिलेगा।

रिम्स का प्रभारी निदेशक बनने के बाद डॉ आरके गुप्ता अस्पताल के विभिन्न विभागों का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ओपीडी कॉम्प्लेक्स, ब्लड बैंक और अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। स्टाफ और मरीजों से कमियों के विषय में जानकारी ली और व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाने की बात कही।

इस मौके पर रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ और चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी भी उनके साथ थे।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता।

वृष कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

मिथुन कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

कर्क कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

सिंह जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, उलझने दूर होगी।

कन्या राजनीतिक लाभ, अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, परेशानियों में कमी होगी।

तुला धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

वृश्चिक जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी

धनु सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

मकर व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ।

कुंभ प्रेम प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

मीन परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष और सांसद पहुंचे रांची, भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुधवार को छत्तीसगढ़ के भाजपा विधायक दल के नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, छत्तीसगढ़ के द्वय सांसद रणबीर सिंह जूदेव और विजय बघेल भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ के नेताओं का स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सूरज चौरसिया मौजूद थे।

आज हजारीबाग, रामगढ़ जायेंगे प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना 08 जून को एक दिवसीय प्रवास पर हजारीबाग व रामगढ़ जायेंगे। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के क्रम में वे दोनों विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुताबिक डॉ वाजपेयी एवं श्री रैना 8 जून को 9.30 बजे पूर्वाह्न ऋषभ वाटिका, डेमोटांड में प्रबुद्ध जनों के साथ जलपान एवं मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। हरली विवाह भवन बड़कागांव में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं जनसंघ काल के कार्यकर्ताओं के साथ भी मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। साथ ही घर घर से टिफिन लेकर आये कार्यकर्ताओं के साथ भोजन करेंगे, रामगढ़ के होटल शिवम इन में दोनों प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे, साथ ही वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में भाग लेंगे।

भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक

झारखंड की प्रीति लकड़ा ने ट्रिपल जंप में जीता कांस्य पदक, दी बधाई

रांची। मध्य प्रदेश के भोपाल में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआइ) के तत्वावधान में चल रहे 66वां नेशनल स्कूल गेम्स में एथलेटिक्स के ट्रिपल जंप स्पर्धा में झारखंड की प्रीति लकड़ा ने कांस्य पदक जीता है। प्रीति ने 11.59 मीटर जंप लगाकर यह सफलता हासिल की। प्रीति ने आवासीय बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग से प्रशिक्षण लेती हैं, जिसका संचालन खेल विभाग द्वारा किया जाता है। उसने जूनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप 2023 में रजत पदक जीता था। प्रीति और उनके कोच प्रभात रंजन तिवारी को खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा और खेल विभाग के अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No.E.N. JH328/14 dated 10.05.2023 I, Ramesh Kumar Agarwal, Aged about 53 years, S/O Late Ratan Lal Agarwal, resident of Near Bihari Durga Asthan, Malviya Marg, P.O.- Boddam Bazar, P.S. - Lohsinghna, Dist - Hazaribag-825301, Jharkhand, Aadhar Number - 8130 3426 2964 do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That I am an Indian National Citizen.
2. That I am residing at my aforesaid address.
3. That my actual and valid name is Ramesh Kumar Agarwal which has been entered in my Aadhar Card vide No. 8130 3426 2964 and Pan Card No. ACAPA2553L.
4. That Ramesh Kumar Agarwal, Ramesh Agarwal, Ramesh Kumar, Umesh Kumar, Umesh Agarwal, and Umesh Kumar Agarwal is one and same person.
5. That this affidavit is being executed for the purpose declaring my correct name and speiling as Ramesh Kumar Agarwal and in Hindi (रमेश कुमार अग्रवाल) as my actual name in Aadhar card and Pan card.
6. That foregoing statement are true and correct to the best of my knowledge.

Sworn and signed this affidavit at Hazaribag on 10th May 2023

Executive Magistrate
Hazaribag

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-लिफ्ट-4-23, दिनांक 06.06.2023, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/आरएनसी, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची के द्वारा निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-लिफ्ट-4-23, दिनांक 06.06.2023 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 30.06.2023 को 16.00 बजे या उसके बाद है। संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम: मुरी स्टेशन में 02 नए लिफ्ट का प्रावधान, पीएफ नं. 1 एवं आईलैंड प्लेटफॉर्म नं. 2 और 3 प्रत्येक हेतु। कार्य का अनुमानित मूल्य: रु. 51,90,109.29, बयाना राशि/बोली प्रतिभूति : रु. 1,03,800/-, निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 30.06.2023 को 16.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in/ निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-259)

सहायक प्रशाखा पदाधिकारी सहित छह पदों पर होगी बहाली

जेएसएससी ने 2017 पदों पर नियुक्ति के लिए निकाला विज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सामान्य स्नातक पास उम्मीदवारों के लिए झारखंड में सरकारी नौकरी करने का बेहतर मौका आया है। सहायक प्रशाखा पदाधिकारी सहित छह विभिन्न पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया गया है। यह विज्ञापन झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने निकाला है। झारखंड सामान्य स्नाक स्तरीय योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से यह नियुक्ति होगी। इस नियुक्ति के लिए यह तीसरी बार विज्ञापन जारी किया गया है। इससे पहले साल 2015 में विज्ञापन निकाला गया था। इसके बाद साल 2019 में विज्ञापन निकाला गया। अब तीसरी बार विज्ञापन निकाला गया है।

परीक्षा का स्वरूप

कर्मचारी चयन आयोग की ओर से ओएमआर आधारित परीक्षा ली जायेगी। परीक्षा यदि अलग-अलग ग्रुप में ली जाती है तो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का नॉर्मलाइजेशन किया जायेगा। अभ्यर्थियों की मेधा सूची उनके प्राप्तांक के नॉर्मलाइज्ड अंक के आधार पर तैयार किया जायेगा। परीक्षाफल प्रकाशन के बाद उन्हें नॉर्मलाइज्ड अंक ही दिया जायेगा।

यह भी जानें

लिखित परीक्षा एक चरण (मुख्य परीक्षा) में ली जायेगी। परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ और बहुविकल्पीय उत्तरवाले होंगे। प्रत्येक एक प्रश्न का पूर्ण अंक 3 (तीन) होगा। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 (तीन) अंक दिये जायेंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक की कटौती की जायेगी। भाषा विषयों को छोड़कर अन्य विषयों के प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में होंगे। मुख्य परीक्षा के लिए तीन पत्र होंगे। यह परीक्षा तीन पालियों में ली जायेगी। प्रत्येक पत्र के परीक्षा की अवधि 2 घंटा की होगी।

ऐसा होगा प्रश्नपत्र का स्वरूप

पहले पेपर भाषा ज्ञान में 120 अंक के सवाल पूछे जायेंगे। परीक्षा का समय दो घंटे होगा। इस पेपर में हिंदी और अंग्रेजी से क्रमशः 60-60 सवाल पूछे जायेंगे। यह पेपर केवल क्वालिफाइंग होगा। इसमें उम्मीदवारों को पास करने के लिए न्यूनतम 30 फीसदी अंक लाना होगा। इस पेपर का अंक मेरिट लिस्ट में नहीं जोड़ा जायेगा।

दूसरा पेपर चिह्नित जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा का होगा। इसमें 100 प्रश्न होंगे। परीक्षा दो घंटे की होगी। प्रश्न बहुवैकल्पिक होंगे। इस पेपर में भी पास होने के लिए 30 फीसदी अंक चाहिए।

तीसरा पेपर सामान्य ज्ञान का होगा। इसमें 150 प्रश्न पूछे जायेंगे। इसमें सामान्य अध्ययन से 30 प्रश्न, सामान्य विज्ञान से 20 प्रश्न, सामान्य गणित से 20 प्रश्न, रिजनिंग से 20 प्रश्न, कंप्यूटर ज्ञान से 20 प्रश्न और झारखंड राज्य से 40 प्रश्न होंगे। इसमें भी 30 फीसदी अंक पास होने के लिए जरूरी है। पेपर वन में 30 फीसदी अंक नहीं लाने वाले उम्मीदवार के पेपर दो और तीन का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा। इसी तरह पेपर दो में 30 फीसदी अंक नहीं लाने वाले का पेपर तीन का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

महत्वपूर्ण तिथियां

ऑनलाइन एप्लीकेशन शुरू :	20.06.2023
आवेदन की अंतिम तिथि :	21.07.2023
फोटो एवं सिग्नेचर अपलोड करने की तिथि :	23.07.2023
भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट लेने की तिथि :	23.07.2023
आवेदन में किसी तरह का सुधार :	25.07.2023 से 27.07.2023

रिक्तियों की संख्या

सहायक प्रशाखा पदाधिकारी :	863 पद
कनीय सचिवालय सहायक :	335 पद
श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी :	183 पद
प्लैनिंग असिस्टेंट :	5 पद
प्रखंड कल्याण पदाधिकारी :	195 पद
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी :	252 पद
अंचल निरीक्षक कानूनगो :	185 पद

अधिकतम उम्रसीमा की गणना का कट ऑफ डेट

सहायक प्रशाखा पदाधिकारी :	01.08.2015
कनीय सचिवालय सहायक :	01.08.2019
श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी :	01.08.2010
प्लानिंग असिस्टेंट :	01.08.2019
प्रखंड कल्याण पदाधिकारी :	01.08.2010
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी :	01.08.2010
अंचल निरीक्षक- सह- कानूनगो :	01.08.2010

अपील

कृपया ध्यान दें – बालासोर रेल दुर्घटना

कृपया आगे आएं और ओडिशा रेल दुर्घटना के पीड़ितों को उनके परिजनों से मिलाने में मदद करें

कृपया डायल करें

139 रेलवे हेल्पलाइन नंबर

1929 और 1800-3450061 टोल फ्री नंबर ओडिशा राज्य सरकार

आप निम्न वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं

www.osdma.org – सभी जानकारी उपलब्ध

www.srcodisha.nic.in – हादसे में मृत लोगों की फोटो

www.bmc.gov.in – एस.सी.बी. मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, कटक में उपचाराधीन यात्रियों की सूची

आप निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक्स पर भी विजिट कर सकते हैं

www.indianrailways.gov.in

www.irctc.co.in

(PR-256)

परिवारों को अपने प्रियजनों की पहचान कराने के लिए इस संदेश को अधिक से अधिक फैलाएं

माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीसी को बधाई दी

कोडरमा (आजाद सिपाही)। बुधवार को झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन से मिलकर कक्षा आठवीं, नौवीं, दसवीं और बारहवीं में कोडरमा जिले के राज्य में अव्वल स्थान प्राप्ति के लिए उन्हें बधाई दी। साथ ही सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शिष्टमंडल ने शुभकामनाएं दी। शिष्टमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। नये सत्र के प्रारंभ और नामांकन अभियान संबंधी जानकारी, शिक्षकों की सेवा संपुष्टि, समय पर वेतन भुगतान, चिकित्सकीय अवकाश का ससमय निष्पादन और अन्य समस्याओं की जानकारी दी जिस पर उपायुक्त ने निष्पादन का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष राधेश्याम शुक्ला, सचिव आलोक कुमार, प्रमंडलीय सचिव गगन कुमार दास, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार दास, रामेश्वर साहू, सनोज कुमार, संजय कुमार वर्मा, संजीव कुमार, सतीश वर्मा, गोपेश्वर साव, महेश यादव, सुनील कुमार, अजय यादव, संतोष तिवारी, विवेक भारती तथा अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

पावर ग्रिड परिसर में योग शिविर का आयोजन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। लाइफ मिशन अभियान के कार्यक्रम के दौरान पावरग्रिड कोडरमा की ओर से आज कार्यालय परिसर में पावरग्रिड कोडरमा में आर्ट ऑफ लिविंग के योग गुरु मनोज यादव, प्रशिक्षक पतंजलि पीठ के सानिध्य में प्रातः योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सभी कर्मचारीगण, अधिकारी और स्थानीय लोगों के साथ क्षेत्र के गणमान्य प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया। योग शिविर के दौरान प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गोतुल सहित दर्जनों लोग शामिल हुए। सभी योगी सहभागियों को नियमित ध्यान, साधना ओर योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। साथ ही साथ जल संचय और ईंधन बचत में अपनी भूमिका पर जागरूक रहने की अपील की।

नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति की बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति कोडरमा की एक बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार देर शाम झुमरीतिलैया पुराना बस स्टैंड स्थित रामसन प्लाजा होटल में संपन्न हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव जबकि संचालन सुरक्षा समिति के महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने किया। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आमजन की समस्याओं के निदान और निष्पादन के लिये नागरिक सुरक्षा समिति को ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। इसके लिए समाजसेवी संजय शर्मा एवं अभिजीत दीप अधिकृत किये गये। समाजसेवी पंकज वर्णवाल और अरशद खान ने हेल्पलाइन नंबर जारी करने की बात कही जबकि समाज सेवी मनीष सूद एवं पिंटू मजमुदार ने शहर में दो जगह शिकायत पेटी लगाने का विचार दिया ताकि आमजन समस्या रख सकें। निवर्तमान वार्ड पार्षद बालगोविंद मोदी और समाजसेवी अवनिंद्र सिंह ने गरीबों के राशन कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन निर्माण में समिति द्वारा सहयोग की बात कही। महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि ट्रस्ट निर्माण के बाद जिला और नगर के प्रबुद्ध जनों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ना है। बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी सुरेंद्र कुमार खोखन, राजेश सिन्हा, सूर्य देव कुमार, शशिकांत सिन्हा, अजय कुमार, प्रकाश सिंह, चंद्र मोहन सिंह, वीरेंद्र कुमार, महेश वर्मा, विनोद कुमार सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित हुए। बैठक के अंत में उड़ीसा के बालासोर ट्रेन दुर्घटना में मृतकों की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया।

मनरेगा संचालित योजनाओं की बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में मनरेगा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। उपायुक्त ने सबसे पहले मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं टी.सी.बी, फील्ड बंड, बागवानी योजना, डोभा और पौधारोपण समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों के पंचायत के गावों में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीपीओ को निर्देश देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में पौधारोपण करने की संभावनाएं हैं, उन स्थानों को चिन्हित करें। बागवानी योजना को लेकर 15 दिनों के अंदर सभी प्रखंड में स्थल चिन्हित करते हुए योजना को शुरू करने का निर्देश दिया। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में बेहतर कार्य हुआ है, उन गांवों को दूसरे गांव के ग्रामीणों को भ्रमण करायें और गांव के विकास के लिए योजनाएं का संचालन के लिये जागरूक करें। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी बीपीओ, सभी बीएलएम और अन्य मौजूद रहे।

स्पाइसी रेस्टुरेंट का विधायक ने किया उद्घाटन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के मटवारी, कोर्रा रोड़ में बैंक ऑफ इंडिया के सामने एक ओर शानदार रेस्टुरेंट खुला। यहां स्पाइसी रेस्टुरेंट का बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसे अनोखे अंदाज में सजाया और संवारा गया है। यहां आने वाले ग्राहकों को एक अनोखा एहसास हो जिसे ध्यान में रखकर इसका डिजाइन किया गया है। यहां अनुभवी बाबर्ची के हाथों से बने कम दर पर लजीज व्यंजन के स्वाद को शुद्धता और स्वच्छता के साथ आप एक खुशनुमा माहौल में ग्रहण कर पाएंगे । मौके पर विशेष रूप से जदयू नेता राकेश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि ज्योत्सना देवी, भाजपा नेत्री पूनम मिश्रा, कलाकार माणिक चक्रवती, सनोज, बादल, मुकेश राम प्रजापति, धनंजय कुमार, आनंद साहा, प्रवीण राठौड़, राहुल कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

कोडरमा स्टेशन पर वाटर कुलर का शुभारंभ

झुमरीतिलैया। मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया इकाई के तत्वावधान में कोडरमा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 4 पर आरपीएफ पोस्ट के समीप अमृतधारा पर प्रकल्प के तहत वाटर कूलर का शुभारंभ रांची निवासी भगवती प्रसाद काबरा, ज्योति काबरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसमें झुमरीतिलैया शाखा भी बेहतर कार्य कर रही है। मंच के अध्यक्ष राज पचीसिया ने आगन्तुक लोगों का स्वागत किया और कहा कि सेवा कार्य मंच का प्रथम उद्देश्य है। राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा तहत यह 5वां वाटर कूलर शुरू किया गया और 24 घंटा इसमें राहगीर और यात्री ठंडा पेय ग्रहण कर रहे हैं। स्टेशन प्रबंधक रविंद्र प्रसाद ने कहा कि मारवाडी युवा मंच अच्छा और पुण्य का काम कर रहा है। इस अवसर पर सीटीआई अरविन्द कुमार सिंह, टीआई अरविन्द कुमार सुमन, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जवाहर लाल, स्टेशन मास्टर संतोष कुमार, कोडरमा प्रमुख प्रतिनिधि महेन्द्र यादव, इएलसी सोनु कुमार, मारवाडी युवा के पूर्व अध्यक्ष रितेश दुग्गड, आशीष शर्मा, संजय शर्मा, मंच के संयोजक अरविन्द कुमार चौधरी, ममता पचीसिया, नेहा पचीसिया, कविता खटोर, प्रीति पचीसिया, तान्या पचीसिया, मीता खटोर आदि उपस्थित थे।

मोदी सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियां गिनाने हजारीबाग पहुंचे झारखंड प्रभारी

बिना भेदभाव विकास योजनाएं लागू हुई : डॉ वाजपेयी

आजाद सिपाही संवाददता

हजारीबाग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले नौ वर्ष में बिना किसी भेदभाव के विकास योजनाओं को जमीन पर उतारा है। यह बात भाजपा के झारखंड प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने बुधवार को यहां कही। इसका आयोजन जिला अध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में जिला भाजपा ने किया था। डॉ वाजपेयी ने कहा कि पिछले नौ साल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और खासा सम्मान बटोरा है। मोदी सरकार ने आम लोगों, विशेष कर आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों की हमेशा चिंता की, चाहे वे किसी जाति, धर्म या पंथ के हों। उन्होंने कहा कि झारखंड पर पीएम मोदी का विशेष ध्यान है। खूंटी कोर्ट परिसर को सोलर ऊर्जा पर आधारित देश का पहला कोर्ट परिसर बनाना इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने मुद्रा लोन योजना की शुरुआत वर्ष 2015 में दुमका से की। राज्य को नया विधानसभा परिसर और वर्तमान हाइकोर्ट परिसर भी भाजपा सरकार की देन है। डॉ वाजपेयी ने कहा कि पीएम मोदी ने आयुष्मान योजना समेत कई योजनाओं की शुरुआत झारखंड से की। देवघर एयरपोर्ट का लोकार्पण हो या संथाल परगना के पांच जिलों में गैस पाइपलाइन, भाजपा सरकार ने ही किया। हजारीबाग, दुमका और पलामू में मेडिकल कॉलेज समेत कई काम भाजपा सरकार ने किये हैं। डॉ वाजपेयी ने कहा कि आदिवासी हित की बात करने वाले यहां के दलों ने द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी का विरोध किया था। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि महिलाओं को सम्मान, युवाओं का कौशल विकास, वृद्धों को मिल रही पेंशन, किसानों, विद्यार्थियों के लिए योजनाएं जमीन पर उतरी है। मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, मनोज कुमार सिंह, सदर विधायक मनीष जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी रौशन कुमार आदि उपस्थित थे।

केटीपीएस परिसर में मिशन लाइफ के तहत पौधरोपण

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के केटीपीएस बांझेडीह कोडरमा के द्वारा पर्यावरण निगरानी और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के द्वारा मिशन लाइफ को लेकर महा अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह के निर्देशन में अधिकारियों कर्मचारियों महिलाओं बच्चों के द्वारा आम, कटहल, नीम, आंवला, अशोक, गुलमोहर आदि लगभग 250 पौधे लगाये गये, और इनके समुचित देखरेख का प्रण लिया। वहीं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर सत्य प्रकाश, संतोष भारती, रविंद्र कुमार, विनोद कुमार राय, सव्यसाची मंडल, पवीर चांद, मानस मंडल आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

दस टन ढिबरा समेत ट्रक और जीप जब्त

आजाद सिपाही संवाददता

कोडरमा। वन विभाग की टीम ने डोमचांच रेंजर रवींद्र कुमार के नेतृत्व में ढिबरा लदा एक शक्तिमान ट्रक और एक जीप को जब्त किया है। बुधवार की सुबह ढिबरा लदा जीप, शक्तिमान ट्रक वाहन को जब्त किया गया। विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच बंगाखलार जंगल के पास से और एक जीप शिवसागर के पास से जब्त किया गया। हलांकि इस दोनों मामले में किसी के गिरफ्तारी नहीं की गयी। रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बंगाखलार जंगल और शिवसागर के पास से जीप और शक्तिमान ट्रक ढिबरा लोड करके कोडरमा की तरह आ रहा है। उक्त वाहनो को जाते रुकने को कहा गया पर गश्ती दल देखकर दोनों जगह से जंगल के समीप गाड़ी छोड़कर चालक भागने में सफल रहे। जिसके बाद ढिबरा लदे दोनो गाड़ी को जप्त कर लिया गया। जप्त करके वन परिसर लाया गया। दोनो गाड़ी में 10 टन ढिबरा लोड था जिसकी कीमत चार लाख रुपया से ज्यादा बताई जा रही है। मौके पर वनरक्षी अमरेंद्र कुमार, राजेश कुमार शर्मा, पिंटू कुमार, रविकात कुमार, अनिल कुमार साव आदि मैजूद थे।

हैदराबाद में जिप अध्यक्षों का चल रहा प्रशिक्षण

पंचायतीराज के बेहतर मॉडल को कोडरमा में लागू किया जायेगाः रामधन

आजाद सिपाही संवाददता

कोडरमा। झारखंड सरकार के पंचायती राज्य विभाग अंतर्गत निर्वाचित सभी जिला परिषद अध्यक्ष इन दिनों हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में झारखंड के सभी जिलों के जिप अध्यक्ष हवाई यात्रा कर हैदराबाद पहुंचे हैं। यह प्रशिक्षण 9 जून तक चलेगा। कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव भी प्रशिक्षण में शामिल है। उन्होंने बताया कि हैदराबाद में पंचायती राज को सुदृढ़ बनाने को लेकर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दी जा रही है। पंचायती राज के नियम और विकास योजनाओं को जनमानस की तरक्की के लिए तैयार कर लागू करने में तकनीकी दिक्कतों का समाधान पर प्रशिक्षण ले रहे है। बेशक प्रशिक्षण उपरांत नीतियों को कोडरमा में लागू किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिप उपाध्यक्ष और जिप सदस्यों को भी 19-23 जून तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। श्री यादव ने कहा कि कोडरमा जिला के विकास के लिए दूसरे प्रदेशों का भ्रमण बेहद जरूरी है। पंचायती राज के तहत बेहतर मॉडल को अपने जिला में लागू किया जायेगा।
दूसरे राज्य में पंचायती राज के विकास की ढांचा के बारे में जानकारी होने से बोर्ड सशक्त होगी। रामधन ने कहा कि कोडरमा में पंचायती राज अंतर्गत गांव-गांव में विकास योजनाएं पहुंचे, इसके लिये वे दृढ़संकल्पित है।

विकास तीर्थ कार्यक्रम को लेकर बैठक

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सरस्वती पब्लिक उच्च विद्यालय पावर हाउस डंडाडीह में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के शासनकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत 30 मई से 30 जून तक कार्यक्रम चल रहा है। भाजपा जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी ने बताया कि उसी के निमित्त बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक 8 जून समय 10 दिन स्थान सरस्वती पब्लिक उच्च विद्यालय पावर हाउस बैठक रखी गयी है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा के सांसद सह केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी होंगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी बरकट्ठा विधानसभा के सभी वरीय कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

सीटू के राज्य स्तरीय प्रदर्शन में जिला से दर्जनों कार्यकर्ता हुए शामिल

भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है श्रम विभाग : संजय पासवान

आजाद सिपाही संवाददता

कोडरमा। सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के द्वारा केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति एवं झारखंड के अफसरों की कारपोरेट परस्त रवैये के खिलाफ 14 सूत्री मांगों को लेकर रांची में झारखंड श्रम भवन के समक्ष सोमवार को विशाल प्रदर्शन किया गया। इसमें कोडरमा जिला से दर्जनों कार्यकर्ता सहित राज्य भर से 3000 से अधिक मजदूर कर्मचारी शामिल हुए। श्रम भवन पर आयोजित प्रदर्शन और सभा को संबोधित करते हुए जिला के मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि आज जनता के साथ-साथ हमारे देश की स्थिति चिंताजनक और गंभीर है और इसके लिए केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियां जिम्मेदार है, जो न केवल मजदूर विरोधी किसान विरोधी और जनविरोधी हैं, बल्कि राष्ट्रविरोधी भी हैं। ये नीतियां न केवल हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था बल्कि, हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है। केंद्र सरकार की नीतियों के चलते आज देश की मेहनतकश जनता बेरोजगारी और मंहगाई से जुझ रही है। झारखंड में कारपोरेट पक्षीय नौकरशाहों के मजदूर विरोधी रवैये के कारण, ट्रेड यूनियनों का पंजीकरण और पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया विभाग की लालफीताशाही का शिकार हो गया है। ठेका मजदूर, अनुबन्धित कर्मचारी, प्रवासी मजदूर आदि कामगारों की बढ़ती संख्या तथा कामकाजी मजदूरों की बिगड़ती परिस्थितियों के बावजूद सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की व्यवस्था नगंय है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मजदूरों को नहीं मिल रहा है। श्रम कानूनों का सरेआम उल्लंघन के साथ-साथ पीड़ित मजदूरों को न्याय पाने की प्रक्रिया जटिल बना दिया गया है। राज्य श्रम विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। कार्यक्रम को जिला की ओर से आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने भी सम्बोधित किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू झारखंड के महासचिव विश्वजीत देव, अपर महासचिव आर पी सिहं, कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिहं, वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश विप्लव, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, कोषाध्यक्ष अनिर्वान बोस ने किया।

एनटीपीसी ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया शुभारंभ

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के जोरदाग गांव में स्थानीय महिलाओं को स्वालंबन के अवसर प्रदान करने के उद्देशय से एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोला गया। यह सिलाई-कढाई प्रशिक्षण केंद्र चट्टी बरियातु परियोजना के प्रमुख अनिमेष जैन के मार्गदर्शन में कार्यरत है। इस प्रशिक्षण केन्द्र में 60 महिलाओं के बैच को सिलाई प्रशिक्षण दिया जायेगा। भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए आत्मनिर्भरता होना सबसे बड़ा लक्ष्य है और ऐसे प्रशिक्षण से ही देश के विभिन्न ग्रामों से आत्मनिर्भरता की लहर उत्पन्न हो रही है। आज के आधुनिक युग के भारत के लोग बिजनेस ओरिएंटेड हो रहे है। इंटरनेट की दुनिया से छोटे-छोटे कारोबार बड़े होते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से आप अपना विकास स्वयं कर सकते हैं। समय-समय पर एनटीपीसी परियोजनाओं द्वारा विभिन्न कार्यशालाये और प्रशिक्षण केंद्र खोले जा रहे हैं जिससे सीखने के इच्छा रखने वाली महिलाओं और युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस उद्घाटन समारोह में प्रखंड केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी और पचड़ा पंचायत मुखिया महेश प्रसाद साव, एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक अनिल गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार, अधिकारी अकेश पटेल और समाजसेवी उदय लाल गुप्ता, प्रेम रंजन पासवान,राम कुमार साव,अनिल कुमार मुंडा,हीरामन महतो, संतोष महतो, रमेश मुंडा, किशोर साव, कालू राम और अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

ढाई महीने से लापता युवती का नहीं मिला सुराग

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के बेला पेटो निवासी बसन्ती देवी पति हेमराज साव अपनी बेटी बेबी कुमारी के लिए दर दर भटक रही है। इस बाबत बसन्ती देवी ने लिखित रूप में कहा है की मेरी नाबालिग बेटी बेबी कुमारी विगत 20 मार्च को घर से निकली है और करीब ढाई महीने से भी ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद अभी तक घर वापस नहीं आई है। आगे कहा की हमे पूर्ण विश्वास है की गांव के ही युवक सोनू कुमार के द्वारा मेरी नाबालिग बेटी को बहला फुसलकार भगा ले गया है और इस में मसो बबिता देवी, शंकर साव और छोटू कुमार के द्वारा सहयोग किया गया है । मैंने इस मामले की लिखित सुचना 21 मार्च मंगलवार को स्थानीय थाने में दिया है लेकिन घटना के बाद करीब ढाई महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक मेरी बेटी को ढूंढने में असफल रही है। मैं न्याय के लिए दर दर भटक रही हूं। इस बाबत पूछे जाने पर केरेडारी थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा ने कहा की मामला संज्ञान में है और पुलिस आवेदन में दिये व्यक्तियों में से एक दो को बुलाकर कड़ायी से पूछताछ भी किया लेकिन उनलोगों ने इसमें संलिप्तता से इनकार किया है। पुलिस लगातार प्रयास कर रही है और परिजनों से भी कहा गया है की अगर कहीं से कोई लिंक मिले तो तुरंत सूचित करें फिलहाल पीड़िता बेटी के लिए चिंतित है।

डूमर में खेल मैदान का शिलान्यास

टाटीझरिया (आजाद सिपाही) । प्रखंड के डुमर पंचायत भवन के बगल में मनरेगा अंतर्गत वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान निर्माण कार्य का शिलान्यास बीडीओ शाईनी तिग्गा, प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया ममता देवी ने बुधवार को संयुक्त रुप पूजा अर्चना कर किया। लगभग 1 लाख 74 हजार रुपये में इस खेल मैदान का निर्माण सितंबर 2023 के पहले तक कर लिया जायेगा। उक्त अवसर पर बीडीओ ने कहा कि डुमर पंचायत में खेल मैदान को मनरेगा योजना के तहत विकसित करना है। इससे पंचायत के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। खिलाड़ियों को प्रेक्टिस करने के लिए मिल जाएगा। स्थानीय स्तर पर खिलाड़ी आकर यहां खेल खेलेंगे। जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को अपने खेल को सुधारने का अवसर मिलेगा। मौके पर बीपीओ अफरोज, मुखिया प्रतिनिधि सुजित रजक, उपमुखिया मुकेश मंडल, जेई शशांक भूषण, एई मनीषचंद्र, रोजगार सेवक अरूण रवि, कृपाशंकर पांडेय, शंकर सिंह, महेन्द्र सिंह, पप्पु प्रसाद, बालेश्वर सिंह, संजय राणा, जगन्नाथ सिंह, डिलेश्वर प्रसाद, अशोक प्रसाद, मूलचंद ठाकुर, अजय राणा, दयाशंकर पांडेय, सहित कई लोग शामिल हुए।

कई लोगों ने थामा जदयू का दामन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के सदर प्रखंड जदयू की एक बैठक पंचायत भवन रोला में रामधनी प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि जिला समन्वयक अनिल सिंह और प्रदेश स्टीयरिंग कमिटी के मुन्ना मलिक उपस्थित थे। रामधनी प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार और राज्यसभा सांसद खीरू महतो में आस्था व्यक्त करते हुए कई लोगों ने जनता दल यूनाइटेड का दामन थामा और मंचासीन नेताओं ने दल मैं उनका जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा प्रदेश, सचिव मिथिलेश सिंह, नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, महासचिव सुजाता सिंह, सचिव पिंकी देवी, जिला सचिव प्रीति राणा, साबिर खान, सुरेश कुमार वर्मा, शंकर महतो आदि ने बैठक को संबोधित किया। पूर्व में सदर प्रखंड अध्यक्ष रंजन प्रसाद को पार्टी के कार्यों में उदासीनता को देखते हुए अध्यक्ष पद से मुक्त कर सर्वसम्मति से रामधनी प्रसाद कुशवाहा को सदर प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया और उन्हें 15 दिनों के अंदर प्रखंड कार्य समिति गठित करने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से संजू देवी, गिरजा देवी, अशोक प्रसाद, कैलाश महतो, जगदीश महतो, प्रकाश यादव, छोटन पासवान, चैत लाल राणा, निसार अंसारी, वासुदेव शर्मा, योगेंद्र यादव, सनी कुमार, चिंता देवी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पंसस के सहयोग से सदर प्रखंड में लगा प्याऊ

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के पंचायत समिति सदस्य की ओर से सदर ब्लाक में प्याऊ जल की व्यवस्था की गयी। इस मौके पर प्रमुख वीना देवी और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने कहा कि जनता बार-बार शिकायत करती थी की सदर ब्लॉक में पानी पीने की व्यवस्था नहीं है, इसी को देखते हुए प्याऊ की व्यवस्था की गयी है। मौके पर गणेश मेहता, रविकांत सिंह, ओम प्रकाश साहू, अजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम

बड़कागांव (आजाद सिपाही) । भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव के द्वारा आज हरली विवाह मंडप में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भोजन और चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम आयोजन किया गया है जिसमें बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातु मंडल, बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल, बड़कागांव पश्चिमी मंडल और केरेडारी मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, पुर्व 20 सुत्री प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला अध्यक्ष अशोक यादव समेत कई गणमान्य भाजपा नेता उपस्थित होंगे। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने दी।

महिला थाना में पैसा लेनदेन की तस्वीर वायरल, एक्शन में रामगढ़ एसपी

रामगढ़ महिला थाना प्रभारी और दो जमादार सस्पेंड

सोशल मीडिया में वायरल तस्वीर से पुलिस का छबि हुई धूमिलः एसपी

बीरु कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। महिला थाना से पैसा लेनदेन की तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय फूल एक्शन में दिखे। वायरल तस्वीर को देखते ही एसपी ने महिला थाना प्रभारी सहित दो जमादार को सस्पेंड कर दिया है। जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। एसपी के कार्यवाई से स्पष्ट हो गया है कि गलत कार्यों में कोई भी संलिप्त हो, उसपर कार्यवाई निश्चित है। इधर एसपी की कार्यवाई के बाद आमलोगों के बीच खूब चर्चा हो रहा है कि ऐसे कार्यवाई से पुलिस के क्रियाक्लापों में कुछ सुधार आयेगा।

क्या है जिला आदेश में

एसपी पीयूष पांडेय ने अपने जिला आदेश में कहा है कि इंटरनेट/सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हो रही है। जिन्हें देखने से ऐसा प्रतीत होता हो रहा है कि महिला थाना के अंदर पुअनि (महिला थाना प्रभारी) राजे कुमारी कुजूर द्वारा एक महिला से नगद (पैसा) जैसा सामान अपने हाथ में लिया जा रहा है। इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है कि इनके द्वारा कथित रूप से अपने पद का दुरूपयोग करते हुए उक्त तस्वीर में दिख रही महिला से पैसे लिये जा रहे है। उन तस्वीरों के सोशल मीडिया में फैलने से रामगढ़ पुलिस की छबि धूमिल हुई है। उक्त में से एक तस्वीर में महिला थाना प्रभारी के साथ सअनि शहनवाज खान, सअनि शिवनंदन यादव भी दिख रहे है। जिससे यह प्रतीत होता है कि उन्हें भी इस कथित लेनदेन की जानकारी है और इनमें उनकी भी संलिप्तता है। इन तीनों पदाधिकारियों का यह कृत्य इनकी संदिग्ध सत्यनिष्ठा को दर्शाते हुये आम जनता के बीच रामगढ़ पुलिस की छबि को धूमिल करता है और इनके अयोग्य पुलिस पदाधिकारी होने का परिचायक है। जिसके कारण महिला थाना प्रभारी राजे कुमारी कुजूर, सअनि शहनवाज खान, सअनि शिवनंदन यादव को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय पुलिस केंद्र रामगढ़ होगा।

क्या बोले एसपी

इधर पूरे प्रकरण पर एसपी पीयूष पांडेय ने स्पष्ट कर दिया है कि गलत कार्यों में कोई भी संलिप्त हो उसपर कार्यवाई होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस की छबि धूमिल हुई है।

सीसीएलकर्मी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। एसबीए पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मी कामेश्वर प्रसाद के सेवानिवृति पर बुधवार को बलकुदरा खदान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजल हुआ। समारोह में बलकुदरा के मैनेजर आरके वर्णवाल ने सेवानिवृतकर्मी कामेश्वर प्रसाद को फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान सहकर्मियों ने भी कामेश्वर प्रसाद को उपहार भेंट कर विदाई देते हुए उनके स्वस्थ्य शरीर व सुखद जीवन की कामना की। इधर माइनिंग सरदार पद पर कार्यरत प्रकाश वर्मा का भुरकुंडा परियोजना से अरगडा एरिया में ट्रांसफर होने पर फेयरवेल दी गयी। मौके पर प्रकाश वर्मा का फूल माला पहनाकर सहकर्मियों ने स्वागत करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर बबलू कुमार, अनुज कुमार सिंह, पप्पू सिंह, शशि भूषण सिंह, एसएम राजकुमार, मनोज राम, ओम प्रकाश ओझा, शैलेंद्र सिंह, रामानुज प्रसाद, बसंत बासपत, रामदेव महतो, प्रभास दास, अजीत सिन्हा, दयानंद कल्लू, प्रदीप राम, बिंदु बेदिया, बुधनी देवी, मिथिलेश पासवान सहित बलकुदरा के दर्जनों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थें।

पंकज राज बने हिंदू राष्ट्र संघ के चतरा जिला प्रभारी

टंडवा/चतरा (आजाद सिपाही)। देश और राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सोच और प्रभावशाली कार्यप्रणाली को देखते हुये क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन के बदौलत युवा समाजसेवी पंकज राज को हिंदू राष्ट्र संघ के जिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। हिंदू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केसरी और प्रदेश संगठन महामंत्री दीप प्रकाश नारायण ने नियुक्ति पत्र जारी कर मनोनीत किया गया। लोगों की माने तो पंकज राज की सामाजिक छवि बहुत ही सुशील वा दिलेर है, उनकी दृढ़ संकल्प से भविष्य में संघ को आगे विकास के साथ मजबूत करने दिखाई पड़ता है। अंततः जनता के दिलों में राज करने वाला पंकज राज का हिंदू राष्ट्र संघ के चतरा जिला प्रभारी नियुक्त होने से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, शिक्षक अनिल दास, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अक्षयवट पाण्डेय,जिला महामंत्री मिथलेश कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, समेत कई ने बधाई और शुभकामनाये दिया है।

जिले में चल रहे विकास कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को लाभान्वित करें

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रीमैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में डीसी ने शेष बचे बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने और सभी योग्य लोगों को राशन काई देने का निर्देश दिया

सभी खेल मैदानों में अनिवार्य रूप से चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में बुधवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीसी ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने के तहत हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं, प्रीमैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में डीसी ने शेष बचे बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने के लिए कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देशः जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुये ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। डीसी ने योजना संबंधित लाभ के वितरण कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

ससमय म्यूटेशन संबंधित कार्यो को पूर्ण करने का निर्देशः अंचलवार लंबित दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी अधिकारियों को ससमय म्यूटेशन संबंधित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, डीसी ने भूमि, जाति, आय, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र लोगों को आसानी से उपलब्ध हो इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

पेंशन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देशः विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कराकर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे। वहीं, उन्होंने पेंशन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देशः दिव्यांगजनों को आसानी से दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्देनजर डीसी ने सिविल सर्जन को विभिन्न स्तरों पर शिविर आयोजित करने एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ समन्वय कर शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

योग्य लोगों का राशन कार्ड से नाम हटाने का निर्देशः जिले के सभी योग्य लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ देने के उद्देश्य से डीसी ने बैठक में उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को वैसे लाभुक जो योग्यता ना होने के बावजूद भी राशन कार्ड का लाभ ले रहे हैं उनका नाम राशन कार्ड से हटाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया।

आश्रितों को ससमय मुआवजा मिले इस दिशा में कार्य करने की जरूरतः बैठक में डीसी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हिट एंड रन मामले एवं मृत्यु संबंधित मामले की गंभीरता को समझते हुए संबंधित आश्रितों को ससमय मुआवजा मिले इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। इस संबंध में डीसी ने त्वरित रूप से आश्रितों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

लक्ष्य के विरुद्ध कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देशः मिशन अमृत सरोवर के तहत हो रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में डीसी ने अब तक हुए कार्यों की जानकारी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों से ली। जिसके उपरांत डीसी ने लक्ष्य के विरुद्ध कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने सभी खेल मैदानों में अनिवार्य रुप से चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

बैठक में ये थे उपस्थित बैठक में अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, भू अर्जन पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

बोंगावार में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं संग की परिचर्चा

पीएम मोदी द्वारा झारखंड से आयुष्मान भारत का शुभारंभ करना ही झारखंड वासियों का सम्मानः लक्ष्मीकांत बाजपेयी

अमरजीत कुमार

कुजू (आजाद सिपाही)। मोतीराम कांप्लेक्स, बोंगावार में भाजपा मांडू विधानसभा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता संग परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मंत्री डॉ नागेंद्र सिंह रैना व लोकसभा कलस्टर प्रभारी सह प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, संचालन खिरोधर साहू व धन्यवाद ज्ञापन राजू चतुर्वेदी ने किया। जबकि विषय प्रवेश जिला प्रभारी शशिभूषण भगत ने की। परिचर्चा के दौरान लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि झारखंड का सर्वांगीण विकास किए बिना देश का विकास की बात करना बेमानी होगी। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा देशहित में अनगिनत कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि पीएम मोदी झारखंडवासियों की जटिल समस्याओं को करीब से समझा है। जिसमें आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ झारखंड प्रदेश से किया गया। जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारो को पांच लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज हो रहा है। वही, राष्ट्रीय मंत्री डॉ नागेंद्र सिंह रैना ने कहा कि स्वंय जम्मू कश्मीर से हूं। धारा 370 हटने के बाद पूरे राज्य में शांति बहाल है और आतंकवाद का नामोनिशान मिट गया है।

वही, सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि पीएम मोदी की देश प्रेम नीति की बदौलत भारत व क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। साथ ही, मांडू विधायक जेपी पटेल ने कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इस अवसर पर यदुनाथ पांडेय, रंजीत सिन्हा, रणंजय कुमार, प्रकाश मिश्रा, छोटन सिंह, दीनदयाल साहू, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, अमरेंद्र गुप्ता, मनोज गिरी, संजय शाह, तोकेश सिंह, नीरज झा, राजेंद्र कुशवाहा, धीरज साहू, मणिशंकर ठाकुर, अरुण कुशवाहा, रतन प्रसाद साहू, डिंपल प्रजापति सहित कई भाजपाई शामिल रहे।

निपुण भारत मिशन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला

शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैंः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जी 20 अंतर्गत 15 मई से 15 जून तक की अवधि को फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी थीम के रूप में चयनित किया गया है। इस दौरान फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी थीम के तहत देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में टाउन हॉल भवन में फाऊंडेशनल लिटरेसी एन्ड न्यूमैरेसी थीम के तहत निपुण भारत मिशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर पौधा देकर स्वागत किया गया।

नयी शिक्षा नीति के संबंध में विभिन्न जानकारियां : कार्यशाला को संबंधित करते हुए डीसी माधवी मिश्रा ने नई शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विभिन्न जानकारियां देने के क्रम में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी में एक है निपुण भारत मिशन (नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमैरेसी) जिसके तहत कक्षा 3 अथवा 9 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए एक ऐसे वातावरण का निर्माण किया जाना है, जिसमें बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को पर्याप्त रूप से सशक्त किया जा सके। मौके पर डीसी ने निपुण भारत मिशन के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों को कार्यशाला के दौरान बताई जाने वाली बातों को ध्यान पूर्वक सुनने और किसी भी प्रकार की दुविधा को कार्यशाला में ही दूर करते हुये जमीनी स्तर पर बच्चों के विकास की दिशा में कार्य करने की अपील की।

स्टालों का डीसी ने किया निरीक्षण : जिला स्तरीय कार्यशाला के दौरान निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करने के क्रम में डीसी ने निपुण भारत मिशन को रामगढ़ जिले में सफल बनाने के मद्देनजर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। वही, डीसी ने शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा स्टाल पर लगाए गए प्रदर्शनी की सराहना करते हुए सभी को निपुण भारत मिशन के तहत आगे कार्य कर रामगढ़ जिले में कक्षा 3 तक के बच्चों अथवा 9 वर्ष तक के बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को पर्याप्त रूप से सशक्त करने में अपना योगदान देने के लिए शुभकामनाएं दी।

जिले में किये जा रहे कार्यो पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने डाला प्रकाश : इससे पूर्व कार्यशाला के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा निपुण भारत मिशन के तहत विषय प्रवेश कराते हुए रामगढ़ जिले में इस संबंध में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यशाला का संचालन शिक्षक संजय राय एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने किया।

कार्यशाला में ये थे उपस्थित

कार्यशाला में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ, स्टेट प्रोजेक्ट लीड आईपीईएल केयर इंडिया सहित अन्य उपस्थित थे।

राजनीतिक ताकत के लिए एकजुटता जरूरीः रामचंद्र केशरी

भुरकुंडा में वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, 10 लोगों को दिया गया विशिष्ट वैश्य सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। भुरकुंडा एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरेज हॉल में बुधवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यकताओं का सम्मेलन मोर्चा आयोजित की गई। इसमें उत्तरी छोटानागपुर के अलावा रांची जिला के भी पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। जबकि संचालन केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद एवं बीरेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वैश्य समाज के 10 प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम स्वागत समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी एवं रेखा मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि राजनीतिक ताकत बनना है तो एकजुट होकर संघर्ष करने की आदत डालें। झारखंड में वैश्य समाज एक बड़ी ताकत है और वैश्य मोर्चा ने इन्हें एक पहचान दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अब किसी के पीछे चलने के बजाये आगे चलकर नेतृत्व सम्भालने का काम करें। केशरी ने कहा कि संघर्ष में दम होगा तो सरकारें भी आपकी बात सुनेगा। मैं हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा। सम्मेलन को कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरा नाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चैधरी (रातू), अश्विनी कुमार साहु (रांची), केंद्रीय उपाध्यक्ष परशुराम प्रसाद, अजित प्रजापति, लक्ष्मण साहु, उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद साहु, संगठन महासचिव रोहित शारदा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, कार्यकारी नम्रता सोनी आदि ने भी संबोधित किया।

सम्मेलन में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहले प्रस्ताव में कहा गया कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों-व्यवसायियों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमले, शोषण-दमन, हत्या, लूट पर रोक लगाने के खिलाफ आंदोलन को और तेज किया जायेगा। जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों से 200 प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर केंद्रीय महासचिव हरिनाथ साहु, संगठन सचिव रामाशंकर राजन, त्रिभुवन प्रसाद, शैलेन मंडल, रोहित कुमार साहु, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, गीता देवी, चिंता देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। सम्मेलन को सफल बनाने में मुकेशलाल सिंदूरिया, उपेन्द्र गुप्ता, श्रीनिवास अग्रवाल, देवकुमार पंडित, भुनेश्वर साव, उपेन्द्र शर्मा, जीवन गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए ये लोग हुए सम्मानित

सम्मेलन में अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए 10 लोगों को सम्मानित किया गया। इसमें डॉ. कामेश्वर प्रसाद, पूर्व निदेशक रिम्स (सांकुल) राम गोपाल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सेना से सेवानिवृत फौजी और किसान अमित साहु, अवधेश शर्मा, डॉ. रामबली प्रसाद, आकांक्षा मित्तल बैंकर्स (पीएनबी) सहित स्व. जगदीश प्रसाद वर्णवाल, स्व. गुलाब चंद्र अग्रवाल एवं स्व. भुनेश्वर साव शामिल हैं।

27 प्रतिशत आरक्षण के लिए संघर्ष जारी रहेगा: महेश्वर साहु

अपने अध्यक्षीय भाषण में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। वैश्य मोर्चा ने अपने संघर्षों के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। वैश्य मोर्चा ने अपने संघर्षों के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आज अगर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला सरकार और विपक्ष के लिए मुद्दा बना हुआ है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान वैश्य मोर्चा के कार्यकताओं का है। उन्होंने कहा कि संगठन और सामाजिक एकता में बहुत ताकत होती है, वैश्य समाज एकता बना कर चले तो हर मुसीबतों का सामना किया जा सकता है।

न्यूड माने अश्लील नहीं

एक युवा मां के अपनी सेमी न्यूड बॉडी पर बच्चों को पेंट करने की इजाजत देने के मामले में आया केरल हाइकोर्ट का हालिया फैसला कई लिहाज से अहम है। यह मामला 2018 का है, जब केरल की 33 वर्षीया एक महिला का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। विडियो में महिला के दो नाबालिग बेटे उसके शरीर के ऊपरी हिस्से को पेंट करते दिख रहे थे। न केवल सोशल मीडिया, बल्कि मीडिया के भी एक वर्ग ने इस विडियो को अश्लील और आपत्तिजनक बताया। इस मामले में पुलिस ने भी महिला के खिलाफ केस दर्ज किया। उन पर चाइल्ड सेक्स एब्यूज से जुड़े पॉक्सो एक्ट और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के साथ ही आइटी एक्ट की भी धाराएं लगायी गयीं। अब कोर्ट ने महिला को सारे आरोपों से बरी करते हुए मुख्य तौर पर दो बातों को रेखांकित किया है। एक तो यह कि नग्नता का मतलब हमेशा अश्लीलता नहीं होता और दूसरी बात यह कि नैतिकता और वैधानिकता दो अलग बातें हैं। जो बात किसी एक, दो या कई सारे लोगों को अनैतिक लगती है, वह किसी और को नैतिक लग सकती है। यह भी याद रखना चाहिए कि जिसे कुछ लोग या लगभग हर कोई अनैतिक मान रहा हो, वह भी जरूरी नहीं कि गैरकानूनी भी हो। हमारे समाज में खासकर पिछले कुछ समय से नग्नता को अश्लीलता का पर्याय समझने का ट्रेंड मजबूत हुआ है। इसे लेकर संवेदनशीलता और असहिष्णुता भी बढ़ी है। नतीजा यह कि ऐसे मामलों पर समाज की प्रतिक्रिया कुछ ज्यादा ही आक्रामक नजर आती है। इस मामले में भी न केवल आम लोगों की तीखी प्रतिक्रिया सामने आयी बल्कि पुलिस ने भी बेहद संगीन धाराएं लगा दीं। इससे महिला अधिकार कार्यकर्ता इस युवा मां के इस रुख की पुष्टि ही हुई कि समाज की पितृसत्तात्मक सोच महिलाओं के उसके अपने शरीर पर अधिकार को भी मान्यता नहीं देती और इसलिए इस अधिकार को रीक्लेम करने की जरूरत है। ध्यान रहे, यह महिला सबरीमला मंदिर में प्रवेश को लेकर चले आंदोलन का भी हिस्सा रही हैं। ऐसे में हाइकोर्ट का अपने फैसले में यह याद दिलाना महत्वपूर्ण है कि भारत में तमाम पुराने मंदिरों में देवी-देवताओं की नग्न मूर्तियां रखी हैं, जहां इन्हें देख कर सेक्शुअल भाव नहीं आते। एक मां का अपने शरीर को कैनवास के रूप में इस्तेमाल करने की इजाजत देना एक कलात्मक अभिव्यक्ति से जुड़ा मसला है, जिसे अश्लील मानने का कोई कारण नहीं है। यह भी कि जिस समाज में पुरुष अपने सिक्स पैक ऐब्स का खुलेआम प्रदर्शन करते हों और उस पर कहीं से कोई आपत्ति न आती हो, उसी समाज में किसी महिला के शरीर के ऊपरी हिस्से को उसके अपने नाबालिग बच्चों का पेंट करना अश्लील मान कर उसके खिलाफ पॉक्सो जैसी धाराएं लगा दी जायें, तो यह समाज की दृष्टि में निहित गहरे भेदभाव का सबूत है, जिस पर अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

हाइकोर्ट का अपने फैसले में यह याद दिलाना महत्वपूर्ण है कि भारत में तमाम पुराने मंदिरों में देवी-देवताओं की नग्न मूर्तियां रखी हैं, जहां इन्हें देख कर सेक्शुअल भाव नहीं आते।

अभिमत
आजाद सिपाही

हरित भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा को वैश्विक मान्यता मिली है। पिछले नौ वर्षों में उत्पादन क्षमता में 175 जीडब्ल्यू से अधिक की वृद्धि के साथ, भारत बिजली की कमी वाले देश से एक बिजली अधिशेष राष्ट्र में परिवर्तित हो गया है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए देश की प्रतिबद्धता ने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

भारत के विद्युत क्षेत्र में परिवर्तन: सतत ऊर्जा और सार्वभौमिक पहुंच की ओर बढ़ते कदम

पीआइबी रिसर्च यूनिट

भारत के बिजली क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को विश्वसनीय, किफायती और सतत ऊर्जा प्रदान करना है। पिछले 9 वर्षों में, बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने, बिजली तक पहुंच का विस्तार करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और अभिनव नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यहां हम उन प्रेरणादायक उपलब्धियों और बदलाव लाने वाली पहलों पर विचार कर रहे हैं, जिन्होंने भारत के बिजली क्षेत्र को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

हरित भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा को वैश्विक मान्यता मिली है। पिछले नौ वर्षों में उत्पादन क्षमता में 175 जीडब्ल्यू से अधिक की वृद्धि के साथ, भारत बिजली की कमी वाले देश से एक बिजली अधिशेष राष्ट्र में परिवर्तित हो गया है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए देश की प्रतिबद्धता ने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सौर और पवन ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि ने नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में विश्व के अग्रणी देश के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है।

आज, भारत नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता के संदर्भ में पूरी दुनिया में चौथे स्थान पर है, इसकी कुल स्थापित बिजली क्षमता का 43% गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों पर आधारित है।

ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

बिजली उत्पादन और सार्वभौमिक विद्युतीकरण के लिए भारत की प्रतिबद्धता इस परिवर्तन की प्रेरणा-शक्ति रही है। प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) पहल को सफलता के प्रतीक के रूप में मान्यता मिली है, जिसके तहत सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण हासिल करने के लिए देश के हर गांव और जिले को कवर किया गया है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत, 25 सितंबर, 2017 से ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली की सुविधा से वंचित 2.86 करोड़ परिवारों को बिजली कनेक्शन प्रदान किये गये हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आइइए) ने इसे बिजली सुविधा तक पहुंच के संदर्भ में, बिजली के इतिहास में दुनिया का सबसे तेज विस्तार कहा है।

ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। बिजली की उपलब्धता, ग्रामीण क्षेत्रों में 2014 के प्रति दिन लगभग 12 घंटे से बढ़ कर वर्तमान में 22.5 घंटे प्रति दिन और शहरी क्षेत्रों में लगभग 24 घंटे तक हो गयी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए, 2014 में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाइ) शुरू की गयी थी। डीडीयूजीजेवाइ कार्यक्रम ने 28 अप्रैल, 2018 को 18,374 गैर-विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण करके 100% ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल किया। इसके लिए वितरण नेटवर्क को मजबूत किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि बिजली ग्रामीण भारत के हर कोने तक पहुंचे।

सरकार द्वारा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के प्रयासों के भी उल्लेखनीय परिणाम सामने आये हैं। किफायती एलइडी द्वारा सभी के लिए उन्नत ज्योति (उजाला) योजना के तहत, 2014 और 2019 के बीच एलइडी बल्बों की खरीद कीमत में लगभग 90% की कमी आयी है। एक एलइडी बल्ब की कीमत 310 रुपये से घट कर 39.90 रुपये रह गयी है। इस योजना के तहत अब तक 36.86 करोड़ से अधिक एलइडी बल्ब वितरित किये जा चुके हैं। इस पहल से न केवल घरों में बिजली की लागत कम हुई है, बल्कि एलइडी बल्बों के घरेलू निर्माण को भी बढ़ावा मिला है और मेक इन इंडिया अभियान को समर्थन मिला है। परिणामस्वरूप, भारत ने ऊर्जा-कुशल प्रकाश समाधानों को व्यापक रूप से अपनाया है, जिसने ऊर्जा की खपत को कम करने के साथ हरित पर्यावरण में भी योगदान दिया है।

बिजली वितरण की दक्षता बढ़ाने के लिए, सरकार ने पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) जैसी पहलों को लागू किया है। आरडीएसएस से बिजली वितरण कंपनियों का वितरण घाटा वित्त वर्ष 2020-21 के 21.5% से कम होकर वित्त वर्ष 2021-22 में 16.5% रह गया है। ये पहलें; तकनीकी और वाणिज्यिक घाटे को कम करने, मीटर और बिल प्रणाली में सुधार करने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। स्मार्ट ग्रिड, उन्नत मीटर अवसंरचना और मांग प्रतिक्रिया व्यवस्था के एकीकरण से ग्रिड स्थिरता में वृद्धि हुई है और उपभोक्ताओं को अपनी ऊर्जा खपत को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने की सुविधा मिली है।

2014 से भारत के बिजली क्षेत्र में हुए बदलाव, प्रगति और सहनीयता की एक उल्लेखनीय गाथा है। सार्वभौमिक विद्युतीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा का तेज विस्तार, बेहतर वितरण प्रणाली और बढ़ी हुई ऊर्जा दक्षता जैसी उपलब्धियों के साथ भारत ने दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण पेश किया है। हितधारकों की भागीदारी के साथ भारत सरकार की प्रतिबद्धता से देश स्थायी, किफायती और विश्वसनीय ऊर्जा संचालित भविष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा के दौरान, भारत के बिजली क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए निरंतर निवेश, नवाचार और सहयोग महत्वपूर्ण होगा, ताकि देश के सभी नागरिकों के लिए एक उज्ज्वल व समृद्ध कल सुनिश्चित किया जा सके।



जमशेदपुर की खबरें

थाने में लगे वाटर कुलर का एसडीपीओ ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। भीषण गर्मी को देखते हुए स्वयंसेवी संस्था के द्वारा आदित्यपुर थाना परिसर में शीतल जल के लिए वाटर कूलर उपलब्ध कराया गया। बुधवार को आदित्यपुर थाना परिसर में जलधारा योजना के तहत वाटर कूलर का विधिवत उद्घाटन एसडीपीओ हरविंदर सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर संस्था के महिला सदस्य मौजूद रहीं। संस्था का संचालन महिलाओं के द्वारा की जाती है। संस्था द्वारा अब तक जमशेदपुर और सरायकेला में कुल 7 वाटर कूलर इंस्टॉल किया गया। महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने बताया कि इससे थाना में आने- जाने वाले लोगो को भीषण गर्मी के मौसम में काफी सहूलियत मिलेगी। वहीं संस्था के सदस्यों ने जल्द ही ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए वाटर कूलर लगाने की बात कही। मौके पर थाना प्रभारी राजन कुमार,एएसआई आदित्य कुमार, सुमन सौरभ,चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आंनद मुनका सहित संस्था के कई महिला सदस्य शामिल रहे।

सामाजिक सेवा संघ ने शिव चर्चा की महिला टीम को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित मध्य गदड़ा पंचायत के राहड़गोड़ा मे शिव चर्चा कार्यक्रम में शामिल महिला टीम के बीच सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत के नेतृत्व में महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी ने शिव चर्चा का प्रसाद ग्रहण किया। सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश कामत ने बताया कि शिव चर्चा की शकुंतला देवी की महिला टीम पूरे गांव में काफी सक्रिय है। टीम ने घर घर में जाकर महिलाओं को शिव चर्चा के लिए आमंत्रित करती है। उनकी टीम शिव चर्चा के माध्यम से शिव शक्ति में लीन रहती हैं। शिव चर्चा के माध्यम से क्षेत्र के महिलाओं को एकत्रित कर भगवान से सभी के परिवार में सुख शांति के लिए कामना करती है। वैसे महिलाओं का मनोबल ऊंचा करने के लिए संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया।

पूर्व विधायक की पहल पर 20 वर्षों के बाद नाली की सफाई

स्थानीय लोगों ने कुणाल षाड़ंगी के प्रति जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा स्थित परसुडीह मखदुमपुर में बीते 20 वर्षों से नाला जाम होने से गंदगी और जल जमाव से स्थानीय लोग काफी परेशान रहे। स्थानीय लोगों ने नाले की साफ सफाई के लिए संबंधित पदाधिकारियों को कई बार लिखित शिकायत की, लेकिन किसी ने पहल नहीं की। बुधवार को पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने खुद उपस्थिति होकर पोकलेन के सहयोग से नाले की साफ-सफाई शुरू कराई। स्थानीय लोगों के अनुसार परसुडीह क्षेत्र के ग्वाला बस्ती और गोल पहाड़ी के नाले का पानी इसी बड़े नाले के सहारे निकलती है, लेकिन वर्षों से नाले के जाम होने पर चंद घंटों की बारिश में ही पूरे मखदुमपुर बस्ती के घरों में नाले का गंदा पानी भर जाता था। जबकि सड़क के बगल में काली मंदिर और शिव मंदिर है। मंदिर में भी बारिश का पानी भर जाता है। साथ ही राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समस्या को लेकर पूर्व में कई बार मखदुमपुर वासी रेलवे के पदाधिकारियों और कार्यालय में ज्ञापन सौपा, लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नही हुई। समाजसेवी आकाश श्रीवास्तव ने पूर्व विधायक सह भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी से समाधान का आग्रह किया था। उन्होंने बस्तीवासियों के समस्या को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए एक हफ्ते में साफ-सफाई कराने का आश्वासन दिया था। बुधवार को कुणाल षाड़ंगी ने रेलवे से अनापत्ति पत्र प्राप्त करवाकर व्यक्तिगत स्तर पर पोकलेन मशीन की व्यवस्था कर नाले की साफ-सफाई शुरू करवाई। कुणाल ने खुद कार्यस्थल पर पहुंचे और सहयोग के लिए मौजूद रेलवे के पदाधिकरियों का आभार जताया। उधर स्थानीय लोगों ने 20 वर्षों से के बाद नाले की साफ-सफाई होने पर कुणाल षाडंगी के प्रति आभार जताया। मौके पर श्री षाड़ंगी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता और उदासीनता के कारण वर्षों से नाले की साफ-सफाई नही की गयी। नालों की सफाई नहीं होने के कारण बदबू और मच्छरों से लोग परेशान रहे। बारिश के दौरान जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने सरकार से बारिश से पूर्व शहर के सभी बड़े नालों को सफाई कराने की मांग की। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य सुदीप्तो डे राणा, आकाश श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, ओम प्रकाश रजक, बबीता सिंह, ऋतिका श्रीवास्तव, सूर्या श्रीवास्तव, बसंत श्रीवास्तव, अंकित कुमार, प्रदीप कुमार, प्रेम श्रीवास्तव, प्रेम कुमार, दिवाकर सिन्हा,विजय शर्मा समेत अन्य शामिल रहे।

रेल दुर्घटना के मृतकों को शौर्य संस्था ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था शौर्य ने गोलमुरी कार्यालय में बीते दिनों ओड़िशा के बालासोर में हुए भीषण रेल दुर्घटना में मृत्यु हुई दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार को दीप प्रज्वलित कर दर्दनाक रेल दुर्घटना के मृतकों की आत्मा के शांति के लिए प्राथना की। साथ ही दुर्घटना में घायल सैकड़ो रेल यात्रियों को जल्द स्वास्थ लाभ मिले इसके लिए भगवान से प्राथना की। मौके पर संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने बताया यह रेल दुर्घटना बहुत ही दर्दनाक हैं। जहा तीन ट्रेने की आपस में भिडंत हुई। सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गवाई हैं। वही सैकड़ो लोग घायल भी हुए हैं। शौर्य संस्था दिवंगत यात्रियों के आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करती है। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, हलधर नारायण साह, श्रीराम प्रसाद,तेजिंदर सिंह जोनी, गौतम दास, बंटी सिंह, बिनोद गुप्ता, रोशन सिंह, अनिल अग्रवाल, अमित मिश्रा,गोगु घोष, जसवंत सिंह, मुनचुन प्रसाद ,धनेश्वर सिंह, संजय शर्मा, विशाल उपाध्याय, सागर गुप्ता, नारायण प्रसाद, रोशन सिंह, लकी कुमार, बिस्वजीत रंजन, राहुल कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी के साथ पेयजल संकट से बढ़ी लोगों की परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

कांड्रा। सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा में भीषण गर्मी के दौरान स्थानीय लोग पेयजल के लिए त्राहिमाम है। उपायुक्त के आदेश के बाद भी 80% से ज्यादा जल मीनार, दर्जनों चापाकल खराब पड़े है। वही कुआं पूरी तरह से सूख गये है। उधर पाइप लाइन से जलापूर्ति के लिए 5 हजार रुपये की मांग पर आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। भीषण गर्मी में पारा सातवें आसमान पर है। गर्मी झेल रहे लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कांड्रा और आसपास के क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। लोग बूंद बूंद शुद्ध पेयजल के लिए त्राहिमाम हैं। जबकि गर्मी के पूर्व में ही जिले के उपायुक्त प्रत्येक गांव में खराब पड़े चापाकल को दुरुस्त करने का आदेश निर्गत किया था, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक उदासीनता ने उपायुक्त के आदेश के बावजूत लोगो की परेशनी बढ़ा दी है। वही लाखों रुपये की लागत से बनाए गये जल मीनार देखभाल और रखरखाव के अभाव में खराब पड़ी है।

भाजपा नेता से मिले प्रसिद्ध लेखक अंशुमन भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर के रहने वाले देश के प्रसिद्ध लेखक आई टी के जानकार अंशुमन भगत भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। बुधवार को उनके आवास में मुलाकात के दौरान अपनी लिखी पुस्तक राजनीतिक घेराव और एक सफर मेंइ का एक प्रति भेट की। उन्होंने किताब लिखने के उद्देश्य व देश के यूवाओ को जागरूक करने के प्रयास की जानकारी दी। उन्होंने बताया और भी किताबो की रचना कर रहे है। इस वर्ष राजनीतिक घेराव पुस्तक ऑनलाइन मार्केट में सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक रही। साथ ही काफी धूम मचाया है। उन्होंने जमशेदपुर व राज्य के राजनीतिक गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एक पुस्तक उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेट करना चाहते है। दिनेश कुमार ने हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की।

नशे में धुत था ड्राइवर, इसलिए हुआ हादसा

सुबह के समय हुई दुर्घटना ने नशा कर वाहन चलाने का दुष्परिणाम फिर उजागर किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा/कांडी। थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़दाग मोड़ के समीप बुधवार की सुबह कांडी से गढ़वा जा रही सिंगारा नामक बस अनियंत्रित होकर 10 फिट गहरे खाई में जा गिरी। जिससे लगभग दो दर्जन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या JH03AE2219 सिंगरा बस सुबह 5 बजे कांडी प्रखंड के चौबे मझिगावां से गढ़वा के लिए निकली थी, कांडी के बाद बस सवारियों से खचाखच भरी हुई थी। सवा छः बजे बस कुछ ही दूर निकली होगी कि घोड़दाग मोड़ के समीप सड़क से 10 फिट नीचे खाई में जा पलटी और बस के चारो चक्के ऊपर की ओर हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों व बस पर सवार यात्रियों के अनुसार चालक की लापरवाही की वजह से बस खाई में गिरी। घायलों ने आरोप लगाया कि चालक नशे में धूत था।

बस दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी। मौके पर उपस्थित लोगों ने घायलों को बस के अंदर से निकला व उनके परिजनों को सूचना दी। इधर बस दुर्घटना की सूचना पाकर अपने दलबल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार, लमारी कला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह व कांडी मुखिया विजय राम ने घायलों को एम्बुलेंस व पुलिस की गाड़ी के साथ साथ कई निजी वाहनों को रोककर रेफरल अस्पताल मझिआंव एवम गढ़वा सदर अस्पताल भेजवाया। गनीमत यह रही कि बस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। किन्तु कई लोगों के हाथ व पैर टूटने के साथ साथ कई लोगों के सिर, कमर व अंदरूनी भाग में चोट आयी है। बस दुर्घटना में चौबे मझिगावां की रागिनी चौबे, श्रीनगर की बेबी देवी, दारीदह-नागेन्द्र सिंह, हरीगांवा लालमणि देवी, कांडी रवि कुमार, सड़की नीरज कुमार, घटहुआ पूनम देवी सहित सड़की गांव निवासी उपेंद्र पटवा के 28 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार, छोटकी चटनीयां गांव के टोला सूगही निवासी गया साह के 42 वर्षीय पुत्र मुखलाल साह, हरिगांवा गांव निवासी जोगेश्वर राम के 24 वर्षीय पुत्री सुषमा कुमारी, चौबे मझीगांवा गांव निवासी गिरधारी रजवार के 40 वर्षीय पत्नी तेतरी देवी, व बुधन रजवार के 12 वर्षीय पुत्र संजय कुमार, रमना थाना क्षेत्र के भागोडीह गांव निवासी विश्वनाथ पाल के 60 वर्षीय पुत्र नथूनी पाल, डूमरसोता गांव निवासी बच्चा राम सहित 60 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी 40 वर्ष, और पलामू जिले के जोगा करकट्टा गांव निवासी अंतू राम के 57 वर्षीय पुत्र सीताराम, पलामू जिला के मेदनीनगर गांव निवासी पूनम देवी 52 वर्ष पति अखिलेश शर्मा 58 वर्ष, कांडी थाना क्षेत्र के चटनिया गांव निवासी जादू राजमार्ग 42 वर्ष, अरुण कुमार की पत्नी ममता देवी 32 वर्ष उसका 15 दिन का पुत्र, गढ़वा थाना क्षेत्र के चिनार गांव निवासी रामनाथ राम की पत्नी शांति देवी 50 वर्ष गढ़वा थाना क्षेत्र के सहिजना मोहल्ला निवासी जितेंद्र पाल की पत्नी सुनीता देवी 35 वर्ष, उसकी पुत्री अनामिका कुमारी 15 वर्ष, पुत्र शुभम पाल 12 वर्ष, कांडी थाना क्षेत्र के नैना बार, गांव निवासी अजय प्रसाद की पत्नी ममता देवी 40 वर्ष, पुत्री दिव्या कुमारी 24 वर्ष, सांडी थाना क्षेत्र के धारीदार गांव निवासी नागेंद्र सिंह 60 वर्ष पत्नी लाखो देवी 55 वर्ष, कांडी थाना क्षेत्र के मझिगावा गांव निवासी ननकु यादव का पुत्र मकसूदन यादव 60 वर्ष, अमरनाथ यादव की पत्नी रजनी देवी 30 वर्ष, पुत्र उत्कर्ष यादव 1 वर्ष, कांडी थाना क्षेत्र के राजाघटउआ गांव निवासी महादेव राम का पुत्र राजेश्वर राम 65 वर्ष, सड़की गांव निवासी श्याम देव राम 65 वर्ष, अनूप चौबे की पत्नी रागनी तिवारी 34 वर्ष, पुत्र लोकेश चौबे 4 वर्ष, पुत्री अदिति चौबे 18 माह का नाम शामिल है।

चल रहा है इलाजः इधर घटना के बाद सदर अस्पताल में चिकित्सक डॉ पियूष प्रमोद, डॉ प्रशांत प्रमोद, डॉ तरुण कुमार, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ संजय कुमार, सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों का इलाज कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों से हालचाल जाना और उन्हें हर संभव मदद करने की बात कही।

रंका में 'झामुमो सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत चलाए जा रहे झामुमो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को कंचनपुर पंचायत में पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी उर्फ बब्लू जी की अध्यक्षता में आम ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रभारी के रूप में रंका प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण जनता को सरकार एवं झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी तथा ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना गया और समाधान करने की आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा पेयजल के लिए नया चापाकल लगाने और मरम्मती कराने, राशनकार्ड बनाने, पेंशन चालू कराने, आवास योजना का लाभ दिलाने तथा रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किया गया। जिसे पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय राम भुईयां, पंचायत सचिव मधुसूदन राम, सफिक अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

वरीय शिक्षक शंकर चंद्रवंशी का निधन

वशुनपुरा (आजाद सिपाही)। दर्शन शास्त्र के वरीय शिक्षक शंकर चंद्रवंशी उम्र 65 का निधन उनके पैतृक आवास विशुनपुरा में हो गया। उनके निधन की खबर सुन कर पूरे क्षेत्र में शो की लहर दौड़ पड़ी। उनके पार्थिव शरीर की झलक पाने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। उनका शव यात्रा में विभिन्न गांवों से सैकड़ो लोग शामिल हुये। उनका अंतिम संस्कार बाकी नदी के तट पर किया गया। शिक्षक शंकर चंद्रवंशी मृदुल व्यवहार से गांव तथा क्षेत्र मे काफी लोकप्रिय थे। शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए कई बार सम्मानित भी किया गया था। इनके द्वारा पढ़ाए गए बच्चे आज देश के सर्वोच्च सरकारी संस्थान में अपना योगदान दे रहे हैं। इन्होंने अपने पूरे जीवन शिक्षा के क्षत्र में निः स्वार्थ भाव से योगदान दिया है। इनके द्वारा पढ़ाये गए लगभग 50 बच्चे न्योदय एवम नेतरहाट विद्यालय में पढ़ रहे है। वे प्रखंड में न्योदय एवम नेतरहाट विद्यालय के कंपटीशन की तैयारी के लिए एक मात्र शिक्षक थे। इनके निधन से पूरा क्षेत्र आहत हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को संघर्ष कर मंजिल पाने की सलाह दी। साथ ही अपने जीवन से जुड़ी यादों को बच्चों के साथ साझा किया करते थे। इनके निधन पर शिक्षक संघ, व्यवसायी संघ, राजनीतिक, समाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है। शव यात्र में शिक्षक रामेश्वर चंद्रवंशी, रविंद्र प्रताप देव, प्रभु चंद्रवंशी, भोलानाथ साहू, अशोक मेहता, पंकज कुमार गुप्ता, मुकेश चंद्रवंशी, राजाराम, प्रमोद चंद्रवंशी, रामरति मेहता, दयानंद गुरुजी, डॉ श्यामलाल गुप्ता, कृष्णा विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

यज्ञ से प्रसन्न होते हैं भगवानः गौरीश पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। थाना क्षेत्र के करुई गांव के नवनिर्मित मां कामाख्या मंदिर में मूर्ति स्थापित सह पांच दिवसीय महायज्ञ में चल रहे प्रवचन के दौरान वृंदावन से आये ज्ञाता के भंडार गौरीश पांडेय ने कहा कि यज्ञ करने से भगवान प्रसन्न होते हैं। उन्होंने मंगलवार के रात्रि प्रवचन के दौरान कहा कि जिस स्थान पर यज्ञ का आयोजन होता है वहां का वातावरण शुद्ध होता है। वैसे स्थान पर भगवान का वास होता है। वही हिंदु धर्म में मां गंगा की अहम स्थान है। परंतु हम सभी अज्ञानतावश गंगा जी को दूषित करते जा रहे हैं। जिससे गंगा जी की अस्तित्व खतरे में है। इसके बाद वे भगवान राम जन्मोत्सव की कथा पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ के यहां राम भगवान का जन्म होने पर राजा दशरथ के द्वारा धन-धान्य लुटाया जा रहा है, तथा उनके दरबार में भगवान के जन्म पर सोहर और बधाइयां महिलाओं द्वारा गायी जा रही थी, तो दुसरी तरफ राजा दशरथ के द्वारा खुलकर खजाना लुटाया जा रहा था तथा हाथी, घोड़े सहित अन्य खजाना भी दान किया जा रहा था, और मिठाइयां बांटी जा रही थी। उन्होंने बधाई सोहर गाते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ललनवा जन्म लेले रघुराई की, बॅटेला नगर में मिठाई, त दशरथ जी लुटावे ले हाथी - घोड़ा, लोग गांवेला बधाई। इसके बाद भगवान राम जी की दरबार की झांकी निकाली गयी। जिसमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न और ऋषि महर्षि के रूप में झांकी का प्रदर्शन किया गया, जो लोगों का मन मोहने वाला साबित हुआ तथा आरती बंदना भी की गयी।

पिकअप वैन से गिरकर युवक घायल

मझिआंव (आजाद सिपाही)। कांडी थाना क्षेत्र के राजा घटहुआ गांव निवासी अवधेश राम के 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार बरडीहा थाना क्षेत्र के कुंदरहे मोड़ पर पिकअप से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में रेफरल अस्पताल में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे स्थिति गंभीर होने के कारण सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सूरज कुमार पिकअप वैन पर लदा हुआ डीजे बजाने मझिआंव की ओर आ रहा था कि बरडीहा थाना क्षेत्र के कुंदरहे मोड़ पर एक बिजली के पोल में टक्कर मार दिया, जिससे डीजे गाड़ी के उपर रखा गया डीजे पर बैठा युवक निचे गिरने से गंभीर रूप से घायल गया। जिसका माथा फट गया, जिसका स्थिति गंभीर बनी हुई है।

दिव्यांग दंपती की लड़की की शादी में झामुमो नेताओं ने किया सहयोग

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के ग्राम रंका खुर्द निवासी अत्यंत गरीब व्यक्ति द्वारिका राम दिव्यांग दंपत्ति की लड़की के शादी में झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर स्थानीय झामुमो नेताओं ने 40 किग्रा आटा तथा नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। बताते चलें कि उक्त दिव्यांग दंपत्ति का एक लड़का था जिसकी मृत्यु कोरोना काल में हो गई। दोनों दंपति किसी तरह जीवन यापन गुजर बसर कर एक लड़की को पालन पोषण किया। लड़की जब युवा हुई, तब उसकी शादी करने की जरूरत पड़ी। शादी के लिए गरीब दिव्यांग दंपत्ति माता पिता ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से सहयोग देने कि माग किया गया और रंका झामुमो के पदाधिकारी कार्यकर्ता से संपर्क कर गुहार लगायी। जिसका संज्ञान लेते हुये युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के नेतृत्व में युवा टीम ने घर पहुंच कर सहयोग किया गया। इस सहयोग के बाद दिव्यांग देपत्ति माता पिता के आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े और ढेरों सारी दुआएं दी हैं। इस अवसर पर शिक्षक अशोक चंद्रवंशी, राजकिशोर राम, संतोष कुमार रवि, बासदेव राम सहित घर परिवार के लोग उपस्थित थे।

रामगढ़ की खबरें

पूर्व पंचायत सेवक नरेश महतो का निधन गांव में शोक की लहर



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के ग्राम सांढ निवासी पूर्व पंचायत सेवक नरेश महतो 65 वर्षीय का निधन दिनांक 6 जून दिन मंगलवार रात्रि हो गई। इनके निधन से पूरा गांव शोक मैं डूब गया। इनका अंतिम संस्कार संढी नदी दुमोहना श्मशान घाट में बड़े पुत्र मुकलेश कुमार ने मुखाग्नि दी, इन्होंने अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्री व भरा पूरा परिवार छोड़ गए।शव यात्रा में गांव के अध्यक्ष कार्तिक महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, पंसस उपेन्द्र प्रसाद, खिरोधर प्रसाद मेहता, सजंय कुमार, मनोज कुमार, राजीव रंजन, मनोज कुमार, मुरलीघर दांगी सहित सैकड़ों ग्रामीणों संगें संबंधी रिश्तेदारों अग्नि संस्कार में शामिल हुये।

उत्कृष्ट विद्यार्थियों और शिक्षकों को बनहा विकास समिति ने किया सम्मानित

कटकमदाग (आजाद सिपाही)। कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत खपरियावां पंचायत में बनहा विकास समिति के द्वारा सरस्वती उच्च विद्यालय के छात्रों का सत्र 2022-23 की परीक्षा में सत प्रतिशत सफलता प्राप्त करने पर विद्यार्थियों और शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बनहा विकास समिति के अध्यक्ष सह कटकमदाग मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने तथा संचालन विद्यालय के शिक्षक प्यारे लाल गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि कटकमदाग उप प्रमुख विमल गुप्ता के द्वारा बारी बारी से सफल विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को बैग देकर सम्मानित कीया गया। शेष विद्यार्थियों को कलम देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सत्यम कुमार का रहा जिन्होंने 90.2%अंक हासिल किया जबकि शिक्षकों को कलम एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खपरियावां पंचायत के उपमुखिया बैजनाथ साव, कमिटी के सदस्य उगन साव, सीताराम साव, मीना गोप, दीपन साव, मंटू साव, सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।

गैड़ा में प्रतिभा सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

विष्णुगढ़। प्रखंड के गैड़ा पंचायत स्थित पांडेयडीह टोला में प्रतिभा सम्मान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दसवीं और इंटर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए छात्र छात्रों को माला पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिससे छात्र छात्राएं काफी उत्साहित थे।

आयोजनकर्ता गैड़ा पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन ने कहा कि यह गैड़ा पंचायत के लिए ऐतिहासिक दिन है गैड़ा पंचायत में पहली बार प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जिसका साक्षी यहां के तमाम लोग हैं। इस आयोजन का मकसद प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे भविष्य में और बेहतर मुकाम हासिल कर सके। मैं चाहता हूं के हमारे पंचायत के बच्चे भी बी.डी.ओ., सी.ओ., आई.ए.एस., आई.पी.एस. बने और हमारे पंचायत का नाम देश दुनिया में रौशन करें. आज 10th12th पास हुए बच्चों के साथ साथ जो लोग नौकरी ले चुके हैं उन्हें या उनके अभिभावक को सम्मानित किया जा रहा है ताकि पढ़ने वाले बच्चे उनसे प्रेरणा ले सकें। ई. डी. बैंक जम्मू में बतौर मैनेजर कार्यरत गैड़ा पांडेयडीह निवासी पुरण यादव ने कहा कि सतत प्रयास से सफलता मिलती है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुधीर सिंह, जरमुने पंचायत के उप मुखिया सह बगोदर उप मुखिया संघ के अध्यक्ष शेख मोकिम, उप मुखिया सुनील राणा, आनंद हलचल, फारूक मालिक, प. विनोद चंद्र शास्त्री, युवा समाज सेवी रविराज पाण्डेय, बिंदु देवी, अजय यादव, जीतलाल रजक, सुदन यादव, गुलबी कुमारी, विशाल यादव, नाजिया प्रवीण, सूफिया प्रवीण, शेख इम्तियाज, गोविंद यादव, दिलकश राजा, शेख सोहेल, सौरव सिंह, निसार अंसारी, शेख आदिल, शंभू यादव, तुफैल अहमद सिद्दीकी, नीतू कुमारी, कफिल अहमद सिद्दीकी, शेख महफूज, इनायत अली, रिशु रविदास, परमेश्वर तुरी, शेख दानिश, शेख मोबीन, रहमत आलम, फैजान मालिक, फिजा खातून समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।

बीडीओ ने किया प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें ग्राम हरली, बलिया और चोरका के आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडे ने आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविकाओं को सुचारू रूप से चलाने व त्रुटियों को सुधार करने की बात कहीं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, बीपीओ हीरो महतो, मुखिया कविता देवी, पंसस कोशिला कुमारी, बालेश्वर कुमार, रोजगार सेवक अशोक साव, वार्ड सदस रेखा कुमारी, रेनू देवी, सेविका, सुनीता देवी, प्रेमा कुमारी के अलावा अन्य उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची

विशेष मध्यस्थता अभियान

दिनांक – 12.06.2023 से 16.06.2023

स्थान :– मध्यस्थता केन्द्र, व्यवहार न्यायालय, राँची।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा दिनांक – 12.06.2023 से 16.06.2023 तक समय 07:30 बजे सुबह से 12:30 दोपहर तक विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परिवार न्यायालय से संबंधित मामलों एवं उसी से संबंधित अन्य मामले जैसे–दहेज उत्पीड़न, 498ए भा०द०वि०, घरेलू हिंसा, भरण–पोषण इत्यादि के मामले जो व्यवहार न्यायालय, राँची के विभिन्न न्यायालयों में लंबित है का निस्तारण आपसी सुलह–समझौतों के आधार पर किया जायेगा।

प्रस्तुत किये जाने वाले मामले

तलाक संबंधी मामले	दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले
वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले	भा0 द0वि0 की धारा–498ए के मामले
दत्तक ग्रहण के मामले	घरेलू हिंसा के मामले
भरण–पोषण के मामले	घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामले
बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले	
परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले	

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत लाभुक अपने मामलों को संबंधित न्यायालयों से मध्यस्थता केन्द्र में भेजवाकर विशेष अभियान के तहत उनका निस्तारण कराकर लाभ प्राप्त कर सकते है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय, रांची के कार्यावधि में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के कार्यालय में आ कर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची अथवा उनके दूरभाष सं0– 0651–2223351 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

अरुण कुमार राय
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

राहुल कुमार सिन्हा
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

किशोर कौशल
वरीय पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची।

PR.NO.299445 Law(23-24):D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,राँची

राँची जिलाअंतर्गत बिहार/झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम– 1935 तथा बिहार/झारखण्ड स्वावलंबी सहकारी समितियाँ अधिनियम 1996 के अंतर्गत निबंधित एवं वर्तमान में कार्यरत समितियों के लिए वर्ष 2023–24 से 2025–26 की अवधि में अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत अवस्थित जलकरों के अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण से संबंधित आवश्यक सूचना।

प्रस्ताव प्रेषण की अंतिम तिथि 26.06.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023–24 से 2025–26 की अवधि हेतु राँची जिला के ऐसे जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती की जानी है जिनकी बंदोबस्ती अवधि 31 मार्च, 2023 को समाप्त हो चुकी है या जो पूर्व से अबंदोबस्त है। संबंधित जलकरों की सूची जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचनापट्ट पर अंचलवार देखी जा सकती है या कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410, दिनांक 29.06.2011 के द्वारा अल्पकालीन बंदोबस्ती के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम – 1935 एवं 1996 के अंतर्गत निबंधित समितियों को समतुल्य करार दिया गया है। तदनुरूप राँची जिला में कार्यरत सभी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/स्वावलंबी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से वर्ष 2023–24 से 2025–26 की अवधि के लिये अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु उपलब्ध (सुचीगत) ऐसे जलकरों जो प्रस्तावक समिति के कार्यक्षेत्र अंतर्गत अवस्थित है की सुरक्षित जमा राशि पर अल्पकालीन बंदोबस्ती (वर्ष 2023–24 से 2025–26) हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

प्रस्ताव के साथ निम्नवर्णित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है :–

1. सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा वर्तमान कैलेन्डर वर्ष में निर्गत स्वच्छता–प्रमाण–पत्र।
2. आमसभा की कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
3. अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
4. विशेष आमसभा/निर्वाचन कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व से बंदोबस्त जलकरों की वितरण सूची (वर्षवार)।
6. पूर्व के बकायेदार नहीं रहने संबंधी प्रमाण–पत्र।
7. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
8. सदस्यता सूची की सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, राँची के द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में अवस्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बंदोबस्ती की अर्हता पुरी करती हो, तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बंदोबस्ती की जायेगी।

बंदोबस्ती का प्रस्ताव (स्वच्छता–प्रमाण–पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज के साथ) दिनांक 26.06.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि तक जिन जलकरों की बंदोबस्ती का प्रस्ताव प्राप्त नहीं होगा उनके खुले डाक से बंदोबस्ती की प्रकिया प्रारंभ की जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 299495 Fish(23-24).D

सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत रहें टेंपो चालकः अमृतेश्वर

स्टेशन परिसर में परिवहन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। स्थानीय टेंपो चालकों को जागरूक कर ट्रैफिक नियमों का अनुपालन करने और सड़क हादसों में कमी लाने को लेकर बुधवार को रेलवे स्टेशन परिसर में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी की अगुवाई में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टेंपो चालकों को ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। सड़क हादसों में कमी लाने की तकनीक बतायी गयी। मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधन अमृतेश्वर गिरी ने कहा कि टेंपो परिचालन के दौरान चालक किसी हाल पर शराब का सेवन नहीं करें। शराब पीकर टेंपो चलाने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। कहा, सड़क में जहां-तहां टेंपू खड़ा कर सवारी उठाने की आदत से टेंपो चालक परहेज करें। जहां-तहां अचानक टेंपो रोकने से अव्यवस्था उत्पन्न होती है। इससे भी सड़क हादसे होने की संभावना बनी रहती है। टेंपो चालक जागरूक होकर सड़क सुरक्षा के नियमों का ईमानदारी से अनुपालन करेंगे तो, सभी को सड़क पर चलने में सहूलियत होगी। परिवहन कार्यालय कर्मी अमरेंद्र कुमार ने भी इस मौके पर टेंपो चालकों और बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया।

उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिला शिष्टमंडल

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल बुधवार को लोहरदगा उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण से मुलाकात की और यहां के कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया, गुदरी बाजार स्थित ठकुराइन तालाब का सफाई करण किया गया जो कि स्वागत योग्य और सराहनीय कार्य है। इस ऐतिहासिक तालाब में गंदगी के साथ-साथ मिट्टी भर गया था। यहां के स्थानीय लोग लंबे समय से इसके जीर्णोद्धार करने की मांग करते आ रहे थे। नगर परिषद लोहरदगा के द्वारा अपने संज्ञान में लेते हुये यह कार्य कराया गया। जिसकी काफी प्रशंसा हो रही है। शिष्टमंडल ने उपायुक्त से कहा की ठाकुरान तलाब के चारों ओर काफी गड्ढाकरण हो जाने के कारण छठ व्रतियों के साथ-साथ आम नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इसको ध्यान में रखते हुये, गड्ढे करण के चारों ओर कम से कम एक और स्टेप सीढ़ी का निर्माण बरसात के पूर्व करवाने की मांग की। जिससे आम लोगों को कोई भी असुविधा ना हो। शिष्टमंडल में समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह के अलावा लोहरदगा जिला सेवा भारती के अध्यक्ष दीपक सर्राफ, शशि भूषण सिंह, अतुल्य कुमार आदि मौजूद थे।

बाल श्रम को रोकने के लिए चलाया गया जांच अभियान

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा श्रम विभाग के द्वारा बाल मजदूरों के विमुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पूरे जून माह में चलेगा। इसी क्रम में आज श्रम अधीक्षक दिनेश भगत के नेतृत्व में लोहरदगा के साइडिंग बस स्टैंड, पावरगंज, बगडू मोड़, अपर बाजार आदि क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में किसी भी प्रकार के बाल श्रमिक कार्य करते हुए नही पाये गये। श्रम अधीक्षक ने कहा है कि बाल श्रम प्रतिषेध और विनियमन अधिनियम 1986 की धारा 12 के तहत किसी भी प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों का और खतरनाक नियोजनों में 14 से 18 वर्ष के किशोरों का नियोजन प्रतिषेध है। उल्लंघन की स्थिति में 20000 रुपए से 50000 रुपये तक जुर्माना अथवा 6 मास से 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। बाल श्रम से संबंधित शिकायत या जानकारी के लिए आमजन टोल फ्री नंबर 18003456526 पर कॉल कर सकते हैं। मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, सीडब्ल्यूसी मेंबर सुशीला कुमारी, पीओआईसी अनुरंजन कुमार, चाइल्ड लाइन समन्वयक पीटर तिग्गा, चाइल्डलाइन सदस्य कुंती साहू, टीम मेंबर चाइल्ड लाइन मुकेश साहू, डिस्ट्रिक्ट फील्ड फैसिलिलेटर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के धीरेंद्र कुमार और सब इंस्पेक्टर अभिषेक तिवारी उपस्थित थे।

मन का मिलन पखवाड़े में पति-पत्नी के बीच हुआ समझौता

वर्षों से लंबित चार मामलों का सुलह से हुआ निबटारा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। झालसा रांची के तत्वाधान में तथा प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में चलाये जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा जो दिनांक 29 मई 2023 से लेकर 14 जून 2023 तक चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत पूरे लोहरदगा जिले में मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर और विशेषकर मध्यस्थता से सुलह सुनिश्चित करने को लेकर जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डालसा के पीएलबी इसका प्रचार-प्रसार गांव- गांव जाकर कर रहे है। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने बतलाया कि सिविल कोर्ट परिसर स्थित मन का मिलन पखवाड़ा बेंच में अब तक कुल 04 मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जा चुका है। दिनांक 6 जून 2023 को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, लोहरदगा श्री चंदन के यहां लंबित 2 वादों का निस्तारण किया गया जो 498 अ और चोरी से संबंधित केस और काउंटर केस था। दोनों केस के पक्षकार रेशमा परवीन और नसीम अंसारी ने आपसी सुलह के आधार पर दोनों वादों को समाप्त करने का निर्णय लिया। इसी प्रकार आज सात जून 2023 को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण के कोर्ट का चेक बाउंसिंग से संबंधित मुकदमे का निस्तारण मन का मिलन पखवाड़े के अंतर्गत किया गया जिसमें परिवादी इमरान आजाद अंसारी को द्वितीय पक्षकार सुनील बाखला ने 3,75,000 रुपये चेक की रकम अदायगी कर के आपस में केस सुलह कर लिया। एक अन्य केस जो न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल के यहां घरेलू हिंसा अधिनियम से संबंधित था में परिवादी सोनी कुमारी ने स्वेच्छा से अपने पति सतीश पांडे के विरुद्ध किये गये केस को सुलह के आधार पर समाप्त करने का निर्णय लिया और दोनों पति-पत्नी साथ रहने की कसमें खाईं और यह भी कहा कि उनका मन का मिलन हुआ इसलिए वे साथ-साथ राजी खुशी से रहेंगे। डालसा सचिव ने यह भी जानकारी दी कि मन का मिलन पखवाड़ा 14 जून तक चलेगा जिसका लाभ आमजन अपने विवाद को सुलझाने के लिए कर सकते हैं। सिविल कोर्ट परिसर स्थित मन का मिलन पखवाड़े बेंच में सुबह 7:00 से दोपहर 12:00 बजे तक एक मध्यस्थ, डालसा सचिव और थाने से प्रतिनियुक्त एक अधिकारी उपस्थित रहते हैं जिनके सहयोग के लिए दो पीएलवी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। इन्हीं लोगों के समन्वित प्रयास से मामले को सुलझाया जा रहे है।

शिकायत के बाद बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के नये भवन की जर्जर अवस्था की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय के भवन के कुछ ही वर्ष में जर्जर अवस्था में हो जाने के मामले की शिकायत प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा जिला परिषद की आयोजित बैठक में किये जाने के बाद ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा जीप सदस्य संतोषी शेखर के मुख्यालय से बाहर होने के कारण बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की मौजूदगी में की गयी । जीप सदस्य महोदया की शिकायत पर ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से जांच टीम का गठन किया गया था जहां जांच में अनियमितता की पुष्टि हुई है जिसके बाद संबंधित कार्य एजेंसी को नोटिस जारी किया जाएगा उसके बाद फिर आगे की कार्रवाई होगी।

यूनिवर्सल एकेडमी फॉर एजुकेशन के जूनियर ब्रांच की शुरुआत

प्रसिद्ध शिक्षाविद सुदीप सेन के मार्गदर्शन में होगीं पढ़ाई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शहरी क्षेत्र के न्यू आजाद बस्ती मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर यूनिवर्सल अकैडमी फॉर एजुकेशन के जूनियर ब्रांच की शुरूआत की गयी है। जहां जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद सुदीप सेन के द्वारा विद्यालय परिसर का भ्रमण कर बच्चों के क्लासरूम, प्लेग्राउंड शिक्षण सामग्री, तथा शिक्षक से संबंधित अन्य विषय की देखरेख की गयी तथा बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर कार्य किया गया है। मौके पर यूनिवर्सल अकैडमी फॉर एजुकेशन के डायरेक्टर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं बच्चे ही आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। मौके पर प्रसिद्ध शिक्षाविद् तथा सेन त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के संस्थापक सुदीप सेन, प्रिंसिपल नोरेन सेन, स्कूल की प्रिंसिपल बुशरा अफसर आदि उपस्थित थे।

खाली पड़ी जमीन का तिगुना होल्डिंग टैक्स वसूलने का विरोध शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। नगर पंचायत क्षेत्र में खाली पड़ी जमीन का चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में तिगुना होल्डिंग टैक्स वसूलने का विरोध लातेहार मे शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि लातेहार एक मेसो क्षेत्र है और सरकार द्वारा पूर्व से ही अकाल और सूखाड़ क्षेत्र घोषित है, बावजूद इसके खाली या परती पड़ी जमीन जिसपर निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, उसका होल्डिंग टैक्स तिगुना करना कहीं से उचित नहीं है। पूर्व में नगर पंचायत क्षेत्र में खाली पड़ी जमीन का 20रूपया प्रति डिसमिल लिया जाता था। लेकिन चालू वित्तीय वर्ष में इसे 61 रुपया प्रति डिसमिल कर दिया गया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश है।

स्थानीय लोगों ने विधायक वैद्यनाथ राम को संबोधित एक ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार को सौंपा है। ज्ञापन में वीरेंद्र प्रसाद, रामकुमार, राजेश कुमार प्रसाद और नीरज सिन्हा ने कहा कि कृषि योग्य या जिस जमीन पर कृषि की जा रही है, उस जमीन का मामूली होल्डिंग टैक्स लिये जाने का प्रावधान है। सरकार ऐसी भूमि पर लगान पर रियायत देती है, बावजूद इसके होल्डिंग टैक्स वसूलने वाली एजेंसी स्पैरो साफ्टेक, रांची के द्वारा सभी खाली जमीन पर 61 रुपये प्रति डिसमिल की दर कर होल्डिंग टैक्स लिया जा रहा है।

क्या कहते हैं निवर्तमान उपाध्यक्ष

नगर पंचायत क्षेत्र के निवर्तमान उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिंहा ने कहा कि उन्होंने प्रारंभ से ही लातेहार में होल्डिंग टैक्स वसूलने का विरोध किया है। लातेहार एक मेसो क्षेत्र है और यहां किसी भी सूरत में किसी प्रकार कोई टैक्स नहीं वसूला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लातेहार में अन्य नगर पंचायत क्षेत्रों से तिगुना होल्डिंग टैक्स है। इसे कम किया जाना चाहिए। खास कर खाली पड़ी या जिस जमीन पर निर्माण कार्य नहीं किया गया है, उस जमीन पर होल्डिंग टैक्स नहीं लिया जाना चाहिए।

कंपनी के लोगों को जानकारी नहीं

नगर पंचायत कार्यालय में स्पेरो साफ्टेक कंपनी के कांउटर में प्रशिक्षित कर्मी के नहीं रहने के कारण भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांउटर में प्रतिनियुक्त कर्मी के द्वारा नगर पंचायत के रैयतों को सही जानकारी नहीं दी जा रही है।

क्या कहते हैं एजेंसी के प्रतिनिधि

एजेंसी स्पैरो के प्रतिनिधि आदित्य से इस संबंध में पूछे जाने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। उन्होंने बताया सर्किल रेट पर होल्डिंग टैक्स वसूलने का प्रावधान है। लोग झारखंड सरकार की वेबसाइट पर जाकर भी इसे देख सकते हैं।

इंसानियत का परिचय देते हुए मरीज को दिया खून

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार निवासी दुर्गा साहू का पुत्र संजय साहू ने बीमार व्यक्ति को ब्लड दान कर इंसानियत का परिचय देते हुए मरीज की जान बचाया। बताया जाता है कि डोका निवासी छोटे उराँव का इलाज के दौरान चिकित्सकों ने 4 यूनिट ए बी पोजिटिव ब्लड व्यवस्था कराने की बात मरीज के परिजनों से कहा गया। तभी इसकी जानकारी मरीज के परिजनों से संजय साहू को मिला तो इंसानियत का परिचय देते हुए उसने अपने दायित्व का निर्वाहन किया और बीमार छोटू उराँव का जान बचाने के लिए आगे आया। इससे पूर्व दो यूनिट किसी सजन व्यक्ति द्वारा दिया गया था। ब्लड मिलते ही सदर अस्पताल लोहरदगा में मरीज का इलाज चल रहा है। वहीं ब्लड डोनर को ब्लड बैंक के द्वारा प्रमाण पत्र निर्गत कर सम्मानित किया गया। वह फिलहाल सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चालक पद पर मानदेय कर्मचारी है।

एसबीआइ लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के शाखा कार्यालय का उदघाटन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। एसबीआई लाइफ इन्शुरेंस कम्पनी के शाखा कार्यालय का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित और गणेश वंदना के साथ किया गया। उसके उपरांत कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कंपनी के रीजनल डायरेक्टर दिनेश आर, रीजनल मैनेजर विवेक पांडेय, डीआरएम राघवेंद्र सिन्हा, रीजनल मैनेजर बैंक चैनल फरहान वलीउल्लाह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके उपरांत रीजनल डायरेक्टर द्वारा सभी लाइफ मित्रों (एजेंट) को कंपनी के बारे में और कंपनी के विस्तारपूर्वक बताया। सभी लाइफ मित्रों को इस वित्तीय वर्ष कंपनी द्वारा किये गये बीमा के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक राजीव रंजन, ट्रेनिंग मैनेजर नरेन्द्र प्रकाश, विकास अधिकारी अमर कुमार देवघरिया, अफजल अमानुल्लाह, तापस कुमार, शशि किरण राज, बालकिशुन उरांव, चंद्रकेतु प्रजापति, अनस अहमद, उपासना कुजूर समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला कोर कमिटी की बैठक हुई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बुधवार को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा कोर कमिटी की बैठक एमजी रोड वीर शिवाचौक लोहरदगा स्थित झखरा कुंबा में जिला समिति कोर कमिटी की आपातकालीन बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक सह कोर कमिटी के अध्यक्ष फूलदेव भगत की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में एतवा उरांव अध्यक्ष, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के विभिन्न कई अनैतिक कार्य कलापों में लिप्त पाये जाने के कारण अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव सात जून 2023 को पदमुक्त किया जाता है। सोमदेव उरांव उपाध्यक्ष को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा को अध्यक्ष पद हेतु तत्काल प्रभाव सात जून 2023 को मनोनीत किया गया है। सुकेंद्र उरांव सदस्य प्रबंधन समिति को तत्काल प्रभाव सात जून 2023 को उपाध्यक्ष पद हेतु मनोनीत किया गया। बैठक में जालेश्वर उरांव, बिरसा उरांव, सोमे उरांव, रंथु उरांव, अमरनाथ भगत, प्रकाश भगत आदि मौजूद थे।

भाजपा युवा मोर्चा की बैठक संपन्न

महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। महुआडांड़ प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन सभागार में भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक करायी गयी। जिसकी अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ शाह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ साह ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेमिसाल 9 साल की उपलब्धियों को बताते हुये 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से भाजपा की सरकार बनाने के मिशन में युवाओं को जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ साह, उपाध्यक्ष नीतीश कुमार साहू, हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, भाजयुमो महामंत्री प्रशांत नाथ साह, अक्राश कुमार गुप्ता समेत प्रखंड के सभी बूथों के बुथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

युवती का अपहरण कर सात दिनों तक किया बलात्कार, मामला दर्ज

कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना क्षेत्र में युवती का अपहरण कर उसके साथ सात दिनों तक बलात्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सिलसिले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। युवती के पिता ने पुलिस को दिये गये अपने आवेदन में बताया कि उसकी 21 वर्षीय बेटी बीते माह 31 मई को शौच के लिए अकेली निकली थी तभी चेटर गांव निवासी एनुल पवरिया के पुत्र शमशुल पवरिया ने उसका अपहरण कर लिया। मंगलवार 6 जून को युवती किसी प्रकार से वहां से जान बचा कर भागी और घर वालों को आप बीती बतायी। उसने एक सप्ताह तक बलात्कार किये जाने की बात भी बतायी है, जिसके बाद युवती के पिता ने लिखित शिकायत कुडू थाना में दर्ज करायी है। फिलहाल कुडू पुलिस युवती के पिता की शिकायत पर कांड संख्या 76/23 धारा 363, 366 और 376 भादवी के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बेरमो की खबरें

भूमि संरक्षण से निर्मित तालाब की जांच करने पहुंचे अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

जैनामोड़(बेरमो)। जरीडीह प्रखंड के बाराडीह पंचायत अंतर्गत टोला बलुआडीह में भूमि संरक्षण के द्वारा तालाब का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने के लिए विभागीय निदेशक, विभागीय सहायक अभियंता पहुंचे। गुणवत्ता की जांच करने के बाद कहा कि तालाब का निर्माण गुणवत्ता के स्तर पर किया गया है। बाकी काम को भी स्टीमेट के आधार पर गुणवत्ता के स्तर पर काम करने का निर्देश लाभुक समिति के सदस्यों में शामिल सुरेश मांझी, राजकुमार मांझी, अमित सोरेन और संवेदक नागेश्वर महतो को दिया। जांच अधिकारियों ने कई अर्द्ध निमृत तालाब का भी क्षेत्र में जांच करने का काम किया। ग्रामीणों से मिलकर कई समस्याओं को भी जानकारी लेने का प्रयास किया। मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

स्वांग/गोविंदपुर पीओ के साथ विस्थापित प्रतिनिधियों की वार्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो थर्मल (बेरमो)। स्वांग/गोविंदपुर पीओ कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी एके. तिवारी के साथ रैयत विस्थापित सहयोग समिति की छः सूत्री मांगों पर वार्ता हुई। विस्थापितों की छः सूत्री मांगों में पहली मांग है कि बोकारो रामगढ़ कोल फील्डस लिमिटेड द्वारा वर्ष 1921-22 ई में अधिग्रहण जमीन जो वर्तमान में स्वांग कोलियरी के अधीन है वह मौजा हजारी और खुदगडा के रैयतों का है वैसे सभी रैयतों के नाम जमीन विवरण के साथ प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय, दूसरी मांग में सीसीएल गोविन्दपुर परियोजना के लिए मौजा गोविन्दपुर और क्रमों में 1211 एकड़ भूमि एसओ. नंबर 3295 दिनांक 29 नवंबर 1980 ई के द्वारा जमीन अधिग्रहण किया गया है सभी रैयतों के नाम जमीन विवरण के साथ प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय। तीसरी मांग में सीसीएल द्वारा संचालित डीएवी स्कूल में विस्थापित परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा मुहैया कराया जाय। झारखंड राज्य निजी क्षेत्र नियोजन अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 के तहत 75 प्रतिशत नियमानुसार सर्वप्रथम विस्थापितों को नियोजन दिया जाय। चौथी मांग में सीसीएल स्वांग/गोविन्दपुर के लिए सीएसआर मद योजना से संबंधित बैठक में स्वांग/गोविन्दपुर से विस्थापित हुये प्रत्येक गांव से एक-एक प्रतिनिधि को बैठक में शामिल किया जाय। पांचवीं मांग में सीसीएल स्वांग/गोविन्दपुर से कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोड मंटीको नाला से लेकर छिलका पुल तक नियमित पानी का छिड़काव करते हुए रोड का मरम्मतीकरण भी नियमित रूप से किया जाय। वार्ता में सभी मांगों पर प्रबंधन की ओर से सहमति प्रदान की गयी। वार्ता में स्वांग/गोविन्दपुर पीओ एके. तिवारी, कार्मिक प्रबंधक सम्विराज सिंह और आकाश कुमार मौजूद रहें। और विस्थापित समिति की ओर से अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, सचिव नरेश राम महतो और संगठन मंत्री भानुप्रताप महतो उपस्थित रहें।

जरीडीह के पार्क में गड्ढों की भरमार, सभी में भर गया पानी

आजाद सिपाही संवाददाता

जैनामोड़ (बेरमो)। जरीडीह प्रखंड के गांगजोरी पंचायत भवन के सामने वर्षों पूर्व पंचायत के फंड से लाखों रुपये की लागत से क्षेत्र के बच्चों को खेलने के लिए पार्क का निर्माण कराया गया था। इसी पार्क के पास पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। इस टंकी का पानी की आपूर्ति ग्रामीण स्तर पर किया जाता है। लेकिन अधिकारी के लापरवाही के कारण पेयजल आपूर्ति योजना गृह निर्माण योजना बनकर रह गई है। गृह निर्माण कार्य काफी जोर-शोर से कराया जा रहा है।जिस कारण ग्रामीण पेयजल आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इसी टंकी का पानी काफी संख्या में अवैध रूप से बहने के कारण घुटने भर जमा हो गया है। पानी जमे रहने के कारण बच्चों का खेलने वाला पार्क पूरी तरह से ही बर्बाद हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने उक्त पानी टंकी से गृह निर्माण कार्य बंद कराने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है। वहीं क्षेत्र के बच्चों ने पार्क को जलयुक्त कर सुरक्षित रखते हुए, पार्क की सौंदर्यीकरण करने की मांग की है। मांग की बात पंचायत सेवक के संज्ञान में जाने के बाद कोलेश्वर मांझी ने कहा कि सरकारी स्तर पर इसकी समाधान शीघ्र करने का प्रयास किया जायेगा।

पालकोट में जनता दरबार का आयोजन

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत उतरी पंचायत के सांसद आदर्श ग्राम अलनकेरा में ब्लॉक प्रशासन द्वारा बधुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के लोगो के विकास संबंधी स्टॉल लगाकर लोगों के समस्याओं को आवेदन लेके सुना जा रहा था जिसमें शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अंचल विभाग, पशुपालन विभाग, आयुष्मान विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, इत्यादि के स्टाल लगाकर विभिन्न स्टोलों में आवेदन के माध्यम से लोगो को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ा जाने का काम किया गया मोके पर बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि आज आपके गांव में सभी प्रकार के विकाश सम्बन्धी स्टाल लगाए है यहां आकर आज सरकार के विकास योजनाओं का लाभ उठाएं इस लाभ से कोई छूटे नहीं इस लिये संसद आदर्श ग्राम में जनता दरबार लगाया गया है। मोके पर उपस्थित रहे, बीडीओ मनीष कुमार, बीईओ सुमित्रा तिर्की, सीडीपीओ, सुसेना लकड़ा कृषि पदाधिकारी, करलुष लकड़ा, पशुपालन अधिकारी, कविता बाला टूटी, बीपीओ मूरत यादव, मुखिया अनिल भगत, पंचायत समिति, पूनम सिह, उप मुखिया, उषा देवी, कमलेश बारला, एटी एम सुप्रिया लकड़ा, जे एस एल पी एस के अर्जुन राम, सी, एफटी के कर्मी, पंचायत सेवक राजकुमार पूरी,नमित कुमार, के अलावे सेकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

बेटी को ढूंढ़ने की मां ने लगायी गुहार

सिसई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पंडरानी गांव की एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने को लेकर लड़की की मां ने सिसई थाना में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आवेदन देकर अपने नाबालिग बेटी को ढूंढ़ने की गुहार लगायी है। आवेदन में कहा है कि उसकी नाबालिग बेटी कोडेदाग स्कूल में पढ़ती है। बीते सोमवार को मेरी बेटी कोडेदाग स्कूल जाने के लिए घर से निकली और वापस घर नहीं लौटी। घर से निकलते समय वह अपने साथ एक सेट कपड़ा, मोबाइल फोन, आधार कार्ड व बैंक पासबुक भी ले गयी है। काफी खोजबीन करने पर भी उसका कहीं कोई पता नहीं चल रहा है। इस बावत थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि नाबालिक लड़की के गायब होने का मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

नक्सलियों और अपराधियों को हथियार सप्लाई करनेवाले तीन युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मंगलवार को शाम 5:30 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि करौंदी स्थित नीटको टाईल्स दुकान के पीछे मैदान के पास कुछ लड़के हथियार की खरीद बिक्री के लिए एकत्रित हैं और ये लोग पहले भी हथियार बाहर से मंगा कर आस-पास के क्षेत्रों में नक्सलियों एवं अपराधियों को बेचते हैं। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अविलंब एक टीम का गठन किया गया तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापामारी किया गया। जहां से दो लड़कों को तीन पिस्तौल, पांच मैगजीन एवं नौ जिंदा गोली के साथ पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में इन दोनों लड़कों ने सीसई निवासी पंकज उरांव को भी इस खरीद बिक्री के धंधे में सम्मिलित होने की बात बताई। जिसके आधार पर सिसई थाना के सहयोग से पंकज उरांव के घर पर छापामारी की गयी। जहां से एक पिस्तौल, एक छह चक्रीय रिवाल्वर, तीन जिंदा गोली एवं छः बड़ा छोटा मैगजीन बरामद किया गया। इस संबंध में गुमला थाना में कांड अंकित कर अनुसंधान किया जा रहा है। वही छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक मोहम्मद मुजम्मिल, बबलू बेसरा, बीरबल कुमार पांडे सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। वही गिरफ्तार अपराधियों में करौंदी निवासी 24 वर्षीय सुनील उरांव उर्फ काड़ा पिता हरि उरांव, बरगांव थाना सिसई निवासी 20 वर्षीय संतोष कुमार साहू पिता दीपक साहू और पुनाटोली सिसई निवासी 23 वर्षीय पंकज उरांव पिता धोंधली उरांव शामिल है। वहीं पुलिस ने बताया कि सुनील उरांव पूर्व में भी मर्डर केस में जेल जा चुका है। वही संतोष कुमार का भी पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है। वहीं पुलिस ने एक स्कूटी के साथ एक रिवाल्वर, चार पिस्टल, ग्यारह पिस मैगजीन, 12 राउंड जिंदा गोली और तीन पीस मोबाइल जप्त किया है। वहीं गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

चिलचिलाती धूप में नहीं है स्कूल में पानी की व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जैरा में एक से दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले कुल 252 विद्यार्थी घर से पानी लाकर पीने को मजबुर हैं। वहीं स्कूल में आस पास के कुप के भरोसे चल रहा है मिड डे मील व शौचालय। स्कूल परिसर में दो चापाकल लगा है। जिसमें से एक में मुखिया फंड से जलमीनार लगाया गया है जो बीते छह माह से खराब है। परिसर में लगा एक अन्य चापाकल भी लंबे समय से खराब होने के कारण पीने का पानी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों व शिक्षकों सहित आस पास के ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाध्यापक तनवीर आलम ने बताया कि स्कूल में लगा जलमीनार का मोटर छह महीने से खराब है, मेरे द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कर कई बार जलमीनार की मरम्मती कराई गयी है, किन्तु दो-चार दिन में फिर से जलमीनार खराब हो जाता है। परिसर में एक अन्य चापाकल है वो भी लंबे समय से खराब है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चें घर से पीने का पानी लेकर पढ़ने आते हैं। विद्यालय में मिड डे मील व शौचालय के लिए पानी की किल्लत से हमें रोजाना जुझना पड़ता है। परिसर में लगे जलमीनार व चापाकल का उपयोग छात्र-छात्राओं के अलावा आस पास के ग्रामीण भी करते हैं। खराब पड़े चापाकल व जलमीनार की मरम्मती को लेकर कई बार स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने शिक्षा और संबंधित विभाग, स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन से गुहार लगायी गयी है। बावजूद इसके अब तक समस्या का निदान नही होने से भीषण गर्मी में स्कूल के बच्चों व शिक्षकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विद्यालय परिसर में लगे जलमीनार व चापाकल को जल्द ठीक कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि व विभाग से गुहार लगायी है।

रेफरल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

बसिया (आजाद सिपाही)। रेफरल अस्पताल बसिया में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया गुमला उपायुक्त के निर्देश पर 100 यूनिट रक्तदान कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर में कुल 35 लोगों ने रक्तदान किया इनमें ज्यादातर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने रक्तदान किया। बसिया बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता के नेतृव में व्यापक प्रचार प्रसार के साथ आयोजीत इस रक्तदान कार्यक्रम में लोगो ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया। वहीं रक्तदान में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार संजय बड़ाईक, हिमांशु रंजन द्वारा रक्तदान कर किया गया। इस मौके पर बीडीओ रवींद्र गुप्ता, चिकित्सा प्रभारी डॉ. विजय लकड़ा, डॉ. राजेश कुमार, बीपीएम संदीप साहु, सुपरवाइजर डेजी कुजुर, सलोमी तिग्गा, प्रकाश सारंगी, देवेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

नवनिर्मित आंगनबाड़ी के भवन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

रायडीह। प्रखंड के सिलम पंचायत अंतर्गत सिलम आम्बाटोली मे नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उदघाटन बुधवार को बीडीओ अमित कुमार मिश्रा मुखिया बीरेन्द्र उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काट कर किया गया। इस आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण मनरेगा योजना से 4 लाख 62 हजार एंव समाज कल्याण विभाग द्वारा दो लाख रुपए कुल लागत 6 लाख 62 हजार रुपये से किया गया। उदघाटन अवसर पर बीडीओ अमित कुमार मिश्रा ने कहा सिलम आंगनबाड़ी केंद्र लम्बे समय से किराए के मकान मे चल रहा था, आज नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन बना है, गांव के बच्चे इस नवनिर्मित भवन मे बैठकर पढ़ाई करेंगे। वही आंगनबाड़ी से ग्रामीणो को मिलने वाली सुविधाओ पर चर्चा करते हुए कहा केन्द्र मे बच्चो को पोषन युक्त भोजन व नास्ता दिया जाता है,प्रत्येक माह टीकाकरण किया जाता है। इसके अलावे बाल विवाह पर जोर देते हुए किशोरियो को जागरूक किया साथ ही गांव को नशामुक्त बनाने के लिए महिला व पुरूष दोनो को सजग रहने की अपील किया, जिससे एक सुंदर समाज का निर्माण हो सके। मौके पर मुखिया बीरेन्द्र उरांव ने कहा गांव के विकास के लिए शिक्षित होना जरूरी है और आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चो का पहला पाठशाला है। इसके महत्व को समझे और बच्चो को शिक्षत करने मे जोर दे। मौके पर महिला प्रवेक्षिका प्रेमसिला देवी सेविका मंजू मिंज लालमोहन सिंह विक्रम साहु जयराम उराँव सरिता देवी श्वेता सिंह करमेला सुनीता आमरेन आदि मौजुद थे।

सरफराज अंसारी गिरफ्तार, भेजा जेल

सिसई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रहमत नगर निवासी वारंटी सरफराज अंसारी (28) को गुप्त सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेजा दिया गया। इस बावत थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि सितंबर 2019 में सरफराज अंसारी के विरुद्ध पशु तस्करी के मामले में केस दर्ज है। इस कांड में वह जमानत पर था।

जमानत के बाद कोर्ट में हाजरी नहीं देने के कारण कोर्ट से उसके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी हुआ था। इसी के आलोक में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

आर्ट्स और कॉमर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले 25 छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित नवनिर्मित अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता आर्ट्स व कॉमर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 25 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति मोटिवेट करते हुए शिक्षा के महत्व को बताया उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सबों का भविष्य ही हमारा लक्ष्य है इसी उद्देश्य से पुस्तकालय की स्थापना की गई है। इसका आप लाभ उठाएं इस पुस्तकालय में सभी कंपटीशन को ध्यान में रखकर सभी तरह के पुस्तक उपलब्ध कराया गया है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने बच्चों से कहा कि शिक्षित व संस्कारी होकर समाज व देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निर्वाह करें। इससे पूर्व अपर समाहर्ता का पुस्तकालय में वीडियो ने पुष्पगुच्छ देकर एवं जिला परिषद सदस्य द्वारा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन अंचलाधिकारी गौतम कुमार के द्वारा किया गया वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा पुस्तकालय संचालन समिति के अध्यक्ष जेम्स रोजारियो तीग्गा सचिव अमन आकाश कोषाध्यक्ष सचिन कुमार उप समिति के सदस्य, अभिभावक, जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

बीडीओ ने तालाब का औचक निरीक्षण किया

घाघरा (आजाद सिपाही)। आरंगी और बेलागड़ा गांव में भूमि संरक्षण विभाग से हो रहे तलाब निर्माण कार्य का बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में अरंगी पंचायत के खमिया गांव में नया तालाब निर्माण कार्य को देखा जहा कार्य 80% पूरा होने की बात कही। साथ ही मेढ़ का कार्य अधूरा है जिसे जल्द से जल्द बरसात से पहले कार्य पूर्ण करने की बात कही जिसके उपरांत भुगतान की प्रक्रिया की जाने की बात कही। उसके बाद बेलागड़ा गांव स्थित तालाब जीर्णोद्धार 155 300 फिट को देखा और कार्यों को देख कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस मौके पर बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने कहा कि भूमि संरक्षण विभाग से नए तालाब निर्माण और तालाब जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है।



बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की पहल

पीरामल फाउंडेशन और एडीसी टीम दे रही है प्रशिक्षण

चयनित सभी 445 स्वयंसेवकों को 10 जून तक प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पीरामल फाउंडेशन की एडीसी टीम और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन टीम के संयुक्त तत्वाधान मे गुमला जिला के गुमला एवं घाघरा प्रखंड में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंपेन के तहत दोनों प्रखंड के सभी गांव-समुदाय में 445 स्वयंसेवकों, स्वयंसेवियों के द्वारा कक्षा 6 के शैक्षणिक रूप से पिछड़े बच्चों के साथ 4 सप्ताह का पठन-पाठन का कार्य किया जायेगा। जिसमें बच्चों का भाषा (हिंदी) एवं गणित विषय आधारित शैक्षणिक विकास हो सके। समर कैंप का संचालन हेतु फर्स्ट राउंड में दोनों प्रखंड के चयनित सभी स्वयंसेवकों, स्वयंसेवियों को पंचायतवार प्रशिक्षित किया जा रहा है। चयनित सभी 445 स्वयंसेवकों को 10 जून तक प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। आज प्रशिक्षण के तीसरे दिन दोनों प्रखंड में कुल 80 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बसुवा, फोरी, चपका, घाघरा, कुगांव, सेहल एवं नवडीहा पंचायत के स्वयंसेवक शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान सभी स्वयंसेवकों को कैंप संचालन हेतु आवश्यक सामग्री दी जा रही है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित सभी स्वयंसेवकों द्वारा अपने गांव समुदाय के बच्चों का मूल्यांकन कर 12 जून से 11 जुलाई 2023 तक बच्चों के साथ विद्यालय अवधि के बाद समुदाय स्तर पर कक्षा संचालन करेंगे। समर कैंप में शामिल सभी स्वयंसेवकों को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं पीरामल फाउंडेशन एडीसी टीम की ओर से शिक्षा के बदले शिक्षा कार्यक्रम के तहत इंटरनेट जागरूकता का कोर्स भी कराया जायेगा। जिससे युवाओं में इंटरनेट के उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। दोनों प्रखंड में आयोजित समर कैंप का सफल संचालन हेतु प्रथम एवं पीरामल फाउंडेशन की एडीसी टीम के द्वारा सभी स्वयंसेवकों की क्षमता वर्धन हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। चपका पंचायत भवन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया अग्नि उरांव, उप मुखिया संजय गोप, पूर्व उप मुखिया झरी उरांव, पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी, पीरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर मोहसिन हाशमी प्रमोद जयसवाल, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से सुनील वर्मा, गोविंद नारायण चौधरी, रिंकी पंडित, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

डीसी ने विभागों के अधिकारी के साथ की बैठक, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

डुमरी गुमला। गुमला उपयुक्त सुशांत गौरव ने प्रखंड सभागार में जिला और प्रखंड पदाधिकारी, जन प्रतिनिधियों सहित सभी विभागों अधिकारी के साथ बैठक की सभी विभागों के संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने पत्रकारों को बताया कि साथ डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया डीएमएफटी और एससीए मद से ऐसी योजना का चयन करने को कहा गया। आगे कहा कि आज जो ब्लॉक की परिस्थिति है जो इसका विकास है के आधार पर इसका चयन हुआ है अकांछी ब्लॉक के रूप में चयन हुआ है। बड़े फोकस तरीके से इसका विकास तैयार करना हैं और उसके आधार पर क्षेत्र का विकास करना है चाहे शिक्षा, समाज कल्याण चाहे कल्याण विभाग हो स्वास्थ विभाग हो इसपर विशेष रूप से फोकस की गयी है ये कोशिश रही है। जिला में जो भी योजना आती है मुख्यता वहा पर अलॉट कर काम को धरातल पर लाने के लिए जोर दिया जरहा है। वहां विद्यालय के वार्डेन से विद्यालय में कमी, आवश्यकता के बारे में जानकारी लेते हुए बीडीओ एकता वर्मा को विद्यालय परिसर में बच्चों को पढ़ने और खाना खाने के भवन के साथ आठ क्लास रूम बनाने के जमीन जांच करने को कहां गया है उसके बाद डीडीसी ने ब्लॉक परिसर में बन रहे जलमीनार का निरक्षण किया गया वही शिक्षा विभाग के अधिकारी को डुमरी कालेज भवन के लिए परिसर में जमीन देखने को कहा गया। इसके पूर्व में उपायुक्त के द्वारा डुमरी प्रखंड के मैट्रिक, इंटर परीक्षा के 16 टॉपर छात्र छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र, पेन देकर समानित किया गया।

एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर द्वारा लाह बिहन उत्पादन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया साथ ही साथ इन किसानों को लाह उत्पादन हेतु किट (लूपर त्रिपाल एवं ट्रे) वितरण भी किया गया। इस मौके पर डॉ संजय कुमार ने बताया कि गुमला जिला लाह उत्पादन के लिए काफी उपयुक्त है साथ ही साथ इस जिले में लाभ उत्पादन के लिए पोषक पौधों की संख्या पर्याप्त मात्रा में है जिससे आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले 158 की संख्या में ग्रामीण युवा एवं युवतियां आर्या परियोजना से जुड़कर लाखों रुपए कमा रहे हैं साथ ही साथ लाख उत्पादन के साथ इंटरक्रॉपिंग के माध्यम से भी किसान अपनी आमदनी दोगुनी करने में सक्षम है। डॉ संजय कुमार ने बताया कि लाह उत्पादन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला है। इस कार्यक्रम में अटल बिहारी तिवारी ने किसानों को लाह उत्पादन के साथ-साथ बिहन लाह उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। अटल बिहारी तिवारी ने किसानों को बताया कि लाह उत्पादन के लिए बेर के साथ-साथ कुसुम पेड़ को भी साथ में रखने पर बिहन की समस्या से निजात मिल सकती है क्योंकि समय-समय पर देर से लाह को कुसुम पर चाहते हैं और कुसुम से बेर पर चाहते हैं जिससे बिहन की समस्या से किसान बच सकते हैं और उन्हें अच्छी आमदनी भी हो सकती है क्योंकि उल्ला उत्पादन में सबसे ज्यादा लागत लाह बिहन में ही लगती है।

कार्यक्रम : सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

सुरक्षित वाहन चालने के लिए किया जा रहा जागरूकः यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव के निदेर्शानुसार जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि एवं नितेश कुमार के द्वारा सहभागी कंप्यूटर सेंटर व एएनएम नर्सिंग ट्रेनिंग संस्थान सिमडेगा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान नितेश कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए अपील किया।सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा मेनेजर के द्वारा विद्यार्थियों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है, इससे पता चलता है कि बाइक के गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है, इसलिए बाइक एवं कार आदि वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक है। साथ ही सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण होती है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया।

हाथी ने दो ग्रामीणों को पटक कर मार डाला, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। गुमला जिला में लगातार जंगली हाथियों का आतंक जारी है इसी दौरान कामडारा थाना क्षेत्र के कुली आम बगीचे में अहले सुबह करीब 4-5 बजे एक जंगली हाथी से मुठभेड़ हो जाने के बाद जंगली हाथी ने दो ग्रामीणों को पटक कर मार डाला। जिससे दो की मौत हो गयी। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। एक ग्रामीण को खूंटी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि गुमला जिला के कामडारा थाना क्षेत्र के रामतोलया पंचायत के पाकुड़ गांव निवासी बंधना स्वासी, जूही कुमारी कुली गांव निवासी मोतरों सिंह सहित अन्य ग्रामीण बगीचा में अहले सुबह आम चुनने के लिए गए थे। इसी बीच अचानक एक जंगली हाथी से उनका सामना हो गया। जंगली हाथी ने उन लोगों पर हमला कर दिया। जिसमें मोतरों सिंह को मौके पर ही हाथी ने पटक पटक के मार डाला। वही मौजूद 35 वर्षीय जूही कुमारी को भी जंगली हाथी ने घायल का दिया। जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर ग्रामीण पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही पाकुड़ गांव निवासी बांधना स्वासी गंभीर रूप से घायल अवस्था में खूंटी अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर क्षेत्र के वनपाल लेवनुस कुल्लू मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को 20-20हजार मुआवजा तत्काल दिये हैं।

चेतावनी : हरिहरगंज प्रखंड परिसर में मृतक के परिजनों से मिले विधायक

पीएम आवास की किस्त रोकनेवाले अधिकारी पर होगी कार्रवाई: कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में आयोजित विधायक की समीक्षा बैठक के दौरान प्रखंड कार्यालय आए सियारभुका के जसीम अंसारी की अचानक मौत होने का मामला तूल पकड़ रहा है। जसीम अंसारी अपनी पत्नी के साथ प्रखंड कार्यालय इस लिए आए थे कि उन्हें पीएम आवास शहरी योजना में प्रथम किस्त के बाद दूसरी किस्त रोक दी गई थी और दिए गए पैसे वापस मांगे जा रहे थे। जिससे वो परेशान थे। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने लाभुक जसीम अंसारी की मौत की खबर मिलने के बाद समीक्षा बैठक स्थगित कर तत्काल मृतक के परिजनों से मिलने उनके घर गए। उन्होंने

मृतक के परिजनों से मिलकर रूके हुए भुगतान का आश्वासन देते विधायक।

जसीम अंसारी को प्रखंड कार्यालय आने का कारण जानना चाहा, तो ग्रामीणों ने बताया कि उक्त व्यक्ति पीएम आवास योजना शहरी का लाभुक है। आवास निर्माण के लिए सिर्फ एक किस्त का भुगतान प्राप्त हुआ है। शेष किस्त के भुगतान पर रोक लगा दिया गया है। भुगतान को लेकर जसीम अंसारी पिछले कई माह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। इस पर विधायक ने कहा कि जिस अधिकारी या कर्मचारी ने जसीम अंसारी के भुगतान पर रोक लगा कर परेशान किया है, उनकी खबर ली जाएगी। विधायक ने बताया कि वर्ष 2022 के बजट सत्र में हीहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के संदर्भ में प्रश्न किया गया था। इसपर सरकार ने सदन में जवाब दिया है कि अहर्ता रखने वालों का ही पीएम आवास शहरी स्वीकृत किया गया है। फिर इनके भुगतान पर रोक कैसे लगाया जा सकता है। इसपर विधायक एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि को अधिकारियों से मिलकर एक सप्ताह के अंदर सभी का भुगतान कराने का निर्देश दिया था। जब सरकार सदन में कहती है कि सभी योग्य लाभुकों का चयन किया गया है, तो नगर पंचायत कार्यालय के किस अधिकारी या कर्मचारी द्वारा निजि स्वार्थ की पूर्ति को लेकर भुगतान पर रोक लगाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि जसीम अंसारी के संदर्भ में विधान सभा के प्रश्नोत्तर का हवाला देते हुए नगर विकास के वरीय अधिकारियों को अवगत कराएगें एवं सभी का भुगतान कराने का काम करेंगे। विधायक ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारी एवं कर्मचारी सुधर जाएं। गरीब जनता को परेशान करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एनसीपी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।

समर कैंप व्यक्तिगत ही नहीं, सामाजिक रूप से भी निभाता है महती भूमिका: डॉ एके सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित द्वितीय दिवस समर कैंप बच्चों को खूब भा रहा है। विदित हो कि यह कैंप छह जून से आरंभ हुआ था, जो 10 जून तक चलेगी। बुधवार को योगा, तैराकी, बैंड, बैडमिंटन, पेटिंग, जुम्बा डांस, संगीत, आर्ट-क्राफ्ट, पाककला, फोटोबूथ, क्रिकेट, आर्चरी, खो-खो, फन विथ टैटू एवं स्टोरी टाइम आदि विविध विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः योगाभ्यास से छात्रों के दिन की शुरूआत हुई। अनुपयोगी वस्तुओं (रद्दी पेपर) से क्राफ्ट वर्क कराया गया। उसके बाद तरणताल में 65 बालिकाओं ने तैराकी की। बच्चों के लिए यह अवसर रोमांचक और हर्षयुक्त था। उसके बाद बच्चे इतनी सी हसी, इतनी सी खुशी गीत पर थिरके। कक्षा पांचवीं व छठवीं की छात्राओं ने पाककला में कला का विशिष्ट प्रदर्शन करते हुए लिट्टी चोखा एवं पायस जैसे व्यंजन बनाकर सबको हैरत में डाला। संगीत शिक्षिका द्वारा राजस्थानी गीत- बन्नी सिखाया गया। कैंप में खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने क्रिकेट, बैंड एवं खो-खो खेल में सहभागी एवं दर्शकदीर्घा बनकर लुफ्त उठाया।

द्वितीय दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि समर कैंप में रीडिंग, राइटिंग, पेटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा, बैडमिंटन, पाक कला आदि अन्य विविध विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । प्राचार्य ने कहा कि समर कैंप मनाने का उद्देश्य बच्चों को नई-नई गतिविधियों से जोड़ना है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, जो व्यक्तिगत ही नहीं सामाजिक रुप से भी महती भूमिका निभाता है। शारीरिक गतिविधियां हमारे बौद्धिक प्रगति में भी सहयोगी है। शिक्षा के लिए शिक्षार्थी को शारीरिक, मानसिक और नैतिक मूल्यों की महती आवश्यकता होती है। वर्तमान सामाजिक परिवेश को ध्यान में रखकर यह समर कैंप नितांत आवश्यक है अतः प्रत्येक विद्यालय इसे पर्व के रुप में मनाये। इस मौके पर विद्यालय के कैंप प्रतिभागी छात्र-शिक्षक मौजूद थे।

बेटियां किसी से भी कम नहीं हैं : डॉ ईश्वर सागर

नवजात का नामकरण व जन्मदिन मनाता अस्पताल प्रबंधन।

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्रामपुर के लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में प्रसव के लिए आए पांडू प्रखंड के बसडीहा निवासी ज्योति कुमारी पति अक्षय राम को अस्पताल में अनुभवी डॉक्टर की ओर से सफल आपरेशन कर सुरक्षित प्रसव कराया गया था। बुधवार को उस नवजात शिशु का नामकरण व अस्पताल में ही प्रथम जन्मदिन भी मनाया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित डॉक्टर के अलावा अस्पताल के अन्य सदस्यों व परिजनों ने एक दूसरे को केक व मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नवजात बच्ची का नाम लक्ष्मी रखा है। उन्होंने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी होती है। वह किसी से भी कम नहीं है। बेटियां आज के दौर में हर कार्य में बढ़चढ़ कर भाग ले रही है। वहीं, अस्पताल प्रबंधक गौरव कुमार ने बताया कि हमारे यहां सभी तरह के ऑपरेशन व इलाज की समुचित सुविधा है यहां कम खर्च में बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप, डॉ नीलम कुमारी, डॉ एनके रजक, डॉ एलबी माझी, पूजा कुमारी, असलम बहादुर, अमर सिंह, खुर्सिद आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

लड़की की फर्जी फेसबुक आइडी बना कर अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप, दर्ज हुआ मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र में एक लड़की का फर्जी फेसबुक आइडी बनाकर उसकी अश्लील फोटो वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में लड़की के पिता ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। हुसैनाबाद पुलिस को दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि उनकी बेटी को प्रेम जाल में फंसाकर थाना क्षेत्र के ही युवक कुंदन प्रसाद गुप्ता ने अश्लील फोटो बना लिया था। बाद में समझौता हुआ। जिसमें कुंदन की मां और भाई ने जिम्मेवारी ली थी कि उनकी बेटी का फोटो वायरल नहीं होगा। आवेदन में कहा गया है कि कुछ दिन बीतने के बाद कुंदन प्रसाद गुप्ता ने उनकी लड़की का फर्जी फेसबुक आइडी बना कर अश्लील फोटो वायरल कर दिया। इस बात को लेकर जब कुंदन प्रसाद गुप्ता की मां और भाई के पास शिकायत करने गए तो उन्होंने गाली गलौज करते हुए कहा कि उनका बेटा यहां नहीं है। जहां जो करना है कर लो। आवेदन में कहा गया है कि लड़की के भाई के वाट्स एप पर भी कुंदन प्रसाद गुप्ता मैसेज कर कहा है कि अपनी बहन को मेरे पास भेजो नहीं तो उसका अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर देंगे। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने प्राथमिकी दर्ज कर छान बीन शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कार्रवाई की जा रही है।

पर्यावरण संतुलन के लिए सभी का प्रयास जरूरी : अशोक गुप्ता

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज में विश्व पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजन किये गये। जिसमे पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण, सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित करने और मिशन लाइफ सहित कई विषयों पर परिचर्चा हुई। पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण को लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसके अलावा प्रयास से प्रभाव पड़ने तक के सफर के लिए लोगों को उत्साहित भी किया गया। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के अधिकारियों व

कर्मचारियों द्वारा आवासीय परिसर में पौधारोपण किया गया। कंपनी स्थित कॉलोनी के बच्चों ने भी इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने स्पीच,पेंटिंग सहित कई प्रतियोगिताओं के माध्यम से पर्यावरण संबंधी विषयों पर जागरूकता फैलाया। वहीं ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कर्मचारियों ने पांच जून को वाहन का उपयोग नहीं किया और नो वैकिल डे को प्रमोट किया। इस मौके पर संस्थान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन लाइफ के बारे में बताते हुए इसके दूरगामी फायदा लोगों को बताया। उन्होंने पर्यावरण के साथ पानी संरक्षण पर भी बल दिया। कहा कि सभी के प्रयास से ही पर्यावरण के असंतुलन को रोका जा सकता है। मौके पर एचआर हेड अजीत तिवारी, लाईजन अधिकारी नितीश पांडेय आदि थे।

पीपीपी ने दिवंगत पत्रकारों को किया याद, परिजनों को मदद करने का लिया निर्णय

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू प्रमंडल की स्थानीय निबंधित पत्रकारों की संस्था पलामू पत्रकार परिषद ने शोक सभा आयोजन किया। हुसैनाबाद एवं मनिका के दो दिवंगत पत्रकार परमानंद चौधरी एवं कौशल किशोर पांडेय के असमायिक निधन पर मौन रखकर आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। वहीं संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया गया। लगे हाथ ओडिशा में हुई रेल दुर्घटना के मृतकों की आत्मा की शांति की भी प्रार्थना की गई। इसके बाद वरिष्ठ पत्रकार अरूण शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें हुसैनाबाद के दिवंगत पत्रकार परमानंद चौधरी के परिवार को सहायता करने पर विचार किया गया। जिसमें अरूण शुक्ला की ओर से तत्काल 10 हजार रुपए आर्थिक मदद का प्रस्ताव दिया गया। इस मौके पर पत्रकार अरूण शुक्ला, केतन आनंद, राकेश पाठक, अरूण सिंह, नीलकमल मेहरा, सच्चिदानंद सिंह, एपी लकी, मुर्तजा आमिर, करूणा करण, सोनू शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र शर्मा और दिलीप कुमार उपस्थित रहे।

डियन रोटी बैंक की राष्ट्रीय कमेटी में झारखंड को फिर मिला सम्मान

साहेब सिंह नामधारी को मिली झारखंड की कमान, राष्ट्रीय उप-प्रभारी बने दीपक तिवारी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। भारत में सेवा के क्षेत्र में परचम लहरा रही इंडियन रोटी बैंक की राष्ट्रीय कमेटी का विस्तार हुआ है। जिसमें झारखंड के पलामू एवं गढ़वा के सेवादारों को सेवा का सम्मान मिला है। सक्रिय युवा समाजसेवी सह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहेब सिंह नामधारी को प्रदेश संयोजक के तौर पर झारखंड की कमान सौंपी गई है। वहीं प्रदेश उप संयोजक परवेज अख्तर को दोबारा पद पर बनाए रखा गया है। जारी पत्र में प्रदेश महिला संयोजक का पद गढ़वा की अंजलि गुप्ता को मिला है। झारखंड में छह साल से इंडियन रोटी बैंक का परचम लहराने वाले सेवादार दीपक तिवारी को कोर कमेटी ने प्रदेश से निकाल राष्ट्रीय उप-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रतिष्ठित व्यवसाई सह समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी को झारखंड से विशेष आर्मंत्रित सदस्य के तौर पर कमेटी में शामिल किया गया है।

झारखंड समेत राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विस्तार पर नवनियुक्त राष्ट्रीय उप-प्रभारी दीपक तिवारी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है। वहीं साहेब सिंह नामधारी को प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की। दीपक ने बताया कि सेवादार परिवार में जन्मे साहेब जी की सेवा को सम्मान मिला है। वहीं अंजलि गुप्ता को प्रदेश महिला संयोजक बनाए जाने पर बधाई दी है। दीपक तिवारी ने बताया कि कमेटी विस्तार से आइआरबी टीम दोगुणा जोश एवं ताकत के साथ पूर्व की भांति गरीब, जरुरतमंद, असहाय के बीच सेवा कार्य जारी रखेगी। साथ ही नए जिलों में विस्तार के अलावा यूनिट का गठन किया जाएगा। इंडियन रोटी बैंक का सपना भूखा ना सोए कोई अपना के संकल्प को हरसंभव अनवरत निभाया जाएगा।

स्पोर्ट्स

भारत के सुनील कुमार ने दक्षिण कोरिया के येचियोन में खेले जा रहे एशियन यू-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेंस डेकाथलॉन इवेंट में गोल्ड मेडल जीत कर इतिहार रच दिया है। वह पहले भारतीय भी बन गए हैं।

टीम इंडिया मेडल टैली में तीसरे नंबर पर, जापान पहले व चीन दूसरे नंबर पर

सुनील कुमार ने एशियन यू-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रचा इतिहास, डेकाथलॉन में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के सुनील कुमार ने दक्षिण कोरिया के येचियोन में खेले जा रहे एशियन यू-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मंगलवार को मेंस डेकाथलॉन इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। इसी के साथ सुनील ने इतिहास रच दिया। वह एशियन यू-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के डेकाथलॉन में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। चैंपियनशिप के तीसरे दिन सुनील 7003 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर रहें। बता दें, चैंपियनशिप के इतिहास में डेकाथलॉन इवेंट में भारत का यह दूसरा ही मेडल है। इससे पहले साल 2016 में भारत के लिए पहली बार किसी भारतीय एथलीट ने मेडल जीता था। कृष्ण कुमार

2016 में 6551 पॉइंट के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीते थे।

मेडल टैली में भारत तीसरे नंबर पर

चैंपियनशिप के इस सीजन का आज तीसरा दिन था। सुनील के इस गोल्ड के बाद मेडल टैली में भारत के कुल 14 मेडल हो गए हैं। भारतीय टीम के हिस्से में 4 गोल्ड, 5 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारतीय टीम टेबल में तीसरे नंबर पर है। जापान कुल 17 पदक के साथ पहले और चीन 14 पदक के साथ दूसरे नंबर पर है। भारत और चीन के बराबर 14-14 मेडल हैं, लेकिन चीन के आठ गोल्ड होने के नाते वो दूसरे नंबर पर है। विमेंस लॉन्ग जंप में पूजा ने सिल्वर जीता वहीं तीसरे दिन पूजा ने विमेंस लॉन्ग जंप में 1.82 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता, जबकि बुशरा खान ने महिलाओं की 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले में भारत ने 45.36 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। चैंपियन का यह 20वां एडिशन है, इसकी शुरूआत 1986 से हुई थी। इस साल चैंपियनशिप में भारत के 45 खिलाड़ी हिस्सा इस रहें हैं।

डेकाथलॉन क्या है?

डेकाथलॉन एक इवेंट है, जिसमें ट्रैक और फील्ड दोनों इवेंट शामिल होते हैं। डेकाथलॉन में केवल पुरुष हिस्सा लेते हैं। डेकाथलॉन में एथलेटिक्स के कुल 10 इवेंट्स शामिल होते है। जो पांच-पांच की संख्या में दो दिन में आयोजित किए जाते हैं। इसमें पहले दिन 100 मीटर, लॉन्ग जंप, शॉटपुट, हाई जंप और 400 मीटर का इवेंट, जबकि दूसरे दिन 110 मीटर हर्डल्स, डिस्कस थ्रो, पोल वॉल्ट, भाला फेंक और 1500 मीटर का इवेंट आयोजित होता है। बता दें विमेंस के लिए हेप्टाथलॉन होता है। जिसमें सात इवेंट शामिल होते हैं।

एशिया कप से बाहर हो सकती है पाकिस्तानी टीम

श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान हाइब्रिड मॉडल पर सहमत नहीं

एजेंसी

लाहौर। सितंबर में होने वाले एशिया कप से पाकिस्तान बाहर हो सकता है। श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हाइब्रिड मॉडल में आयोजन करने से मना कर देने के बाद पाकिस्तान के पास एशिया कप से बाहर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। दरअसल एशिया कप की मेजबानी इस बार पाकिस्तान के पास थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से भारत ने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया है। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाइब्रिड मोड यानी 3-4 मैच पाकिस्तान और बाकी के किसी और देश में कराने की योजना पेश की, लेकिन श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान इसके लिए तैयार नहीं हुए। हालांकि उन्होंने

पाकिस्तान से बाहर अन्य किसी एशियाई देश को एशिया कप की मेजबानी देने पर सहमति जता दी है। पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी क्रिकेट मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों और सरकारी अधिकारियों के संपर्क में हैं। सेठी कहते रहे हैं कि अगर पाकिस्तान में एशिया कप का कोई भी मैच नहीं खेला जाता है तो पाकिस्तान एशिया कप नहीं खेलेगा। संभव है कि यह आयोजन अब श्रीलंका में हो। पाकिस्तान के इस टूनार्मेंट में नहीं खेलने पर एशिया कप के प्रसारणकर्ता दोबारा से प्रसारण की शर्तें और कीमतें तय करेंगे।

बंदूक लेकर भड़काऊ प्रदर्शन करने के खिलाफ राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने ज्ञापन सौंपा

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। भड़काऊ नारा के साथ हथियार लहराने का विरोध जताते हुए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने बुधवार को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व स्थानीय राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने की। इसमें कहा गया कि 29 मई को पांकी प्रखंड के भरी ग्राम में बाबा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा था। इस समारोह में जिस तरह से भड़काऊ नारेबाजी के साथ हथियार लहराए गए वो शर्मनाक है। भारतीय संविधान के जनक बाबा साहेब की प्रतिमा अनावरण के मौके पर इस तरह के प्रदर्शन से बाबा साहेब की आत्मा भी कराह रही होगी। ऐसे प्रदर्शन से सामाजिक समरसता प्रभावित होने की संभावना है। बैठक में कहा गया कि अभी कुछ दिन पहले पांकी का वातावरण विषाक्त हुआ था। ऐसे में फिर से इस तरह का वातावरण बनाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा, जिसका राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी विरोध करता है। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार बुधवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का प्रतिनिधिमण्डल जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपेगी। बैठक में प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, संजय मिश्रा, अनुशासन प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी), प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष संजीत तिवारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक किशोर दूबे, अजय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी, शैलेश तिवारी, अप्पू तिवारी, राकेश तिवारी, दीपक दूबे और दिलीप तिवारी आदि मौजूद

मोटर पाट्र्स व्यवसायी पर हुए जानलेवा हमले का विरोध, दिया गया धरना

अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर आर्थिक नाकेबंदी की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। मोटर पाट्र्स व्यवसायी संजीव आनंद की बीते सोमवार की रात अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारे जाने की घटना से नाराज मोटर डीलर एसोसिएशन के साथ तमाम व्यवसायी संगठन गोलबंद हो गये हैं। बुधवार को व्यसायियों ने मोटर डीलर एसोसिएशन के बैनर तले बैंकमोड़ में काला बिल्ला लगाकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना को जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स का भी साथ मिला। पुलिस और जिला प्रशासन की कार्यशैली के खिलाफ व्यवसायियों ने जमकर नारेबाजी भी की। धरने का नेतृत्व कर रहे मोटर डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशल किशोर ने कहा कि पुलिस की ढिलाई से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अपराधी दिनदहाड़े व्यवसायियों को निशाना बना रहे हैं जिस कारण अब व्यवसायी खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि घटना में शामिल अपराधियों की यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो व्यवसायी आर्थिक नाकेबंदी करने को विवश होंगे। वहीं धरना के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर जिले के तमाम व्यापारियों की सुरक्षा की मांग करेंगे। वहीं संजीव आनंद ठाकुर पर गोली चलने के मामले में पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर एफआइआर दर्ज कर छानबीन में जुटी है जबकि दुर्गापुर में इलाजरत संजीव के पीठ में फंसी गोली को चिकित्सकों ने निकाल दिया है और अब संजीव खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

धरना में जिला चैंबर के अध्यक्ष चेतन गोयनका, कॉंग्रेस के वयापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रभात सुरोलिया, चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा और राजेश गुप्ता, बैंक मोड़ चैंबर अध्यक्ष प्रमोद गोयल, संजय लोधा, अनील जैन, कमलेश त्रिवेदी, किशोर परमार ,उमेश त्रिवेदी, चेतन दोषी, मनजीत सिंह, प्रमोद गोयल आदि शामिल थे।

चार हजार की रिश्वत लेते जमादार को एसीबी ने रंगे हाथ दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। एसीबी की टीम ने बुधवार को महिला थाना में पदस्थापित एएसआइ सतेंद्र कुमार को नगद चार हजार रुपये घुस लेते रंगेहांथ गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत एसीबी डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बिराजपुर के मधुगोड़ गयेनिवासी सुधीर साव से डायरी मैनेज करने के एवज में पकड़े गये एएसआइ द्वारा केस डायरी मैनेज और गिरफ्तारी न करने के एवज में 5 हजार रुपये रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की गयी थी। जिसके आलोक में शिकायत का सत्यापन किया गया ततपश्चात एएसआई सतेंद्र कुमार को रंगेहाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। एएसआइ ने रिश्वत की रकम लेने के लिए शिकायकर्ता को सदर अस्पताल परिसर में बुलाया था। बुधवार को जैसे ही शिकायतकर्ता ने एएसआइ को रिश्वत के रूप में 4 हजार रुपये दिये तभी उसे एसीबी की टीम द्वारा दबोच लिया गया।

वही शिकायतकर्ता सुधीर साव ने बताया की पत्नी से विवाद चल रहा था जिसे लेकर पत्नी ने महिला थाना में शिकायत की थी जिसके बाद एएसआइ सतेंद्र कुमार द्वारा मैनेज करने के एवज में 5 हजार रुपया मांग रहा था जिसकी शिकायत एसीबी में किये थे।

धनबाद बार एसोसिएशन चुनाव की सरगर्मी चरम पर, होगी कांटे की टक्कर

धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद बार एसोसिएशन चुनाव की सरगर्मी चरम पर है। मतदान 8 जून गुरुवार की सुबह 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित है। चुनाव में खड़े प्रत्याशियों का जोश अपने उफान पर है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सह वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने चुनाव प्रचार में अपनी जीत का दावा किया है। वही इस बार धनबाद बार एसोसिएशन का चुनाव काफी कांटे की टक्कर होने की संभावना है। चुनाव में कुल 89 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनकी किस्मत का फैसला 2086 अधिवक्ता मतदान कर करेंगे। राधेश्याम गोस्वामी ने मीडिया को बताया कि धनबाद बार एसोसिएशन में वे दो बार अध्यक्ष पद का चुनाव जीते हैं। कई अधिवक्ताओं के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत मेरी ही देन है। जबकि हर कोई इसका श्रेय लेने की होड़ में हैं। सभी योजनाओं का प्राक्कलित मेरे द्वारा किया गया है। इन सभी अधिवक्ताओं का प्यार और प्रेम का समर्थन इस बार मिलने की काफी उम्मीदें हैं और निश्चित तौर पर सभी अधिवक्ताओं को कई प्रकार की योजनाएं से लाभान्वित करवाये गे। अगर अध्यक्ष पद से जीतकर आते हैं। महिला अधिवक्ताओं के लिए हॉल और शौचालय की व्यवस्था, सभी अधिवक्ताओं को 5 लाख का मेडिक्लेम, गरीब अधिवक्ता के लिए सहयोग राशि की भी फंड संचालित की जायेगी। सभी अधिवक्ताओं को बेहतर और सुगम व्यवस्था देने के लिए धनबाद बार एसोसिएशन तत्पर रहेगा।

बोकारो में पीजी पढाई बंद करने के तुगलकी फरमान के खिलाफ होगा जनांदोलन: अमित कुमार

बोकारो (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के 23 वीं सिडिकेट बैठक में बोकारो के सिटी कॉलेज में जारी पीजी पढाई को बंद करने के लिए निर्णय का विरोध करते हुए इसे विश्वविद्यालय का बोकारो और छात्र विरोधी तुगलकी फरमान बताया है। कुमार अमित ने बताया कि झारखंड की बौद्धिक राजधानी कहे जाने वाले बोकारो में उच्च शिक्षा के नाम पर शहर मे केवल पीजी की पढाई हीं थी जो तत्कालिन हम छात्रों के बहुत दिनों के कठीन परिश्रम, संघर्ष और आंदोलन के फलस्वरूप विनोवा भावे विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा सिटी कॉलेज में दो विषयों के साथ प्रारम्भ कराया गया था और बाद में अन्य विषयों की भी पीजी पढाई सिटी कॉलेज के साथ-साथ चास कॉलेज में प्रारम्भ कराने की बात कही गयी थी। पूर्व में बोकारो के छात्र-छात्राओं को पीजी पढाई के लिए धनबाद, हजारीबाग या रांची जाना पड़ता था। जिसके कारण बहुत बड़ी संख्या में छात्र उच्च शिक्षा से बंचित रह जाते थे। हेमंत सरकार नहीं चाहती कि बोकारो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े। बोकारो विरोधी इस निर्णय को यहां की जनता बर्दास्त नहीं करेगी। इस विषय को लेकर कलाधिपति राज्यपाल और पार्टी के विधायक दल के नेता श्री बाबूलाल मरांडी सहित अनेक वरिष्ठ से भी मिलने की बात कुमार अमित ने कही हैं। कुमार अमित ने जिले के सभी जनप्रतिनिधों, राजनीतिक समाजिक कार्यकताओं, छात्र युवा नेताओं से बोकारो के हीत में विश्वविद्यालय के इस तुगलकी फरमान का अपने अपने स्तर से अभियान चलाकर विरोध करने की अपील भी की है।

सीइडी विभाग से निर्मित आरसीसी पथ का उद्घाटन

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो इस्पात संयंत्र के धमन भट्टी के पीछे चार्जिंग रोड को सिविल अभियंत्रण विभाग द्वारा लगभग 1 किलोमीटर आरसीसी पथ का निर्माण किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक बी के तिवारी के कर कमलों द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक अनिल कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एम पी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह और मुख्य महाप्रबंधक बी के बेहरा उपस्थित थे। अतिथियों ने नारियल फोड़कर रोड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीईडी के महाप्रबंधक आर के पात्रो, सहायक महाप्रबंधक बी भी चंद्रा, मो काशिफ, राहुल रंजन के अलावा सीईडी, अन्य कर्मी एवं संविदा कर्मी उपस्थित थे।

रोजगार को लेकर जीटीएस आउटसोर्सिंग में झामुमो का चक्का जाम आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। बीसीसीएल एरिया तीन क्षेत्र अंतर्गत आकाशकिनारी में संचालित जीटीएस आउटसोर्सिंग माइनिंग कंपनी में नियोजन व पुर्नवास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को चक्का जाम आंदोलन की शुरूआत की। आंदोलन का नेतृत्व झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी ने किया। इस दौरान शिक्षित बेरोजगार युवाओ को रोजगार देने की मांग की गयी। आन्दोलन को संबोधित करते हुए झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी ने कहा कि आउटसोर्सिंग प्रबंधन से कई बार पत्राचार के माध्यम और एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर आउटसोर्सिंग के आसपास रहने वाले ग्रामीण बेरोजगार युवाओं की नियोजन की मांग को वार्ता का प्रयास किया गया, लेकिन कंपनी प्रबंधन भाड़े के लोगो और अन्य लोगों के इशारे पर चल रहे हैं। ग्रामीणो को पुर्नवास और नियोजन तथा बिजली पानी की मूलभूत सुविधा देने के लिए तैयार नहीं है। इसलिए बाध्य होकर शान्तिपूर्ण तरीके से कंपनी का चक्का जाम आन्दोलन कर रहे है और इस मंच के माध्यम से कंपनी प्रबंधन के कानो तक ये आवाज पहुंचाने का काम कर रहे है की जब तक ग्रामीणो को सुरक्षित स्थान पर पुर्नवास तथा बेरोजगार युवाओ को नियोजन पर सहमति नही बनती है तब तक कंपनी का चक्का जाम आन्दोलन जारी रहेगा। उन्होने कहा की कंपनी गुंडे तथा बिचौलिए के इशारे पर चलना चाहती है लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा माटी की पार्टी है। माटी की सौदा करने वाले बिचौलिए को किसी भी सूरत मे बक्सा नही जायेगा। कंपनी के कुछ गुर्गे अशान्ति फैलाना चाहते है। हम वैसे लोगो को आगाह करते है की सम्भल जाये ये रघुवर दास की सरकार नही है बल्की हेमंत सोरेन की सरकार है और असमाजिक तत्वो को लाल घर में कैद करने में सरकार जरा सी भी देर नही करेगी। आन्दोलन मे रतिलाल टुडू, अर्जुन भुईया, परवेज इकबाल, रितेश अग्रवाल, अनिल उरांव, हेमा पांडेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। खबर लिखे जाने तक आंदोलन शान्तिपूर्ण तरीके से जारी है।

छत से रास्ता बनाने के खिलाफ थाने में शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। लोयाबाद यूको बैंक के समीप आवास के छत पर दरवाजा खोल रास्ता बनाने का मामला बुधवार को थाने पहुंचा। पड़ोसी जयंती शर्मा ने अपने पड़ोसी अधिवक्ता ललन गुप्ता पर आरोप लगाते हुए लोयाबाद थाना मे शिकायत की। शिकायत पर सब इंस्पेक्टर निरंजन महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। जयंती शर्मा ने बताया कि मेरा पड़ोसी अधिवक्ता ललन गुप्ता मेरे आवास के छत की तरफ दरवाजा खोलकर अपने निर्माणधीन दुसरे कमरों में जाने के लिए मेरे छत पर रास्ता बनाकर मेरे छत का इस्तेमाल कर रहा है। इस निर्माण कार्य की जानकारी मिलने के बाद तीन चार दिन पूर्व मे ऐसा नही करने को कहा था। लेकिन मेरे द्वारा मना करने के बाद भी कार्य नही रूका तो पुलिस से शिकायत की। वही इस संबध मे ललन गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जयंती शर्मा अनर्गल आरोप लगा रही है। मेरी मां अपनी जमीन पर निर्माणकार्य करा रही है।इससे मेरा कोई लेना देना नही हैं। पुलिस द्वारा इस मामले को लेकर दोनों पक्षों को गुरुवार को थाने में बुलाया गया है।

कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेसी

बीसीसीएल को टाटा से सीख लेने की जरूरत है: संतोष

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/झरिया। कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह बुधवार को झरिया विधानसभा के बर्फकल डिप धौड़ा पहुंच आम जन मानस से मिले। जहां सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित स्थानीय बुजुर्ग महिला पुरुष व युवा वर्ग अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि स्थानीय लोग पीने की पानी को बूंद-बूंद के लिय तरस रहे है और कोई सुनने वाला नहीं है। लोगों ने संतोष के नाम इस समस्या समाधान के लिये सैंकड़ों लोगों की हस्ताक्षर युक्त प्रतिलिपि सौप अविलंब इस समस्या के समाधान की गुहार लगायी। जिसके बाद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा की पूरे भारत वर्ष में ही नहीं विदेशों में भी अगर कोई कंपनी खनन करती है, तो उस खनन क्षेत्र के तीन किलोमिटर क्षेत्र तक स्वास्थ्य, शिक्षा, पीने की पानी, प्रदूषणमुक्त वातावरण और विद्युत आपूर्ति की जिम्मेदारी खनन कंपनी की होती है। लेकिन यहां बीसीसीएल अपनी जिम्मेवारियों से पीछे भाग रहा है। यहां के सांसद और मजदूर संगठन का बीसीसीएल से सांठ गांठ का नतीजा झरिया की जनता झेल रही है। समीप में टाटा कंपनी भी खनन करती है उनसे भी बीसीसीएल कुछ सीखें। अब झरिया की जनता को समझना होगा यहां के सांसद को वोट की चोट देनी होंगी। श्री सिंह ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि अविलंब बीसीसीएल जीएम से यहां के पानी और प्रदूषण की समस्या पर वार्ता कर समाधान करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झरिया नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव, भगत सिंह, नवनीत नीरज, मुखतार खान, भोला नाथ सिंह, भोला राम, शादीक अमिन,अनील सिंह, जावेद राजा, जितेन्द्र मोदक, इरफान खान चौधरी, बाबू अंसारी, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी,रवि सिंह,राजा प्रसाद गुप्ता,जाहिर अंसारी, अब्दुल अजीज, संजीव सिंह, बबीता देवी, सुनीता देवी, आरिफ आलम, बोबी दादा, बिनोद भगत, अरविंद कुमार, कुन्दन मोदक सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा
PM Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM)

अतिअल्पकालीन पुनः निविदा आमंत्रण सूचना

पुनः ई–निविदा संख्या –02/2023-24/NREP/SIMDEGA दिनांक – 06.06.2023

1. कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि		परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	कार्य अवधि
			अंक में (लाख में)	अक्षर में			
1	बानो	स्वास्थ्य उपकेन्द्र बुरूहोंजेर	55.50	पचपन लाख पचास हजार	10000.00	111000.00	6 माह

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष सिमडेगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूलप्रति जमा करने की तिथि एवं समय :– 21.06.2023 को 3:00 अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.06.2023 को 3:30 पूर्वाह्न तक।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :– 9470162141
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में **कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, सिमडेगा** के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandternders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यापालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा

PR 299403 Rural Development(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, लोहरदगा

भर्त्ती कैम्प संबंधी सूचना

दिनांक 09.06.2023 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

Sl. No	Name of the Employer & Address	Name of the Post	No. of Vacancy	Qualification Required	Age	Pay Scale/Stipend
1	2	3	4	5	6	8
1	VSS Enterprises Plot No. 71, Sector 9, Gurgaon.	Semi skilled (Painting, testing, Quality and time assembled.	500	ITI All Trade	18-28	16493/= Job location Bangalore.
2	Eduvantage Pvt. Ltd., New Delhi.	Trainees (SHO)	50	10th Pass	18-35	12000/= Job location Tamilnadu.
		Trainees	100	10th Pass	18-35	13000/= Job location all over India.
3	SIS Limited, Ranchi.	Security Guard	100	10th Pass	21 and above	10000/= All over Jharkhand.
		Security Supervisor	25	12th Pass	21 and above	13000/= All over Jharkhand.
4	Bajaj Alliance Life Insurance Ltd, Lohardaga.	SSM	12	Inter/Graduation/PG	20 and above	3 lakhs per Anm. Job location Lohardaga.
		SM	10	Inter/Graduation/PG	20 and above	2.5 Lakhs per Anm. Job location Lohardaga.
		ESM	5	Inter/Graduation/PG	20 and above	3.20 Lakhs per Anm. Job location Lohardaga.
		Insurance Advisor	20	Matric/Inter/Graduation	18 and above	Commission Base. Job location Lohardaga.
5	Skill source learning and Technologies Pvt. Ltd., Maharashtra.	Free ITI Course	5000	10th Pass	18-21	11600/= Cource location : Gujarat, Mehsana.

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। **कोविड 19** को देखते हुए सामाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 299397 Lohardaga(23-24).D

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(कृषि प्रभाग)
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, हजारीबाग

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

हजारीबाग जिला के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि PM-Kusum (कृषक ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान) Component-B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिंचाई हेतु सोलर स्टैण्ड एलोन पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर पर किसानों के बीच किया जाना है, जिसकी चयन की प्रक्रिया एवं पात्रता की विवरणी निम्नवत है :–

- इच्छुक किसान जिनके खेतों में ग्रिड कनेक्टीविटी उपलब्ध नहीं है, वह योजना के वेब पोर्टल https://pmkusum.jharkhand.gov.in पर संबंधित दस्तावेजों के साथ 2 एच0पी0, 3 एच0पी0 एवं 5 एच0पी0 क्षमता के सोलर पम्प सेट के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- कृषकों को व्यक्तिगत/सामुदायिक स्तर पर सोलर पम्प सेट (submersible/surface mounted) उपलब्ध करायी जाएगी। कृषकों को पम्प की क्षमता के अनुसार 4''/6''/8''/10'' ब्यास का डीप बोरिंग अपने स्तर से करना होगा। यह योजना का लाभ सभी वर्ग/स्तर के कृषकों को दिया जायेगा, जिनके पास कृषि योग्य भूमि का होना अनिवार्य होगा।
- कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर है, Micro & drip irrigation से जुड़े हुए किसानों एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- उक्त योजना के तहत लाभुक अंशदान की राशि 2HP (AC/DC), 3HP (AC/DC), एवं 5HP (AC/DC) के लिए क्रमशः रू0 5000/–, रू0 7000/, एवं रू0 10000/– मात्र निर्धारित है, जो पम्प क्षमता के अनुसार अनुमोदित होने के पश्चात जमा करना होगा तथा शेष राशि अनुदान के रूप में राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
- JREDA द्वारा जारी वेब पोर्टल पर Online में उपलब्ध विहित प्रपत्र के साथ (आवासीय प्रमाणपत्र/आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/राशन कार्ड), एवं कृषि योग्य भूमि होने का प्रमाण (जमीन की अद्यतन लगान रसीद) पोर्टल पर अंतिम रूप से दिनांक 20 जून 2023 तक अपलोड करना होगा। अंतिम तिथि के बाद किये गये आवेदनों पर विचार नहीं की जायेगी।
- वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले महंगे ग्रिड आधारित/डीजल चालित पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं थे। वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो।
- जिन किसानों/उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर सोलर चालित पम्पसेट योजना का लाभ पूर्व में प्राप्त किया जा चुका है उन किसानों को इस योजना में दुबारा लाभ नहीं दिया जायेगा।
- JREDA द्वारा जारी वेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये Online आवेदनों को जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जायगी। भौतिक सत्यापन के उपरांत स्वीकृत आवेदनों के लिए निर्धारित राशि जमा करना होगा।
- लक्ष्य के अनुसार जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा कृषकों से प्राप्त Online आवेदनों (वांछित अनुलग्नकों के साथ) की जाँच की जायेगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर आवेदनों को स्वीकृत कर Online JREDA कार्यालय को अग्रसारित की जायेगी।
- आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 20 जून 2023 तक होगी।

जिला कृषि पदाधिकारी
हजारीबाग।

PR299394 (Agriculture)23-24*D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 जून, 2023
www.azadsipahi.in
12

बालेश्वर ट्रेन दुर्घटना में ओड़िशा के पीड़ित परिवारों की मदद की पेशकश

नौकरी और निःशुल्क शिक्षा देगा किट : प्रो अच्युत सामंत

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। किट और किस विश्वविद्यालय के परीसर में बुधवार को एक प्रेस मीट का आयोजन किया गया। इसमें किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने कहा कि हम ट्रेन दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिवार के सदस्यों के दुख को कम नहीं कर सकते हैं, लेकिन हम अपने स्तर पर पूरी कोशिश करेंगे कि हम ओड़िशा के मृतक परिवारों को उनकी योग्यता के अनुसार किट और किस में ओड़िशा के प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को नौकरी की पेशकश करके समर्थन देने का प्रयास करेंगे और किट और किस में उनकी योग्यता के अनुसार पहली कक्षा से उच्च स्तर तक उनके बच्चों को निःशुल्क शिक्षा

प्रदान करेंगे। हम उन्हें सूचित करेंगे कि वे नौकरी और मुफ्त शिक्षा के लिए आवेदन कैसे करें।

प्रो सामंत ने कहा कि कोविड-19 के दौरान किट उन सैकड़ों छात्रों की मदद के लिए आगे आया, जिन्होंने वैश्विक महामारी में अपने माता-पिता को खो दिया था। उन्हें मुफ्त शिक्षा दी, कोविड रोगग्रस्त परिवार के सदस्यों को नौकरी दी और विभिन्न माध्यमों से आम लोगों की मदद की। इस भाव को जारी रखते हुए किट ट्रेन दुर्घटना के ओड़िशा के पीड़ितों की मदद और समर्थन के लिए आगे आया है।

प्रो सामंत ने हादसे में जीवन को बचाने हेतु स्थानीय लोगों के प्रयास के लिए धन्यवाद और उनकी प्रशंसा की। उन्होंने ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओड़िशा सरकार के प्रयासों की भी सराहना की जिसके चलते हजारों लोगों की जान बचायी जा सकी। किट और किस विश्वविद्यालय ने दुर्घटना में मरने वाली दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करते हुए पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है तथा रेल हादसे में मरे पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान करने का भरोसा जताता है, जिससे उनके बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

बाहानगा ट्रेन हादसा : एम्स में रखा गया है सभी 83 शवों को

भुवनेश्वर। बालेश्वर बाहानगा ट्रेन हादसे में 288 लोगों की मौत हुई है। इसमें से 205 शवों की पहचान कर उन्हें सौंप दिया गया है, जबकि बाकी 83 शव एम्स में हैं। रेलवे की तरफ से कहा गया है कि मृतक के दावेदार शवों की तलाश के लिए दूसरे अस्पतालों में न जायें, सिर्फ भुवनेश्वर एम्स अस्पतालों में जायें। शव की पहचान के लिए डीएनए मैचिंग करके सौंपने की भी व्यवस्था की गयी है।

ट्रेन के डिब्बे के नीचे शरण लेनेवाले 6 मजदूर कट गये

चार मजदूर गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर/जाजपुर। बालेश्वर बाहानगा हादसे के बाद जाजपुर रोड पर एक और हादसा हो गया है। ट्रेन के डिब्बे के नीचे शरण लेने वाले छह मजदूरों की घटाना स्थल पर मौत हो गयी। चार अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये हैं, उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हादसा बुधवार दोपहर जाजपुर रोड रेलवे स्टेशन के पास हुआ।

एक ओर बालेश्वर ट्रेन हादसे का दुख अभी भी लोगों के दिल से नहीं गया है, वहीं जाजपुर रोड स्टेशन से एक और ट्रेन हादसे की खबर आयी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफी दिनों से वैगन वहां पे खड़ा था उसके नीचे कुछ मजदूर वहां विश्राम ले रहे थे। काल बैशाखी बारिश और हवा के कारण वैगन अपने आप लुढ़क गया। जहां पर छह श्रमिकों की घटाना स्थल पर मौत हो गयी और 4 श्रमिक आहत हुए हैं।

इस संबंध में रेलवे द्वारा आवश्यक कदम उठाया जा रहे हैं। डीआरएम खुर्दा रोड के नेतृत्व में मंडल रेल अधिकारी मौके पर पहुंच कर दुर्घटना का जायजा ले रहे है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती हैं। जेम (GeM) बोली संख्या : GEM/2023/B/3531791, दिनांक 06.06.2023.

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि : धनबाद मंडल के बरवाडीह रनिंग रूम की विभिन्न गतिविधियों (जिसमें हाउस कीपिंग, मेसिंग, बागवानी एवं रहने वाले इच्छुक क्रू को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की (03 वर्षों) 1095 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹4,16,04,959/–, 3. अग्रधन राशि : ₹3,58,000/–, 4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एव समय : ई–निविदा का बंद होना : 27.06.2023 को 14:00 बजे। ई–निविदा का खुलना : 27.06.2023 को 14:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : https://gem.gov.in विशेष : जेम बोली के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/00478/डीएचएन/ईओपीएन/टी/23–24/32

पूर्व मध्य रेल

ई-ऑक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के अंतर्गत निम्नांकित गाडियों के पार्सल लीज दो वर्षों के लिये किये जाने हेतु ई–ऑक्शन का आमंत्रण भारतीय रेल के बेब पोर्टल (आई.आर.ई.पी.एस.) पर किया जाता है :–

क्र. सं.	गाड़ी संख्या	एसएलआर
1	09466 (DBG-ADI)	F1
2	02569 (DBG-NDLS)	F2
3	13032 (JYG-HWH)	F1
4		R1
5	13225 (JYG-DNR)	F1
6	13136 (JYG-KOAA)	F1
7	15554 (JYG-BGP)	F1
8		F2
9		R1
10	18106 (JYG-ROU)	F1
11		F2
12		R1
13	05533 (DBG-JYG)	F1
14		F2
15		R1
16	05534 (JYG-DBG)	F1
17		F2
18		R1

कैटलॉग संख्या : एसपीजे–एसएलआर–60, **अवधि :** ठीका प्रारंभ होने की तिथि से दो वर्षों के लिए।

निविदादाताओं के लिए निर्देश : 01. ऑक्शन प्रपत्र की उपलब्धता : ऑक्शन प्रपत्र आईआरईपीएस के बेबसाईट पर उपलब्ध है। 02. ई–ऑक्शन की तिथि एवं समय : दिनांक 22.06.2023, 10:00 बजे। 03. वेबसाईट का विवरण जिस पर ई–ऑक्शन प्रपत्र उपलब्ध है : ई–ऑक्शन IREPS के बेबसाईट पर ऑनलाईन डाला जाना है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया बेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करे। किसी प्रकार के मैनुअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वा.)/
पूमरे/समस्तीपुर

पीआर/00479/एसपीजे/वा./एन/23–24/56

एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब का सीएसआर कार्यक्रम

महिलाओं और लड़कियों के लिए सिलाई और आत्मरक्षा कक्षाओं का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/भुवनेश्वर। कौशल विकास के साथ स्थानीय महिलाओं और आत्मरक्षा तकनीकों के साथ लड़कियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब (एसएलसी), कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने 20 लाभार्थियों को सिलाई और सिलाई पर इन-हाउस प्रशिक्षण के माध्यम से स्थानीय महिलाओं के लिए तीन महीने की सिलाई कक्षाएं आयोजित करने के लिए सहायता प्रदान की।

इसके अलावा महिला क्लब ने 50 युवा लड़कियों को तीन महीने की आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए अपना समर्थन दिया। दोनों पाठ्यक्रम स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब द्वारा बच्चों के लिए अनाथालय आशा होम के सहयोग से निगम सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत आयोजित किये गये थे। पाठ्यक्रम समापन के अवसर पर मुख्य

अतिथि पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने सफल अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं समापन प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती रेड्डी ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद, प्रतिभागी विभिन्न परिधानों की सिलाई करने में सक्षम हो गये हैं, जो उन्हें आजीविका कमाने के माध्यम से अपने परिवार का समर्थन करने के लिए आत्मनिर्भर बनने में मदद करेंगे। प्रतिभागियों द्वारा आत्मरक्षा पर प्रदर्शन के बाद, उन्होंने कहा कि यह आत्मविश्वास को बढ़ावा देगा और युवा लड़कियों को सुरक्षा प्रदान करेगा, अपने कौशल को तेज करने के लिए नियमित रूप से अभ्यास करने की सलाह दी।

इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती रेड्डी ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद, प्रतिभागी विभिन्न परिधानों की सिलाई करने में सक्षम हो गये हैं, जो उन्हें आजीविका कमाने के माध्यम से अपने परिवार का समर्थन करने के लिए आत्मनिर्भर बनने में मदद करेंगे। आगे आत्मरक्षा कक्षाएं आत्मविश्वास को बढ़ावा देंगी और युवा लड़कियों को सुरक्षा प्रदान करेंगी, अपने कौशल को तेज करने के लिए नियमित अभ्यास करने की सलाह दी।

इस अवसर पर संचिता कोनार, उपाध्यक्ष, लक्ष्मी मूर्ति, उपाध्यक्ष, एमएस राम्या, सचिव, मनसा वर्मा, सचिव (सीएसआर), परमेश्वरी, सांस्कृतिक सचिव, एसएलसी और अमित कुमार बेहरा, वरिष्ठ प्रबंधक (निगम संचार) भी उपस्थित थे। महिला क्लब की सदस्यों ने फलदार पौधे रोपे और स्थानीय लोगों को पौधरोपण के माध्यम से हरियाली को प्रोत्साहित करने के लिए पौधे वितरित किये। महिला क्लब की सदस्यों ने फलदार पौधे पौधरोपण किया और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय लोगों को पौधे बांटे।

बिहार में आइएएस अफसरों का ट्रांसफर

पटना (आजाद सिपाही)। बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने बुधवार को बड़े पैमाने पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) अफसरों को ट्रांसफर कर दिया है। गालीबाजी के लिए चर्चित रहे अफसर केके पाठक का भी इस सूची में नाम है। 1990 बैच के आइएएस अफसर और गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद को जल संसाधन विभाग पटना का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। चैतन्य प्रसाद लघु जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

सीएम ने शोक जताया, मृतकों के परिजनों को 5 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जाजपुर रोड स्टेशन पर ट्रेन से कट कर 6 मजदूरों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल दोनों लोगों को उचित इलाज मुहैया कराने का आदेश दिया है और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

भाजपा मनसाडीह मंडल के सभी मोर्चा की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

राजधनवार। भाजपा के मनसाडीह मंडल के सभी मोर्चा की बैठक बुधवार को हेमरोडीह पंचायत भवन आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव और संचालन महामंत्री अशोक राय ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह शामिल थे। इस बाबत श्री सिह ने आगामी लोकसभा तैयारी को सभी कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिये। कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष

बैठक में मौजूद भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

की कार्यकाल की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। कहा कि झारखंड में भाजपा के कार्यो को अन्य पार्टी अपनी उपलब्धि बता कर जनता को मूर्ख बना रहे हैं, ऐसे में हमें भाजपा द्वारा विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। पुनः 11 जून को बैठक करने की बात बतायी। श्री सिह बैठक के बाद बरजो, हेमरोडीह, ओरखार, माघो आदि कई जगहो में शादी समारोह शामिल हुए। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र राम, बलदेव यादव गुरु चरण प्रसाद प्रियंका यादव, महेश प्रसाद वर्मा, अशोक पांडेय, रविंदर वर्मा, अरुण पासवान बीना देवी, रीता देवी, गुड़िया देवी, पम्मी राज आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

केरल के तट से 400 किमी दूर अटका हुआ है मानसून

नयी दिल्ली। दक्षिण पश्चिम मानसून अगले 48 घंटे में केरल पहुंच सकता है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार मानसून के केरल पहुंचने के लिए कंडीशंस फेवरेबल हैं। मानसून 5 दिन से केरल के तट से 400 किमी दूर अटका हुआ है। अरब सागर में उठे तूफान बिपरजॉय ने मानसून के केरल की तरफ बढ़ने की स्पीड काफी कम कर दी है। उधर एक्सपर्ट्स का कहना है कि मानसून के देरी से आने के बाद भी बारिश सामान्य रहेगी। मौसम विज्ञानी डॉ राजेंद्र कुमार जेनामनी के अनुसार मानसून में देरी हो रही है, लेकिन इससे औसत बारिश में कोई कमी नहीं होगी।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**